सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 02 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 60, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

### युद्ध के चलते चांदी में आ सकती है भारी तेजी

सुरक्षित निवेश के रूप में कीमती धातुओं का रुख करने से बाजार खुलने पर सोना और चांदी की कीमतों में भारी तेजी आने की संभावना है। } 14

### घुसपैठियों की मदद करने से बंगाल के मूल निवासी बन जायेंगे अल्पसंख्यक

केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर घुसपैठियों की मदद करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि इसके कारण पश्चिम बंगाल के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। } 16



# अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर 24 घंटे में गिराये 1200 बम

## ❍ सुप्रीम लीडर खामेनेई समेत लगभग 200 की मौत, 1200 से अधिक लोग घायल, ❍ ईरान ने घोषित किया 40 दिन का राष्ट्रीय शोक









एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान। इजराइल और अमेरिका ने पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इजराइली वायुसेना ने यह जानकारी दी है। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। इजराइल के प्रधानमंती नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी तसनीम और फार्स ने इसकी पुष्टि की।

इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरूआत करने जा रही है। ईरान ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल में एक हमले में 8 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। वहीं, खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ( कफ्रऋउ ) ने कहा, ह्यहमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है। इजराइली सेना ने तेहरान में हमले का फुटेज जारी किया है। इसमें ईरान के रक्षा मुख्यालय समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया था। इजराइल के तेल अवीव में मिसाइल के टकराने से जोरदार विस्फोट हुआ।

अमेरिका और इस्राइल की तरफ से की गई भीषण बमबारी के बावजूद ईरान ने पलटवार जारी रखने की कसम खाई है। देश के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री ने साफ किया है कि ईरान पर युद्ध थोपा गया है। अल जजीरा की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते करीब 40 घंटे से अधिक समय की बमबारी में अब तक 215 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान के अलावा इस्राइल और आसपास के अन्य देशों को मिलाकर 1000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अकेले ईरान में 201 लोग जान ...शेष पृष्ठ 14 पर

**संक्षेप**

### संविदाकर्मी मौत मामले में एक्सीएन, एसडीओ और जेई निलंबित

लखनऊ। लेसा जानकीपुरम जोन कल्याणपुर उपकेंद्र के तहत जगरानी अस्पताल के पास कार्य करते समय संविदाकर्मी परशुराम की मौत के मामले में मध्यांचल विद्युत निगम ने एक्सईएन, एसडीओ, जेई और टीजी-2 को रविवार निलंबित कर दिया। एमडी मध्यांचल रिया केजरीवाल ने एक्सईएन, एसडीओ को बरेली के प्रथम जोन में संबद्ध कर दिया है। 33 केवी लाइन 132 केवी इंदिरानगर ट्रांसमिशन से 26 फरवरी को ब्रेकडाउन ही गई। इसके बाद कर्मचारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर खुर्रमनगर ट्रांसमिशन से आपूर्ति बहाल कराई थी। इसके बाद 27 फरवरी को जूनियर इंजीनियर ने फाल्ट की जगह की पहचान कर लिया था। इसके बाद संविदा कर्मचारी धीरज रावत और 48 वर्षीय संविदा कर्मचारी परशुराम को फॉल्ट ठीक करने के लिए भेजा गया था। कुछ लोगों का कहना है कि परशुराम बिना लाईन बंद किये ही पोल पर चढ़ने लगा लेकिन अचानक हाई टेंशन लाइन में तेज धमाका ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धार्मिक परिसर में ही हों आयोजन, नयी परंपरा की अनुमति नहीं

### श्री काशी विश्वनाथ धाम में नहीं मिलनी चाहिए दर्शनार्थियों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत: योगी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन रविवार को सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पुलिस द्वारा दर्शनार्थियों के साथ दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए।

यहां दुर्व्यवस्था की भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने पुलिस एवं मंदिर प्रशासन को व्यवस्था में उचित सुधार लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में निर्मित दुकानों तक श्रद्धालुओं की पहुंच सुनिश्चित करने के साथ ही विक्रय की जाने वाली सामग्रियों का उचित मूल्य रखा जाए।



धार्मिक संस्थाएं पैसा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि श्रद्धा का स्थल हैं, इसलिए श्रद्धालुओं के लिए इन स्थानों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मैनपावर बढ़ाकर मणिकर्णिका एवं हरिश्चंद्र घाट के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटों एवं मंदिरों के पास निर्माण कार्य के दौरान ऐतिहासिक धरोहरों का प्रत्येक दशा में संरक्षण किया जाए। मुख्यमंत्री ने गोदौलिया में निमार्णाधीन रोप-वे स्टेशन पर यात्रियों के चढ़ने-उतरने की सुद्दढ़ व्यवस्था के अनुसार तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। सीएम ने नगर में सीवरेज एवं वाटर सप्लाई के लिए अमृत-2 योजनांतर्गत कार्यों को व्यवस्थित ढंग से कराए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि कार्यों की सघन मॉनिटरिंग हो, इसमें कहीं भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बेतरतीब कार्य न हों तथा कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से हो। मुख्यमंत्री ने आमजन की सहूलियत को देखते हुए रोप वे का किराया तार्किक रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को और प्रभावी बनाने के लिए मशीनों का उपयोग करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इजराइल में पूरी तरह सुरक्षित हैं भारतीय कामगार

### तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास से सतत समन्वय, हेल्पलाइन नंबर जारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मध्य एशिया में मौजूदा तनावपूर्ण हालात के बीच इजराइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 6,004 निर्माण श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार पूरी तरह सतर्क है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और उनके कुशलक्षेम पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ये सभी श्रमिक वर्ष 2024 में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और इजराइल की सरकारी संस्था पॉपुलेशन, इमिग्रेशन एंड बॉर्डर अथॉरिटी (पीआईबीए) के माध्यम से चयनित होकर इजराइल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में कार्यरत हैं। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास की ओर से जारी सुरक्षा



परामर्श के अनुसार सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने, स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम्ने इजराइल में भारत के राजदूत जे.पी. सिंह से फोन पर वार्ता की। राजदूत ने अवगत कराया कि स्थिति नियंत्रण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नागपुर में विस्फोटक बनाने वाले कारखाने में धमाका

### 18 लोगों की मौत, 24 अन्य घायल, डीएनए से होगी शवों की पहचान



एजेंसी

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में रविवार सुबह हुए शक्तिशाली धमाके में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गयी और 24 अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक निर्माता कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में सुबह करीब 7:15 बजे हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, दिन में बाद में इलाज के दौरान एक और व्यक्ति की मौत के साथ मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि 24 घायल श्रमिकों का नागपुर के दो अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शव बुरी तरह जल चुके थे और उनकी पहचान करना असंभव था। मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवार के सदस्यों के नमूने डीएनए परीक्षण के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम मोदी ने मदुरै में 4,400 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

### 2047 तक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रत्येक भारतीय प्रेरित

एजेंसी

मदुरै। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र का सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है, और उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र समावेशी विकास और राज्य की प्रगति को सक्षम बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यहां 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। प्रत्येक भारतीय 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रेरित है। तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार समावेशी विकास और राज्य की प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु का समृद्ध इतिहास है और आदिचनल्लूर जैसे ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक धरोहर स्थलों के



रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा, पुलिकट झील और पोधिगई मलाई के आसपास की पर्यावरण पर्यटन पहल प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण के साथ-साथ रोजगार के ...शेष पृष्ठ 14 पर

**रमजान मुबारक**



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:16 | 5:02 | 6:08 | 5:14 |

**विशेष खबर**

### सेना, एनडीआरएफ, पुलिस, शिक्षक और हजारों विद्यार्थियों के योगदान से सुजाबाद डोमरी बना 'ऑक्सीजन बैंक'

## काशी ने ढाई लाख पौधे रोपकर तोड़ा चीन का रिकॉर्ड

वाराणसी/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में काशी ने विश्व के पर्यावरण मानचित्र पर रविवार को एक नया इतिहास दर्ज कर दिया। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित 'वृहद पौधरोपण कार्यक्रम' में मात्र एक घंटे की समयावधि में काशीवासियों ने 2,51,446 पौधों का रोपण कर चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषिनाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल को प्रमाणपत्र सौंपा। महापौर ने कहा कि यह महान उपलब्धि पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर सीएम योगी के



कुशल मार्गदर्शन से संभव हो सकी। इस ऐतिहासिक पल को दर्ज करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम सुबह से ही डोमरी में मौजूद रही। नगर निगम और विभिन्न सामाजिक व सरकारी संस्थाओं के समन्वय से सुजाबाद डोमरी के 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए गए इस आधुनिक ह्यशहरी वनह्ण ने आज विश्व पटल पर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है। 10 मार्च 2018 को 1,53,981 पौधों का रोपण कर चीन की हेनान प्रांतीय समिति और हेनान शिफांगे ग्रीनिंग इंजीनियरिंग कंपनी ने विश्व रिकॉर्ड बनाया था। रविवार को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ऋषि नाथ और विश्व रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने मौके पर मौजूद रहकर प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की। ड्रोन कैमरों और आधुनिक डिजिटल गणना तंत्र के जरिए हुई सटीक पुष्टि के बाद ऋषि नाथ ने आधिकारिक रूप से इस नए रिकॉर्ड की घोषणा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## टी-20 वर्ल्डकप सेमिफाइनल में पहुंचा भारत





कोलकाता। वेस्टइंडीज को अहम मुकाबले में पांच विकेट से हराकर भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच गया। अब टीम का सामना पांच मार्च को वानखेड़े में इंग्लैंड से होगा। रविवार को कोलकाता में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने संजू सैमसन की 97 रनों की विस्फोटक पारी की मदद से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह खेले जा रहे टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 195 रन बनाये।

# निश्छल मन को भी उतने ही प्रिय हैं योगी बाबा

- बच्चों पर स्नेह लुटाने का कोई अवसर नहीं छोड़ते सीएम योगी
- संवाद से बच्चों में संस्कार और संवेदनशीलता विकसित करते हैं मुख्यमंत्री
- जापान दौरे पर भी बच्चों से मिलते रहे, श्लोक सुना और भूलने पर बच्चे को मंत्र याद भी कराया



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** काबिले तारीफ है, अंदाज एक-एक काम का, गा रहा है गीत यूपी, योगी जी के नाम का। योगी के नाम का यह गीत न सिर्फ 25 करोड़ प्रदेशवासी, बल्कि निश्छल मन वाले बच्चे भी गा रहे हैं। कानपुर की खुशी की आवाज लौटाने से लेकर लखनऊ की अंजना के मकान को कब्जामुक्त कराने और गोरखपुर की पंखुड़ी की फीस की चिंता करने से लेकर कानपुर की मायरा, मुरादाबाद की वाची, लखनऊ की अनाबी, लखीमपुर खीरी के शिवांशु-अजय कुमार समेत अनेक बच्चों के भविष्य को संवारने का जिम्मा संभालने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बच्चों से अद्भुत बॉन्डिंग है। बच्चे भी उनसे मिलने के लिए उत्सुक रहते हैं।

जापान दौरे पर यामानाशी में भी सीएम योगी को देखने, उनसे मिलने और बाद करने के लिए बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। एक छोटे बच्चे ने उनके सामने ह्यकर्पूरगौरं करुणावतारंह्ण मंत्र का वाचन शुरू किया। एक लाइन भूल जाने पर मुख्यमंत्री ने स्वयं मंत्र को पूरा कर न सिर्फ बच्चे के आत्मविश्वास को बल दिया, बल्कि भारतीय संस्कृति व संस्कार को धारण करने के लिए बच्चे पर अपना स्नेह भी लुटाया। यहां सीएम ने बच्चों के साथ ह्यगुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुःह्ण मंत्र का उच्चारण भी किया। बच्चों ने मुख्यमंत्री के पैर छूकर आशीर्वाद लिया तो मुख्यमंत्री ने भी चॉकलेट देकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। सीएम योगी ने विदेश में रहकर भी भारतीय संस्कारों को जीवित रखने वाले परिवारों की खुलकर सराहना भी की।

25 करोड़ प्रदेशवासियों के मन-मस्तिष्क में सुशासन के प्रतीक योगी आदित्यनाथ जनसेवा और संवेदना की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। जिन मुख्यमंत्री का नाम सुनकर अपराधी कांप उठते हैं, बच्चे सहजता से उनसे अपनी जिद मनवा लेते हैं। योगी आदित्यनाथ का बाल प्रेम उनके कोमल हृदय व सर्वसुलभ होने के साथ-साथ जनसेवा, संवेदना व सुशासन की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता है। मुख्यमंत्री का बच्चों से जुड़ाव और उनके साथ भावनात्मक संवाद समय-समय पर सामने आता रहता है। विगत दिनों जनता दर्शन में मां के साथ आई बच्ची अनाबी अली से सीएम का संवाद चर्चा में रहा। मकर संक्रांति पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोरखनाथ मंदिर में एक बच्चे से और क्या चाहिए पूछना और उसका मासूम जवाब- चिप्स सुनकर खिलखिलाकर हंसना उनके बालप्रेम को प्रकट करता है। उत्तराखंड भ्रमण के दौरान मार्ग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक बच्चे ने फूल भेंट किया तो उन्होंने मासूम को खाने का कुछ सामान दिया। बच्चे ने वह सामान अपने दादा को दे दिया।

गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर में हेलिपैड से उतरते ही उनकी नजर पास के पार्क के गेट पर बच्चों के समूह पर गई तो सीएम उनसे मिलने पहुंच गए। उन्होंने बच्चों से आत्मीयता से बात की और चॉकलेट दीं। एक बार गोरखपुर में उन्होंने कुछ बच्चों को अपने हेलीकॉप्टर में भी बैठा लिया। कानपुर की मूक-बधिर खुशी गुप्ता के हृदय की पीड़ा को यदि किसी ने समझा तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने। मुख्यमंत्री से मिलने की जिद और अकेले पैदल चलकर लखनऊ पहुंचने की जानकारी जब सीएम योगी को मिली तो उन्होंने उसे बुलाकर उसके बनाए चित्रों को स्वीकार किया और उसके शिक्षित-सुरक्षित भविष्य का आश्वासन दिया। सीएम योगी के निर्देश पर खुशी का इलाज हुआ और आज वह बोल-सुन भी रही है। अपनी अनकही भावनाओं को अब वह शब्द दे पा रही है। मेजर की बेटी अंजना भट्ट ने 2025 के आखिरी दिन 31 दिसंबर को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपने मकान पर कब्जे की शिकायत की, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल निर्देश देकर 24 घंटे के भीतर न सिर्फ मकान को कब्जा मुक्त कराया, बल्कि आरोपियों की गिरफ्तारी भी कराई।

जनता दर्शन के जरिए लखनऊ की अनाबी अली, कानपुर की मायरा और मुरादाबाद की वाची का स्कूल में एडमिशन कराना भी सीएम योगी की संवेदनशीलता का हिस्सा है। गोरखपुर की पंखुड़ी की फीस माफ कराने के साथ ही उसे पुनः विद्यालय भेजना भी सुनिश्चित कराने वाले योगी आदित्यनाथ ने संदेश दिया कि 25 करोड़ प्रदेशवासी ही उनका परिवार हैं। जनता दर्शन में कानपुर की रायपुरवा निवासी एक वृद्ध मां कैंसर पीड़ित बेटे का दर्द लेकर पहुंची थीं। उनकी तकलीफ देखकर द्रवित हुए सीएम ने कैंसर पीड़ित को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाकर उसका इलाज प्रारंभ कराया।

# योगी सरकार में आंगनबाड़ी केन्द्रों से सशक्त होता बचपन

**पोषण 2.0 के अंतर्गत बच्चों को पौष्टिक आहार की गारंटी**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाल पोषण को लेकर योगी सरकार ने मजबूती से काम करते हुए देश में एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। पोषण 2.0 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को ताजा गर्म भोजन (हॉट कुक्ड मील) उपलब्ध कराया जा रहा है। इस व्यवस्था के अंतर्गत लगभग 36 लाख बच्चों तक गर्म भोजन पहुंच रहा है। सरकार की यह पहल केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास की समग्र रणनीति से जोड़ा गया है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक पात्र बच्चे को नियमित, संतुलित और गर्म भोजन मिले, जिससे कुपोषण की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। हॉट कुक्ड मील के अंतर्गत 03-06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को माह में 25 दिन तथा वर्ष में 300 दिन अनुपूरक पुष्टाहार प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसी के तहत प्रति लाभार्थी प्रतिदिन 4.50 रुपये की दर से व्यय निर्धारित है।

योगी सरकार ने इस वित्तीय प्रावधान को पारदर्शी और जवाबदेह प्रणाली के माध्यम से लागू करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि धनराशि का उपयोग सीधे बच्चों के पोषण पर हो। इससे न केवल पोषण आपूर्ति की निरंतरता बनी है, बल्कि आंगनबाड़ी व्यवस्था की विश्वसनीयता भी मजबूत हुई है। प्रदेश में हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारम्भ अगस्त 2022 में जनपद अयोध्या में किया गया था। इस औपचारिक शुरूआत के बाद योजना को लगभग साढ़े तीन साल में चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में विस्तारित किया गया। इसके परिणामस्वरूप 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकन और उपस्थिति दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है।

# आजमगढ़ के अविनाश ने बनायी डिजिटल लाइब्रेरी चेन

- बिना गारंटी पांच लाख का ऋण, संघर्ष से आत्मनिर्भरता तक की यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम दे रहा है। आजमगढ़ के 25 वर्षीय अविनाश सिंह इसकी सशक्त मिसाल बनकर उभरे हैं। सीमित संसाधनों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने सरकारी योजना का लाभ उठाकर न केवल स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया, बल्कि पांच युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराया।

बीएससी गणित की पढ़ाई इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी करने वाले अविनाश एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। परिवार में माता-पिता तथा पांच भाई बहन हैं। बड़ा बेटा होने के कारण घर की आर्थिक जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। परिवार की सीमित आय और भविष्य की चिंताओं के बीच उन्होंने रोजगार की तलाश के बजाय उद्यमिता का रास्ता चुना। जनवरी 2025 में उन्हें ऑनलाइन माध्यम से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के बाद उन्होंने जिला उद्योग केंद्र में संपर्क किया और आवश्यक दस्तावेज जमा कर आवेदन प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों के मार्गदर्शन से उनका आवेदन शीघ्र स्वीकृत हुआ। फरवरी 2025 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से उन्हें पांच लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। यह ऋण बिना किसी गारंटी और बिना कुछ गिरवी रखे मिला। 21 फरवरी को पहली किस्त के रूप में 2 लाख 57 हजार रुपये और एक सप्ताह बाद दूसरी किस्त के रूप में 1 लाख 53 हजार रुपये सीधे उनके खाते में जमा किए गए। योजना के तहत ब्याज में भी विशेष राहत प्रदान की गई है।

प्राप्त राशि से अविनाश ने आजमगढ़ में ह्यविद्या डिजिटल लाइब्रेरीह्ण की स्थापना की। यहां छात्रों को आधुनिक डिजिटल संसाधनों के माध्यम से ऑनलाइन अध्ययन की सुविधा दी जाती है। वर्तमान में इस उद्यम से उन्हें प्रतिमाह 30 हजार रुपये से अधिक की आय हो रही है, साथ ही वे 10 हजार रुपये से अधिक की मासिक किस्त जमा कर रहे हैं। व्यवसाय की सफलता से उत्साहित होकर अविनाश ने आजमगढ़ में ही दूसरी डिजिटल लाइब्रेरी भी शुरू कर दी।

# केशव मौर्य ने होली की दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रंग, उमंग और सद्भाव के पावन पर्व होली की सभी देश व प्रदेशवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं।



अपने शुभकामना संदेश में श्री मौर्य ने कहा है यह मंगल पर्व सभी के जीवन में अपनों का प्यार बनाए रखें, आपसी भाईचारा बढ़े और हर व्यक्ति राष्ट्र निर्माण भावना से प्रेरित होकर आगे बढ़े। आपसी प्रेम और भाईचारा का प्रतीक यह रंगोत्सव सभी के जीवन में खुशियों के रंग लेकर आये। यह त्यौहार सामुदायिक सद्भाव और मेल-मिलाप का जीवन्त उदाहरण है।

कहा कि मेरी कामना है यह त्यौहार सभी के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करें। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। हम सभी लोग अपनी गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप उमंग, उत्साह के रंगों के वातावरण मे होली मनाएं। ऐसा कोई कार्य ना करें, जिससे किसी की पवित्र भावना को कोई ठेस पहुंचे।

# वैश्विक निवेश, टेक्नोलॉजी और भरोसे के दम पर बदलता यूपी

- वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा प्रदेश, सिंगापुर-जापान दौरे ने खोले नये द्वार
- बेहतरीन कानून व्यवस्था और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से बना निवेश का आधार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। यह वही प्रदेश है, जिसे नौ साल पहले अत्यधिक जनसंख्या और पिछड़ेपन के संदर्भ में देखा जाता था। आज वही उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश, अत्याधुनिक तकनीक और निर्णायक नेतृत्व के बल पर 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर आत्मविश्वास से बढ़ रहा है। यह बदलाव आकस्मिक नहीं है। इसके पीछे एक स्पष्ट विजन, कठोर प्रशासनिक इच्छाशक्ति और निवेशकों को दिया गया भरोसेमंद वातावरण है। हालिया सिंगापुर और जापान दौरे से लौटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे उत्तर प्रदेश के लिए विश्वास और अवसर का नया अध्याय बताया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह दौरा केवल निवेश जुटाने का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि उत्तर प्रदेश के बदलते विकास मॉडल को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर था।

हालिया सिंगापुर-जापान दौरा केवल एक शिष्टाचार यात्रा नहीं था। यह आर्थिक कूटनीति का सुविचारित प्रयास था। सरकार-से-सरकार, सरकार-से-व्यवसाय और उद्योग-से-उद्योग संवादों के माध्यम से 60 से अधिक उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। नतीजा, जापान में लगभग 90,000 करोड़ रुपये के एमओयू और 1.5 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्ताव तथा सिंगापुर में 60,000 करोड़ रुपये के एमओयू और लगभग 1 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। कुल मिलाकर 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को मुख्यमंत्री ब्रांड यूपी पर वैश्विक भरोसे की मुहर मानते हैं।

उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश अब निवेशकों के लिए केवल संभावनाओं का प्रदेश नहीं, बल्कि क्रियान्वयन की क्षमता वाला राज्य बन चुका है। उत्तर प्रदेश अब निवेश मानचित्र पर उभरता विकल्प नहीं, विश्वसनीय गंतव्य बन चुका है। किसी भी निवेश का पहला आधार आंकड़े नहीं, विश्वास होता है। उत्तर प्रदेश में यह विश्वास दो स्तरों पर निर्मित हुआ है। पहला राष्ट्रीय नेतृत्व की वैश्विक साख और दूसरा प्रदेश नेतृत्व की प्रशासनिक दृढ़ता। मुख्यमंत्री का मानना है कि पिछले वर्षों में प्रदेश ने कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और सेक्टोरल नीतियों में जो संरचनात्मक सुधार किए हैं, उसी का परिणाम है कि सिंगापुर और जापान जैसे विकसित देशों के निवेशक बड़े पैमाने पर राज्य में रुचि दिखा रहे हैं। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर नीति, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स हब जैसे प्रोजेक्ट्स को सीएम योगी इस भरोसे की आधारशिला बताते हैं। जापान और सिंगापुर दौरे की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि फोकस केवल पूंजी निवेश पर नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और कौशल विकास पर भी रहा। दौरे के दौरान ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन एनर्जी, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, फिनटेक, मेडिटेक व डीपटेक जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाश की गईं।

मुख्यमंत्री के अनुसार, यदि उत्तर प्रदेश को दीर्घकालिक औद्योगिक शक्ति बनाना है तो उसे भविष्य की तकनीकों से जुड़ना ही होगा। किसी भी औद्योगिक विकास की सबसे मजबूत नींव कानून व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्षों में इस क्षेत्र में निर्णायक सुधार किए हैं। माफिया और संगठित अपराध पर सख्ती, निवेशकों की सुरक्षा की गारंटी और प्रशासनिक जवाबदेही ने प्रदेश की छवि को बदला है। आज निवेशक उत्तर प्रदेश को एक स्थिर, सुरक्षित और सुनियोजित नीति वाले राज्य के रूप में देखते हैं, जो बड़े निवेश के लिए अनिवार्य शर्त है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट मत है कि मजबूत कानून व्यवस्था के बिना औद्योगिक विकास संभव नहीं है। वह कहते हैं कि पिछले वर्षों में माफिया और संगठित अपराध पर सख्ती तथा प्रशासनिक जवाबदेही ने प्रदेश की छवि बदली है।

# विद्युत सखियों ने रचा इतिहास ओटीएस में बना रिकॉर्ड

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की

- महिला सशक्तिकरण का सशक्त मॉडल बना विद्युत सखी अभियान

दीदियाँ आज विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के गतिशील नेतृत्व के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। विद्युत बिल कलेक्शन में दीदियों की सक्रिय भागीदारी और उससे अर्जित आय में निरंतर वृद्धि को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के विजन को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस कार्यक्रम से महिलाओं की आमदनी में वृद्धि तो हो ही रही है, साथ ही समाज में उनका मान-सम्मान और प्रतिष्ठा भी निरंतर बढ़ रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मध्य हुए अभिसरण के परिणामस्वरूप संचालित विद्युत सखी कार्यक्रम आज ग्रामीण महिलाओं के नेतृत्व में परिवर्तन की एक सफल और प्रेरक कहानी बन चुका है ।वहीं दूसरी ओर हजारों महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक आय का सशक्त माध्यम भी बनी है। मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, दीपा रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत से अब तक विद्युत सखियों की ओर से 3,227 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल संग्रह किया जा चुका है। रू 1.40 करोड़ बिलों का सफल संग्रह करते हुए रू 42 करोड़ से अधिक का कमीशन अर्जित किया गया है। फरवरी 2026 तक प्रदेश में 15,413 सक्रिय विद्युत सखियां फील्ड में कार्यरत हैं, जो ग्रामीण उपभोक्ताओं तक अंतिम छोर तक सेवाएँ पहुँचा रही हैं।

# सरकार बनाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना हैं कामयाबी के लिए एकजुट होकर लड़ना है। सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करने लिए लोकतंत्र, संविधान, धर्मनिरपक्ष और समाजवाद को बचाना है।

रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के झूठ, भ्रम और षडयंत्र से सावधान रहना है। भाजपा पीडीए को बदनाम करने के लिए कुप्रचार करेगी। भाजपा अपने विरोधियों को झूठे मुकदमों में फंसाती है। पीडीए पॉजिटिव विचार है जबकि भाजपा का एनडीए निगेटिव है। प्रोगेस के लिए पीडीए का विचार दिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार से पीड़ित, दुःखी अपमानित लोग एकजुट होकर पीडीए के साथ है। भाजपा हर वर्ग को अपमानित कर रही है। पूज्यनीय शंकराचार्य जी को अपमानित किया। गंगा जी में स्नान नहीं करने दिया। भाजपा ने शंकराचार्य जी को दुःखी किया है। समाजवादी पार्टी सभी महापुरुषों का सम्मान करती है। भाजपा जनता का भरोसा खो चुकी है। आम जनता समाजवादी सरकार बनाने का फैसला ले चुकी है। आज किसान, नौजवान, महिलाएं और व्यापारी सहित हर वर्ग परेशान और त्रस्त है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौ साल में कोई कार्य नहीं किया। कहीं कोई निवेश नहीं आया। अब मुख्यमंत्री के पास समय नहीं बचा तो विदाई से पहले घूमने गये थे। मुख्यमंत्री जापान गए लेकिन क्यूटो क्यों नहीं गए? भाजपा सरकार अब तक सबसे निकृष्ट सरकार है। कहीं कोई विकास नहीं दिखाई देता है।

# ग्राम पंचायतों में आज से चलेगा स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** प्रदेश में होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत 2 से 4 मार्च तक पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में व्यापक स्वच्छता और सैनिटाइजेशन अभियान चलेगा। सीएम योगी ने अफसरों को त्योहार को लेकर सफाई व्यवस्था पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत सभी डीएम और सीडीओ मॉनिटरिंग करेंगे।

इस अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में कार्यक्रम स्थलों, घाटों, तालाबों, अमृत सरोवरों और स्नान स्थलों की सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और अपशिष्ट निस्तारण जैसे कार्य किए जाएंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि होलिकोत्सव से पहले और बाद दोनों अवधि में कार्यक्रम स्थलों पर विशेष सफाई सुनिश्चित की जाए। पंचायतीराज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा है कि कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत सभी अपशिष्ट पदार्थों का समुचित निपटान किया जाए।

# एनजीएसपी पर शिकायतों के निस्तारण में शीर्ष 4 प्रदेशों में यूपी शामिल

- नागरिकों की रेटिंग के अनुसार देश में उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचन संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (एनजीएसपी 2.0) संचालित है, जिसमें नागरिकों की ओर से अपनी शिकायतों एवं प्रश्नों को दर्ज और ट्रैक किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायत दर्ज करने के लिए मोबाइल नंबर अथवा ईमेल आईडी अनिवार्य है। प्रत्येक शिकायत के निस्तारण के लिए एक निश्चित समय अवधि निर्धारित की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अवधि में प्रदेश में एनजीएसपी पर माह फरवरी 2026 में 22,469 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसके सापेक्ष कुल 21,864 (97.3 प्रतिशत) शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश को पूरे देश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। उत्तर प्रदेश द्वारा शिकायतों के निस्तारण में पूरे देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है।

उत्तर प्रदेश के ऊपर मिजोरम, लद्दाख तथा उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य हैं, जहां प्राप्त होने वाली शिकायतों की संख्या बहुत ही कम है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के निस्तारण के लिए किया गया कार्य सराहनीय है। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ता संतुष्ट होते हुए 1 से 3 तक अंक दिये जाते हैं। नागरिकों की ओर से गई रेटिंग के अनुसार देश में उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

# मनरेगा मजदूरों की बकाया राशि का तुरंत भुगतान करें सरकार : अजय राय

- गरीबों, मजदूरों से झूठा वायदा कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय पर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। यह संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय राय जी एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आरपी गौतम ने सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में सांसद तनुज पुनिया, वाइस चेयरमैन मीडिया मनीष हिन्दवी, प्रवक्ता सचिन रावत, संजय दीक्षित एवं सिद्धि श्री मौजूद रहीं। प्रेसवार्ता में दो गम्भीर मुद्दों पर चर्चा की गयी।

प्रेसवार्ता में आरपी गौतम ने कहा कि आज गोरखपुर के चौरी चौरा में दलित सम्मान समारोह का आयोजन होना था जिसमें शामिल होने के लिए मैं लखनऊ एयरपोर्ट से गोरखपुर जाना चाहता था लेकिन मुझे पुलिस अधिकारियों ने एयरपोर्ट से बाहर आते ही मुझे रोक लिया, और पूछने पर बताया कि कार्यक्रम की अनुमति को रात में ही रद्द कर दिया गया। कारण पूछने पर उन्होंने बताया आगामी होली के त्यौहार के कारण यह अनुमति रद्द कर दी गयी। इसलिए आप वहां नहीं जा सकते। जबकि इस जनसभा की अनुमति संवैधानिक तरीके से ली गयी थी फिर अचानक मुझे रोकना हमारे संवैधानिक अधिकारों का हनन है। क्या अनुमति लेकर सभा करना असंवैधानिक है।

प्रेसवार्ता में आरपी गौतम दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर चर्चा करना उनके अधिकारों के लिए लड़ना क्या असंवैधानिक है। होली तो केवल एक बहाना है। आज उत्तर प्रदेश में दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहें हैं इसलिए सभी वर्ग भाजपा से मुक्त होने के लिए छटपटा रहे हैं। उप्र में जंगल राज चल रहा है। सभी राजनेता, अधिकारी जनता के सेवक हैं कोई संविधान के ऊपर नहीं है। लेकिन वर्तमान सरकार में मुख्यमंत्री जी और उनके कुछ लोग स्वयं \को संविधान से ऊपर समझते है। सरकार हमारी आवाज को असंवैधानिक तरीके से दबा नहीं सकती। इस अत्याचार का जबाव सड़क और सदन में दिया जायेगा।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा घबराई हुई है इसीलिए हमारे राष्ट्रीय चेयरमैन अनुसचित जाति विभाग को अचानक बिना बताये एयरपोर्ट से आगे नहीं जाने दिया। कांग्रेस पार्टी हमेशा मजदूरों, किसानों के साथ खड़ी रही है। दो दिन बाद होली का त्यौहार है लेकिन मनरेगा मजदूरों का, कर्मियों का, मिस्त्रियों का, आपूर्तिकताओं का, महिला मेट का अभी तक भुगतान नहीं किया गया। क्या यह सब लोग भूखे पेट त्यौहार मनाऐंगे। इन सबका (अकुशल मजदूरी, कुशल मजदूरी एवं सामग्री बकाया) कुल 1600 करोड़ रुपए बाकी है।

श्री अजय राय ने कहा कि यह चेतावनी है कि 10 दिनों के अन्दर मनरेगा मजदूरों एवं कर्मियों का भुगतान सरकार नहीं करती तो प्रदेशव्यापी आन्दोलन किया जायेगा। भाजपा सरकार यह न समझे कि गरीबों की आवाज दबा दी जायेगी। इस सरकार की प्रसाशनिक विफलता का अलम यह है कि मुख्यमंत्री ने 2021 में मनरेगा कर्मियों की बेहतरी के लिए कुछ योजनाये घोषित की थी, जिसमें चौबीस आकस्मिक अवकाश व 12 चिकित्सा अवकाश मिलेगा। किन्तु 2024 में सम्बन्धित विभाग से आरटीआई के माध्यम से पूछा गया तो विभाग ने कहा कि हमारे पास ऐस कोई आदेश नहीं आया है। मुख्यमंत्री जी गरीबों, मजदूरों से झूठा वायदा करते हैं और उनके भविष्य के साथ खिलबाड़ करते हैं। मनरेगा मजदूरों के अलावा तमाम आउटसोर्सिंग कम्पनियों के कर्मचारियों, मजदूरों को भी अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। जबकि मुख्यमंत्री जी स्पष्ट घोषणा की है कि होली के पहले सभी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान कर दिया जाए।

# धूमधाम से मना नीतीश कुमार का जन्मदिन

- पूजन, हवन, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 75वां जन्म दिन जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय पर धूम धाम से मनाया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी के चित्र के सामने केक काटा गया और उनके स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना करते हुए केक और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी गई। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल जी ने बदायूं से उत्तर प्रदेश के समस्त कार्यकताओं से अपने संदेश में कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री जी के विचारों एवं बिहार सरकार द्वारा कराए जाने वाले जनकल्याणकारी कार्यक्रमो को जनता के बीच ले जाने एवं उत्तर प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने का संकल्प लें। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय भवन के प्रांगण में पार्टी के नेतागणों द्वारा वृक्षारोपण किया भी गया।



प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर पटेल, प्रदेश महासचिव सुभाष पाठक, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा, पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ जितेन्द्र सिंह सचान, एस के सचान, बिहार प्रदेश युवा जदयू के प्रदेश महासचिव अजय पटेल, बौद्ध अरविंद सिंह पटेल, बरिष्ठ नेता मुसाफिर सिंह, आशुतोष सिंह, अवधेश सिंह, बृजभूषण सिंह, विवेक सिंह, फूल चन्द्र आर्या, किरन द्विवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्टी के जिला इकाई जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में हवन, पूजन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन आशियाना लखनऊ में किया गया। इसके अलावा जनता दल यूनाइटेड जिला लखनऊ के जिला अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान जी मन्दिर में हवन पूजन कर नीतीश कुमार के दीघार्यु की मंगल कामना की गई।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष नंदन, वरिष्ठ समाजसेवी आशीष घोष, पूर्व पार्षद विद्यावति तृतीय कमलेश सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे जिला कार्यकारिणी से उपाध्यक्ष धनंजय तिवारी, सिंहासन सिंह, विशाल श्रीवास्तव, नीमेश शरना, रंजीत कश्यप, प्रशांत सिंह, प्रशांत कुमार, विनय कुमार, अनुराग श्री वास्तव ललित वर्मा, नितिन सिंह, राजीव शर्मा, नवनीत सिंह, सचिन सिंह, पार्षद प्रतिनिधि शालू सरदार, अंकुश शर्मा, पियूष आदि और भारी संख्या मे आम जनता उपस्थित थे।

# सीएम ने काशी विश्वनाथ धाम में किया पूजन-अर्चन

## काशी के कोतवाल काल भैरव के चरणों में झुकाया शीश

- हैप्पी होली बाबा जी, सीएम ने दुकानों पर बैठे बच्चों से भी किया संवाद

विशेष संवाददाता (vol)

**वाराणसी।** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने बाबा विश्वनाथ व काशी कोतवाल काल भैरव का दर्शन-पूजन किया। जापान व सिंगापुर से लौटने के बाद मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर रविवार को काशी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर व आसपास की दुकानों पर बैठे बच्चों से भी संवाद किया और उन्हें चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया।

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ रविवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। दौरे के पहले ही दिन उन्होंने बाबा काल भैरव के दरबार में पहुंचकर दर्शन-आरती की। यहां मंदिर परिसर में बच्चों को चॉकलेट दिया। फिर बाहर निकले तो आसपास की दुकानों पर बैठे बच्चों से संवाद किया। आसपास के लोगों ने मुख्यमंत्री को तथा मुख्यमंत्री ने आसपास के लोगों को होली की बधाई दी।



मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम भी पहुंचे। गर्भगृह में प्रवेश कर उन्होंने लोक मंगल और जनकल्याण की कामना के साथ बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन-अभिषेक किया। सीएम ने यहां बाबा की आरती व विधिविधान से पूजा भी की। मुख्यमंत्री ने यहां से निकलते समय श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। मुख्यमंत्री के दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब काल भैरव मंदिर से निकले तो बाहर दुकानों पर कुछ बच्चे बैठे दिखे। मुख्यमंत्री को देखकर बच्चों ने कहा हैप्पी होली बाबा जी। इस पर मुख्यमंत्री मुस्कुराए और बच्चों के पास पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने बच्चों से हालचाल जाना, फिर पढ़ाई के बारे में भी पूछा। बच्चों ने भी मुख्यमंत्री के प्रश्नों का जवाब दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को होली की शुभकामना दी, फिर चॉकलेट भी प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक लस्सी विक्रेता से कहा कि दही ढककर रखा करो।

## होली पर सफाई व पेयजल की अच्छी व्यवस्था होः एके शर्मा

**लखनऊ।** नगर विकास एके शर्मा ने होली पर नगर निकायों व संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, सीवर व्यवस्था व निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेशवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। उन्होंने होलिका दहन व होली पर्व के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि होली भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण एवं पारंपरिक पर्व है, जो आपसी प्रेम, सौहार्द, समरसता और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और खुशियां साझा करने की प्रेरणा देता है। सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए उत्सव को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।

उन्होंने विशेष रूप से प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल रंगों से होली खेलने का आग्रह किया है। सिंथेटिक एवं रासायनिक रंग न केवल त्वचा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं। इस वर्ष होली के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दें। स्वच्छ एवं सुरक्षित होली मनाकर हम स्वच्छ प्रदेश-स्वस्थ प्रदेश के संकल्प को भी साकार कर सकते हैं।

## होली के दौरान 108 एंबुलेंस सेवा हाई अलर्ट पर

- किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए डायल करें 108

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होली के दौरान 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे हाई अलर्ट पर रहेंगी। सरकार की ओर से निर्देश मिलने के बाद सभी एंबुलेंसों को अलर्ट पर रहने के लिए विशेष निर्देश जारी कर किए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर 108 नम्बर डायल करें, एंबुलेंस कुछ ही देर में मदद के लिए उपलब्ध होगी।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज को उत्तर प्रदेश में 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी दी है। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि होली को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 24/7 निर्बाध एंबुलेंस सेवाएं सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। त्योहार के दौरान 108 एंबुलेंस रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को एंबुलेंस से न्यूनतम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सके।

टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ ही सभी एंबुलेंस से में स्टाफ एवं ऑक्सीजन, दवा व अन्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। 108 एंबुलेंस जल्द ही पहुंचकर हॉस्पिटल ले जाएगी। सभी एंबुलेंस में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध रहता है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से यह सेवा सभी के लिए फ्री है। त्योहार के दौरान गर्भवती महिलाओं व 2 साल तक बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

# सरोजनीनगरः 43 का हुआ निःशुल्क नेत्र परीक्षण



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में आपका विधायक आपके द्वार अभियान के अंतर्गत 158वां जनसुनवाई शिविर ग्राम आदमपुर इंद्रवारा में आयोजित किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के सहयोग से आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूर्ण कराई गईं। हॉस्पिटल के सहयोग से 43 वरिष्ठजनों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। जबकि शिवराज, विशुना और विशुना देई का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है।

गांव की शान कार्यक्रम के अंतर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। युवाओं में खेल भावना और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए स्पोर्ट्स किट वितरित की गई। साथ ही 108वें गर्ल्स यूथ क्लब एवं 172वें बॉयज यूथ क्लब का गठन कर युवाओं को सामाजिक सहभागिता, संगठनात्मक विकास और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

शिविर में कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 3 का मौके पर ही निस्तारण कर त्वरित समाधान किया गया। तारा शक्ति निशुल्क रसोई के माध्यम से भोजन वितरित किया गया। विधायक डॉ राजेश्वर सिंह का कहना है कि आपका विधायक आपके द्वार केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनसेवा की सतत साधना है, जहां संवाद ही समाधान का माध्यम है और लोकतंत्र नागरिकों के द्वार तक सशक्त रूप में पहुंचता है।

## निकाय कर्मियों को संपत्तियों का ब्योरा देने का निर्देश



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कार्मिक विभाग के निर्देश के आधार पर निकाय के बचे हुए कर्मियों को 10 मार्च तक अनिवार्य रूप से संपत्तियों का ब्योरा देने का निर्देश दिया गया है। अपर निदेशक ऋतु सुहास ने इस संबंध में निकायों को भेजे निर्देश में कहा है कि जिन कर्मियों ने अभी तक संपत्तियों की जानकारी ऑनलाइन मानव संपदा पोर्टल पर नहीं दी है, वे अनिवार्य रूप से तय समय तक दे दें। इसके बाद ही उनका जनवरी और फरवरी का वेतन दिया जाएगा। तय समय तक संपत्तियों की जानकारी न देने वालों का वेतन नहीं मिलेगा।

# कान्हा उपवन को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

- गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस अवार्ड वाली प्रदेश की पहली गोशाला बना कान्हा उपवन
- अंतरराष्ट्रीय मानकों पर उत्कृष्ट व्यवस्थाएं बनाए रखने पर मिला जीएमपी प्रमाण पत्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नगर निगम की ओर से निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और बेहतर प्रबंधन के लिए संचालित नादरगंज-अमौसी स्थित कान्हा उपवन गौशाला ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अंतरराष्ट्रीय मानकों पर उत्कृष्ट व्यवस्थाएं बनाए रखने के कारण कान्हा उपवन को आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र के बाद अब जीएमपी (गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस) प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

यह प्रमाण पत्र अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन की ओर से गौशाला की व्यवस्थाओं, प्रबंधन प्रणाली तथा अभिलेखों के विस्तृत निरीक्षण के बाद दिया गया। इसके लिए फरवरी माह में आवेदन किया गया था, जिसके बाद विशेषज्ञ टीम ने पिछले महीने स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। गुणवत्ता पूर्ण प्रबंधन प्रणाली को ध्यान में रखते हुए कान्हा उपवन को यह सम्मान मिला है। लगभग 10 हजार से अधिक गोवंशों के संरक्षण, भरण-पोषण, चिकित्सा और देखभाल की व्यवस्था करने वाली कान्हा उपवन गौशाला प्रदेश की ऐसी पहली नगर निगम संचालित गौशाला बन गई है, जिसे इतने बड़े स्तर पर पशु संरक्षण के साथ जीएमपी प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।

वर्तमान में यहां करीब 10 हजार निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। इससे पूर्व वर्ष 2024 में भी कान्हा उपवन को आईएसओ प्रमाणन मिल चुका है, जिससे इसकी व्यवस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली थी। कान्हा उपवन की स्थापना वर्ष 2012 में तत्कालीन महापौर एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा की प्रेरणा से निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और देखभाल के उद्देश्य से की गई थी।

लखनऊ नगर निगम द्वारा समय-समय पर इसका विस्तार और सौंदर्यीकरण किया जाता रहा है। प्रदेश सरकार और नगर निगम की ओर से गोवंश संरक्षण के लिए किए जा रहे लगातार प्रयासों का ही परिणाम है कि कान्हा उपवन को यह अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। यह प्रमाण पत्र तीन वर्षों तक वैध रहेगा। महापौर सुषमा खर्कवाल तथा नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव और पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हो सकी। नगर निगम क्षेत्र में घायल, बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त पशुओं को निरंतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने जैसी बड़ी जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हुए गौशाला ने यह मुकाम हासिल किया है।

**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा कान्हा उपवन :** कान्हा उपवन गौशाला आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी लगातार कार्य कर रही है। यहां गोवंश से प्राप्त गोबर का उपयोग बायो-सीएनजी उत्पादन में किया जा रहा है। वहीं दूध को कर्मचारियों के बच्चों में वितरण के बाद शेष दूध की बिक्री की जाती है, जिससे नगर निगम को प्रतिमाह लगभग 3 लाख रुपये की आय प्राप्त होती है। इसके अलावा गौपालकों के बच्चों के लिए कान्हा उपवन विद्यालय के माध्यम से निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था भी की गई है।

# त्योहार में बस के अन्दर कोरियर पैकेट मिला तो चालक जिम्मेदार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** त्योहार शुरु होते ही बसो में भीड़ होना शुरु हो जाता है। भीड़ होने का फायदा चालक कोरियर का माल बस मे रखकर एक जिले से दूसरे जिले में ले जाने का कार्य करने लगते है जिससे प्रतिदिन हजारो रुपये परिवहन विभाग का नुकसान करके चालक कमाई करने लगते है। एक जिले से दूसरे जिले में जाने वाले यात्रियों के साथ समान ज्यादा है तो उससे परिचालक मनमाना दाम भी वसुल रहे है। मजबूरी मे यात्री परिचालक को पैसे देने का कार्य कर रहे है।

परिवहन निगम के बसों में सवारी नही मिलने से विभाग को प्रतिदिन लाखो का नुकसान हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ चालक-परिचालक बसों में कुंतलो में माल रखकर एक जगह से दूसरे जगह ले जा रहे है। जिसके एवज में यात्री से मोटी रकम वसुल रहे है। नियम के मुताबिक 50 किलो से अधिक माल होने पर नियमतह परिचालक को समाग्री का रसीद काटकर विभाग में पैसा जमा करना चाहिए। लम्बी दूरी की बसो में चालक परिचालक यात्रियों से माल ढुलाई के नाम पर हजारों रुपए वसुल रहे है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों को हवा तक नही लगने दे रहे है। 50 किलो तक वजन पर नियमतः 91 रुपए लगते है जबकी 200 से 300 रुपए तक चालक और परिचालक यात्रियों से वसुल रहे है। गोरखपुर से लखनऊ आ रही जनरथ बस में चालक ने पहले समान बस में रख लिया और जब लखनऊ आया तो उससे अधिक पैसे की मांग करने लगा जिससे यात्री और चालक में घंटो बहस होती रही। किसी तरह यात्रियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

यात्री का कहना था कि चालक समाग्री होने पर रसीद नही काट रहा था। बिना रसीद के ही के समान ले जाने को बोला और जब माल पहुंच गया तो दो गुना दाम मांगने लगा। जिससे चालक और परिचालक के साथ बहस हुई। लखनऊ के क्षेत्रिय प्रबंधक का कहना है कि नियम से अधिक माल बस के अन्दर रखा गया है तो उसका पैसा पड़ेगा। इसके लिए जगह-जगह कैमरे से लैस अधिकारियों को जांच के लिए लगाया गया है।

## यात्री को बस स्टाफ पर नही उतारा तो चालक परिचालक का कटेगा वेतन

**लखनऊ।** चालक-परिचालक अब यात्री को यात्रा के दौरान बीच सड़क पर नही उतार सकते है। ऐसा करने पर चालक और परिचाल के वेतन से कटौती किया जायेगा। यात्रियों को सुरक्षित सफर के लिए बस ड्राइवरों को कई बातों का ध्यान रखना होगा। इसी के मद्देनजर बस चालकों की काउंसलिंग की जाएगी। बसों की निर्धारित गति सीमा, मादक पदार्थो के सेवन न करने के लिए जागरूक किया जाएगा जिससे यात्रियों को सुरक्षित और समय से बसें मिल सकें। चालक बीच सड़क पर यात्री उतारता है और यात्री लिखित शिकायत करता है तो उसके वेतन से पैसा काटा जायेगा। परिवहन निगम के एमडी ने क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि बस संचालन के दौरान ड्राइवरों पर नजर रखें। एक्सप्रेस वे और राजमार्गो पर ओवरटेक से बचें। यात्रियों को सड़क के बजाए किनारे बस रोककर सवारियों को उतारें और चढ़ाएं।

एमडी ने कहा कि किसी भी दशा में ड्राइवर बस चलाते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करेंगे। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों और अंधे मोड़ पर सावधानी बरतनी होगी। यात्रियों से नम्रतापूर्ण और सौहार्दपूर्ण व्यवहार करना होगा। अधिकृत फूड प्लाजा और ढाबों पर ही बसों का ठहराव करें। जिससे कि किसी भी यात्री को खाने-पीने की समस्या न हो। यात्री की किसी भी समस्या पर चालक परिचालक को ध्यान देना चाहिए। बीते दिनो लखनऊ से गोरखपुर जारी एसी जनरथ बस में बैठे यात्री को परिचालक ने बीच रास्ते में ही उतार दिया था। यात्री के छोटे-छोटे बच्चे सड़क पर बैठे रहे। जिसकी शिकायत मुख्यायल स्तर पर हुई थी। शिकायत के बाद निगम के प्रबंधन ने निर्देश जारी किया था।

## वर्टिकल व्यवस्था में आदर्श बिजली खत्म

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लेसा के 50 से अधिक बिजली घरों को लाखो रुपये खर्च कर आदर्श बिजली घर बनाया गया था। जिसपर उपभोक्ता को पानी से लेकर बैठने की कुर्सी भी रखने का निर्देश पूर्व एमडी ने दिया था। राजभवन, अमीनाबाद, वृदांवन, नादरगंज, सहित ज्यादातर बिजली उपकेन्द्रो पर भीषण गर्मी में वर्टिकल व्यवस्था होने पर पानी तक पीने को नही मिल रहा है। जिस बिजली घर पर पानी की मशीन लगाई गयी है वहां पर आरो मशीन का फिल्टर तक नही बदला गया है।

दो वर्ष पहले लगाया गया पानी की मशीन पूरी तरह से खराब हो गयी है। जहां पर पानी की मोटर भी खराब हो गयी है। जिसे बदलने के लिए संविदा कर्मी लिखित भी देते है तो उनकी कोई सुनवाई नही होती है। लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता ने बताया कि जिस उपकेन्द्र पर पानी की समस्या होगी वहां पर पानी को उपलब्ध कराया जायेगा।

# अलीगढ़ के संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर शासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए चम्पालाल तत्कालीन सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अलीगढ़, सम्प्रति सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन) सिद्धार्थनगर, श्रीमती बन्दना सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), अलीगढ़ को आज तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। इस सम्बन्ध में अपार मुख्य सचिव परिवहन श्रीमती अर्चना अग्रवाल द्वारा आदेश निर्गत किए गए हैं।

परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने बताया कि 28 फरवरी, 2026 को अलीगढ़ सीमा से सटे कासगंज के ग्राम-नगला साधु में स्कूल बस संख्या- यूपी-81 बीटी-8873 का फर्श टूटने से एक बच्ची की सड़क पर गिरने एवं टायर चढ़ जाने के कारण दुःखद मृत्यु हो गयी। उक्त वाहन अलीगढ़ दादो अवस्थित माउण्ट देवा इण्टरनेशनल स्कूल में संचालित हो रही थी, जिसका बीमा एवं परमिट की वैधता समाप्त हो चुकी थी।

दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), आगरा, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), अलीगढ़, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन), अलीगढ़, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन), कासगंज, यात्रीकर अधिकारी, अलीगढ़ से 03 दिवस में स्पष्टीकरण देने के लिए निर्देशित किया गया था। उक्त प्रकरण में चम्पालाल तत्कालीन सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अलीगढ़, सम्प्रति सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन) सिद्धार्थनगर, शासकीय कार्यों में उदासीनता व शिथिलता के दृष्टिगत निलम्बित किया गया है। इसके अतिरिक्त श्रीमती बन्दना सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), अलीगढ़ को शासकीय कार्यों में शिथिलता व पर्यवेक्षणीय दायित्वों का निर्वहन न करने के दृष्टिगत निलम्बित किया गया है। साथ ही साथ स्कूल प्रबन्धन के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत करने के लिए तहरीर दी गयी है।

सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों में त्योहार के दृष्टिगत लगातार भ्रमण पर रहे। साथ ही साथ मुख्यालय पर सड़क दुर्घटनाओं की त्वरित सूचना प्राप्त करने एवं आम जनमानस के सुगम परिवहन के दृष्टिगत कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए चक्रानुक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगायी गयी है।

# लोहिया में वियतनाम की ग्रीन टर्फ पर होगा बॉक्स क्रिकेट

- स्केटिंग कॉर्नर भी बनेगा खास आकर्षण, आठ को शुरू करने की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोहिया पार्क में स्पोर्ट्स एरीना और स्केटिंग कॉर्नर विकसित किया जा रहा है। एलडीए की ओर से बनाए जा रहे इस कार्नर को आठ मार्च को शुरू करने की तैयारी है। यहां पर स्केटिंग के साथ-साथ क्रिकेट, फुटबॉल, पिकलबॉल, टैनिस समेत कई खेल सुविधाएं भी मिलेंगी।

स्पोर्ट्स एरीना में बॉक्स क्रिकेट के लिए कॉर्नर बनाया गया है। खास बात यह है कि बॉक्स क्रिकेट के कोर्ट को वियतनाम से मंगाई गई ग्रास टर्फ से कवर किया जाएगा। इस टर्फ की खासियत यह है कि इसमें जब कोई व्यक्ति या बच्चा खेलेगा तो उसे क्रिकेट ग्राउंड जैसा ही फील आएगा। इस टर्फ पर फुटबॉल भी खेला जा सकेगा। इस एरीना में कई अन्य खेलों के भी कोर्ट बनाए गए हैं, जिसमें पिकलबॉल, टेनिस और बैडमिंटन शामिल हैं। सभी कोर्ट सिथेंटिक बेस्ड हैं और विशेष





तकनीकी से डिजाइन किया गया है। जिससे ये कोर्ट जल्दी नहीं टूटेंगे।

बारिश के दौरान कोर्ट में पानी न भरे, इसके लिए एरीना में शानदार डिजाइन बेस्ड ड्रेनेज सिस्टम भी बनाया गया है। यहां पर कोर्ट में भरा पानी एकत्रित होगा फिर उसे बाहर ओपन स्पेस में भेजा जाएगा। इस पानी को पार्क में हरियाली मेनटेन करने के लिए यूज में लाया जाएगा। इसके साथ ही एरीना और स्केटिंग कोर्ट के आसपास ग्रीन लेयर भी डेवलप की गई है, जिससे यहां आने वाले लोगों को शुद्ध हवा भी मिलेगी। स्पोर्ट्स एरीना के पीछे की ओर स्केटिंग जोन डेवलप किया जा रहा है।

यह लखनऊ का पहला ओपन स्पेस स्केटिंग जोन है। इसे डिजाइन करने के लिए विशेषज्ञों की मदद ली गई है। इसे बच्चों और युवाओं के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है। इसका काम अंतिम चरण में है और इस जोन को बनाने में अंतरराष्ट्रीय मानकों का भी ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही सुरक्षा से जुड़े भी कई कदम उठाए गए हैं। स्केटिंग जोन व एरीना में लाइटिंग की भी प्रॉपर व्यवस्था की गई है।

फिलहाल एलडीए की ओर से अभी कोई फीस तय नहीं की गई है। कोई भी व्यक्ति एरीना या स्केटिंग जोन में एंट्री कर सकता है। दोनों ही ग्राउंड में लोगों के बैठने के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही दोनों प्वाइंट्स में सफाई मेनटेन रहे, इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की जा रही है।

## आईजीआरएस शिकायतों का फर्जी निस्तारण, मुख्य अभियंता को नोटिस

**लखनऊ।** जन सुनवाई पोर्टल (आइजीआरएस) पर दर्ज होने वाली शिकायतों के निस्तारण में अफसर इंजीनियर लापरवाही बरत रहे हैं। नगर निगम के मार्ग प्रकाश विभाग की शिकायतों को बिना समाधान किए पोर्टल पर निस्तारित दिखा दिया गया। इस गंभीर अनुशासनहीनता को देखते हुए नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता विद्युत-यांत्रिक मनोज प्रभात को नोटिस जारी किया है। आईजीआरएस सेल से जारी रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2026 में मार्ग प्रकाश विभाग से संबंधित कुल शिकायतों के निस्तारण के संदर्भ में 56 मामलों में शिकायतकर्ताओं ने निगेटिव फीडबैक दिया है।

पत्र के मुताबिक, विभाग ने पोर्टल पर शिकायतों को निस्तारित तो दिखा दिया, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कार्य न होने के कारण जनता में भारी रोष है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उनकी समस्याओं का समाधान धरातल पर हुआ ही नहीं, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में उन्हें हल दिखा दिया गया। अधिकारियों और जोनल अफसरों की कार्यशैली पर सवाल यह केवल एक विभाग की समस्या नहीं है। नगर निगम के सभी जोनल अधिकारी और जोनल सेनेटरी अफसर भी इसी ढर्रे पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि शिकायतों का झूठा निस्तारण कर शासन की आंखों में धूल झोंकी जा रही है।

# कानूनी सहायता से एफआईआर दर्ज होने मात्र से वह झूठी नहीं हो जाती : हाईकोर्ट

- दो महिलाओं की एसिड द्वारा गैर इरादतन हत्या में दोषसिद्धि बरकरार लेकिन सजा की कम

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक आपराधिक अपील को निर्णीत करते हुए में कहा है कि मात्र इसलिए कि एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर वकील की सहायता से तैयार की गई है, उसे झूठा नहीं माना जा सकता। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने अपीलार्थी की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, हालांकि उसकी सजा को कम कर दिया है।



यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान व न्यायमूर्ति एके चौधरी की पीठ ने प्रतापगढ़ के जगदम्बा हरिजन की अपील पर पारित किया है। सत्र न्यायालय ने अपीलार्थी को दो महिलाओं पर एसिड हमले कर गैर इरादतन हत्या करने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अपीलार्थी की ओर से मुख्य रूप से यह तर्क था कि एफआईआर दो दिन बाद दर्ज की गई थी और वह भी एक निजी वकील की सहायता से तैयार की गई थी, इसलिये यह रिपोर्ट असत्य है। हालांकि न्यायालय ने इस दलील को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि एफआईआर का वकील की सहायता से तैयार होना उसकी विश्वसनीयता को अपने आप प्रभावित नहीं करता।

कोर्ट ने कहा कि जब कानूनी सहायता प्रत्येक आपराधिक प्रक्रिया में मान्य है, तब एफआईआर के समय सहायता लेना भी सामान्य बात है और इससे किसी भी तथ्य की सच्चाई पर संदेह नहीं किया जा सकता। साक्ष्य के आधार पर देखा गया कि गवाहों के बयान, चिकित्सा और फोरेंसिक रिपोर्ट अभियोजन केस को सिद्ध करते हैं। हालांकि न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा को घटाकर 14 वर्ष कारावास में बदल दिया। न्यायालय ने पाया कि अपीलार्थी 13 साल 9 महीने 24 दिन जेल में बिता चुका है।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |



# शराब पार्टी के बाद युवक की हत्या, फ्रीजर में छुपाया शव



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब क्षेत्र स्थित में चार दिन से बंद बिरयानी की दुकान में रखे डीप फ्रीजर में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फ्रीजर से निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फ्रीजर के अंदर मिला शव किस युवक का है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

घटना बीकेटी थाना क्षेत्र के जीसीआरजी कॉलेज के सामने स्थित एक बिरयानी की दुकान की है। पुलिस के अनुसार दुकान पिछले चार साल से बंद थी। दुकान के अंदर एक डीप फ्रीजर रखा था, जिसके अंदर एक युवक को शव मिला है।

क्षेत्रीय लोगों के अनुसार चार दिन पहले दुकान संचालक सनी रावत के पिता को कुछ समय पहले देहांत हो गया था, जिसके चलते अंतिम संस्कार के दौरान दुकान बंद कर दी गई थी। अब दुकान मालिक वापस दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो उसे दुकान के अंदर से कुछ दुर्गंध आनी शुरू हुई। डीप फ्रीज खोलकर देखा तो होश उड़ गए। फ्रीजर के अंदर एक व्यक्ति का शव रखा था। शव मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। इसकी खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि मृत युवक की जब तलाशी ली गई तो उसकी जेब से एक आधार कार्ड मिला है। आधार कार्ड में मृतक की शिनाख्त 38 वर्षीय विजय पाल पुत्र डलई निवासी किशुनपुर थाना बीकेटी लखनऊ के रूप में हुई है। पुलिस ने आधार कार्ड में दर्ज पते पर सूचना पहुंचा दी है। फ्रीजर के अंदर शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस ने पंचायनामा भरकर युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद युवक की मौत का कारण पता चल पाएगा। पुलिस फिलहाल आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालने रही है।

**सड़क किनारे रखी दुकान में रखा में के बाहर रखा है खराब फ्रिजर :** बताते हैं कि दुकानदार के पिता के निधन होने पर वह अपने घर गया था। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि दुकान के पास मृतक का किसी युवती को लेकर विवाद हुआ था। उसी दौरान गला दबाने के बाद उसे बन्द फ्रीजर में डाल दिया गया। दुकानदार के पिता की तेरह वीं होने का कारण दुकानदार रविवार को बर्तन निकालने आया था और जैसे ही उसने फ्रीज खोला तो उसमें युवक का शव मिला।

## लविवि के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यायल के सुभाष छा त्रावास में रविवार को छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। हसनगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस संबंध में रविवार को डा. महेन्द्र कुमार (प्रवोष्ट, सुभाष छात्रावास लखनऊ विश्वविद्यालय ने बताया कि सेकेण्ड सेमेस्टर का छात्र नवीन कुमार (20) पुत्र नागेन्द्र कुमार निवासी ग्राम चक उसरैला तहसील सिकंदपुर जिला बलिया जो कि कमरा न. 52 सुभाष हॉस्टल में रहता था। रविवार दोपहर करीब 01.00 बजे छात्रों से जानकारी मिली कि नवीन का कमरा अन्दर से बन्द है और दरवाजा नहीं खोल रहा है। तब छात्रों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में कमरा खोलकर देखा गया तो नवीन कमरे में पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर लटका था। उसने फांसी लगा ली है। इस सूचना पर हसनगंज पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पर फोरेन्सिंक टीम को बुलाया गया साक्ष्य एकत्रित करते हुए पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को मोर्चरी भेज दिया। छात्र के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। प्रथम दृष्टया मौके पर मौजूद छात्रों ने बताया कि मृतक नवीन डिप्रेशन में रहता था। पुलिस अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

## तीन सौ से अधिक महिलाओं को वितरित की गयी मशीनें

लखनऊ। सर्वोदय आश्रम के उषा पावर लिंक्स ट्रेनिंग कम प्रोडक्शन सेन्टर ने तीन सौ महिलाओं को दो महीने में नौ बैचों के माध्यम से प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी वना कर एक इतिहास बना दिया। सर्वोदय आश्रम के उषा पावर लिंक्स ट्रेनिंग कम प्रोडक्शन सेन्टर पकरा बाजार का कनिष्ठ पैलेस माल के प्रागंण में तीन सौ महिलाओं को दो महीने में नौ बैचों के माध्यम से प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी वना कर एक इतिहास रच दिया। गत जनवरी एवं फरवरी माह में चार सौ महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी बनाने का वीणा सर्वोदय आश्रम की अध्यक्षा उर्मिला श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ शुरू किया जिसमें माल में सौ महिलाओं को चार बैचों में प्रशिक्षित करके उन्हें टाटा एवं उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड के सौजन्य से स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रत्येक महिलाओं को एक एक मशीन दिलवाया, जिसका शुभारंभ उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड के विकास खण्ड माल में तीन सौ टाटा उषा सर्वोदयसिलाई स्कूलों के नौ बैचों में माह जनवरी एवं फरवरी में प्रशिक्षण शुरूआत हुई प्रथम टाटा उषा सर्वोदय सिलाई स्कूल के बैच का शुभारंभ समाज सेविका श्मादेवी अग्निहोत्री तथा एक बैच का शुभारंभ डा0 ज्ञानेन्द्र कुमार सिह ने दीप प्रज्वलित करके किया था तथा आज अन्तिम बैच का टाटा उषा सर्वोदय सिलाई स्कूलों को मशीन वितरण समय चक्र टाइम्स लखनऊ के सम्पादक श्री राकेश उपाध्याय ने सेवा निवृत्त पी०सी० सी० अधिकारी डा. अशोक कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का संचालन सर्वोदय आश्रम के कार्यक्रम समन्वयक बृजेश कुमार सक्सेना तथा अतिथि धन्यवाद देशराज गौतम ने दिया। अतिथियों का स्वागत श्रीमती दिव्या शुक्ला तथा अजय कुमार समाजसेवी किया।

## मकान में लगी आग से भारी क्षति

लखनऊ। इन्दिरानगर क्षेत्र में मकान में आग लगने से घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। रविवार को दोपहर करीब 03:26 बजे फायर स्टेशन इंदिरानगर के कंट्रोल रूम में सूचना किली कि एम. अब्दुल अजीज नफीश अहमद ए-71 सर्वोदय नगर इंदिरानगर के मकान में आग लग गई है। इस सूचना पर तत्काल प्रभारी अग्निशमन अधिकारी इंदिरानगर कमलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में 02 फायर टेंडर मय यूनिट घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि घर के छत पर रखे कपड़ों के ढेर में आग लगी थी। फायर फा इटरों ने मोटर फायर इंजन से डिलीवरी हौज पाइप फैलाकर आग को बुझाना प्रारंभ किया तथा कुछ ही समय में कपड़ों के ढेर को कुरेद -कुरेद कर आग को पूर्ण रूप से बुझाकर शांत कर दिया।

## आवारा कुत्तों ने बच्ची को नोचा, मौत

लखनऊ-मलिहाबाद। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना गांव में आवारा कुत्तों के हमले में एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिवार गहरे सदमे में है।

मिली जानकारी के अनुसार, तरौना गांव निवासी दिलीप कश्यप की 8 वर्षीय बेटी अंशिका देर शाम शौच के लिए घर से कुछ दूरी पर गई थी। उसी दौरान घात लगाए बैठे आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची को बुरी तरह नोच डाला। काफी देर तक जब अंशिका घर नहीं लौटी तो उसकी मां उसे देखने बाहर गई। वहां का मंजर देख वह दंग रह गई। चार-पांच कुत्ते बच्ची पर हमला कर रहे थे। चीख सुनकर मां दौड़ी और किसी तरह बच्ची को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। परिजन तुरंत उपचार के लिए उसे रहीमाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

## महिला रिक्रूट आरक्षियों की क्रॉस-कंट्री दौड़

लखनऊ। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित एक भव्य क्रॉस-कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण निदेशालय उत्तर प्रदेश पुलिस निदेर्शानुसार पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर की प्रेरणा से क्रास कन्ट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजित दौड़ में 986 महिला रिक्रूट आरक्षियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर समाज में महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ संयुक्त पुलिस आयुक्त, अपराध एवं मुख्यालय अपर्णा कुमार ने किया। कार्यक्रम में अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। दौड़ प्रतियोगिता में कुल 986 रिक्रूट महिला आरक्षियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कल्ली पश्चिम पुलिस लाइन और आईटी पुलिस लाइन में आयोजित प्रशिक्षण गतिविधियों के दौरान महिला रिक्रूट आरक्षियों ने अपने अनुशासन और शारीरिक दक्षता का परिचय दिया, जिसके फलस्वरूप उन्हें पुरस्कृत किया गया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा से करोड़ों के गबन मामले में मुख्य अभियुक्त की मां व पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा से करोड़ों के गबन का खुलासा करते हुए पारा पुलिस ने मुख्य अभियुक्त बैंक मित्र शिवा राव की पत्नी, मां और सहयोगी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के कब्जे से गबन के रुपयों से खरीदे गए जेवर, नकदी, कार और घटना में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि इस संबध में 16 जनवरी को पीड़ित राम सिंह यादव पुत्र महावीर यादव निवासी ग्राम लेमपुर पतौरा थाना पारा व अन्य 24 पीड़ितों ने पारा थाना पर सूचना दी थी कि शकुन्तला मिश्रा विश्वविद्यालय स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के बैंक मित्र व बैंककर्मियों द्वारा साठगांठ कर, उनके व अन्य ग्रामीणों के खातों/सम्पत्तियों के साथ कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से धोखाधड़ी व आर्थिक गबन किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान पीड़ितों की संख्या करीब 100 से ऊपर पहुंच गयी है। विवेचना में ज्ञात हुआ कि मुख्य अभियुक्त बैंक मित्र शिवा राव ने अपने परिजनों और सहयोगियों के बैंक खातों का उपयोग गबन की गई धनराशि को ठिकाने लगाने के लिए किया था। पुलिस ने मुकदमा में कार्यवाही करते हुए रविवार को मुख्य अभियुक्त की मां कारा निर्मला (54) पत्नी कारा सोमा शेखर निवासी 606 इम्तियाज कालोनी, सरीपुरा आलमनगर पोस्ट राजाजीपुरम थाना तालकटोरा व पत्नी भाग्यवती राव (29) पत्नी शिवा राव निवासी 606 इम्तियाज कालोनी, सरीपुरा आलमनगर पोस्ट राजाजीपुरम थाना तालकटोरा व उसकी दुकान पर काम करने वाला विकास कुमार (24) पुत्र सन्तू निवासी ग्राम नरौना थाना काकोरी को गिरफ्तार किया गया।

# कारोबारी से 25 लाख रुपये, जेसीबी और दो एसयूवी कार हड़पी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गाजीपुर थाने में कारोबारी ने एक व्यक्ति पर 25 लाख रुपये, जेसीबी और दो एसयूवी कार हड़पने का आरोप लगाया है। आरोपी ने ईंट-भट्ठे पर लगवाने के नाम पीड़ित से वाहन लिए थे। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के आदेश पर गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

इंदिरानगर बी-ब्लॉक निवासी कारोबारी परवेज ने बताया कि फरवरी 2022 में उनकी मुलाकात विकास तिवारी दखिना शेखपुर निगोहां से हुई थी। बातचीत में आरोपी ने उन्हें बताया कि वह किराये पर लोगों के वाहन ईंट भट्ठों पर चलवाता है। आरोपी ने उन्हें भी लोन पर वाहन लेकर उसे किराये पर चलवाने की सलाह दी। जाल में फंसे परवेज ने मई 2022 में न्यू लखनऊ इंटर प्राइजेज फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया। फिर कारोबारी ने जुलाई 2023 में फर्म के नाम पर एक जेसीबी खरीदी और विकास को भट्ठे पर चलवाने के लिए दे दी।

किराया प्रति माह डेढ़ लाख रुपये तय हुआ था, लेकिन विकास उन्हें 20 हजार तो कभी 50 हजार देता था। विरोध करने पर आरोपी ने 19 सितंबर 2023 को एक लिखित अनुबंध किया और फिर उनके खाते में किसी से किराये के 25 लाख ट्रांसफर करा दिए। इसके बाद आरोपी ने भट्ठे के प्रचार के लिए उनसे उनकी दो एसयूवी भी ली, लेकिन किराया नहीं दिया। यही नहीं आरोपी ने बातों में फंसाकर पीड़ित से 25 लाख रुपये भी वापस ले लिए। मो. परवेज का आरोप है कि 2025 तक न तो आरोपी ने उन्हें किराया दिया और न वाहन लौटाए। दबाव बनाने पर आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया। गाजीपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर विकास तिवारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कलेक्शन एजेंटों ने किया 42.32 लाख का गबन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं से बिल वसूलने वाली यूपीपीसीएल की अनुबंधित कंपनी ने जोनल मैनेजर व दो कलेक्शन एजेंटों पर 42.32 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपियों ने 1 नवंबर को कलेक्शन के रुपये उपभोक्ताओं से लेकर कंपनी के खाते में जमा नहीं किए। कंपनी की जांच टीम ने वाराणसी पहुंचकर पड़ताल की तो आरोपियों की करतूत सामने आयी। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी निवासी सरल ई-कमर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि उनकी कंपनी का यूपीपीसीएल के साथ एक साल का अनुबंध है। जिसके तहत उनकी कंपनी प्रदेश के सभी विद्युत उपकेंद्र/सब स्टेशन/पॉवर हाउस पर अपने कर्मी तैनात कर बिजली का बिल जमा करने का काम करती है। उपभोक्ता से क्यूआर कोड व नकद में आने वाले रुपये कैश कलेक्शन एजेंट द्वारा कंपनी के बैंक खाते में जमा किया जाता है। उक्त काम की जिम्मेदारी जोनल मैनेजर की होती है।

निदेशक ने बताया कि वाराणसी जिले के सभी पॉवर हाउस में कंपनी कर्मचारियों द्वारा बिल कलेक्शन और जमा करने का काम किया जा रहा था। वाराणसी व जौनपुर में उक्त काम के संचालन की जिम्मेदारी जोनल मैनेजर शिवम श्रीवास्तव, कैश कलेक्शन एजेंट सुशील कुमार यादव, प्रिंस वर्मा की है। आरोपियों ने अपने पद का इस्तेमाल कर अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत से कंपनी धनराशि हड़प ली। 1 नवंबर 2025 को जब कंपनी के खाते में रुपये जमा नहीं हुए तो लखनऊ कार्यालय से पूछताछ पर सुशील कुमार यादव ने कहा कि रुपये उनके घर पर रखे हैं। अगले दिन जमा कर देंगे लेकिन जमा नहीं किए। लगातार टालमटोल पर 6 नवंबर को कंपनी की जांच टीम वाराणसी पहुंची। जांच के दौरान जोनल मैनेजर शिवम श्रीवास्तव व कैशियर सुशील कुमार यादव बहाने बनाने लगे। साथ ही लखनऊ कार्यालय की इंट्री को ही गलत बताया। जोनल मैनेजर अपनी टीम के साथ हिसाब मिलान के लिए लखनऊ पहुंचे।

छानबीन में पता चला कि आरोपियों ने कुछ कलेक्शन एजेंटों की मदद वाराणसी क्षेत्र में 37,44,906 रुपये और जौनपुर की आईडी को वाराणसी में इस्तेमाल कर 4,86,998 रुपये का गबन किया है। कृष्णानगर पुलिस ने निदेशक की तहरीर पर वाराणसी के जोनल मैनेजर शिवम श्रीवास्तव निवासी संतरविदास नगर, कैश कलेक्शन एजेंट सुशील कुमार यादव निवासी वाराणसी, प्रिंस वर्मा निवासी चकेरी कानपुरनगर व अन्य अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## होली का त्यौहार आते ही धधकने लगीं अवैध शराब की भट्ठियां

रामकिशोर रावत

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के कई गांव अवैध शराब बनाने के लिए कुटीर उद्योग के रूप में जाने जाते हैं। होली का त्यौहार आते ही दर्जन भर गांवों में अवैध शराब की भट्ठियां धधकने लगी हैं। अवैध कच्ची शराब बनाने वालों के लिए यह रोजी रोटी और रोजगार का जरिया है।

इस अवैध धंधे में अधिकांश महिलाएं और बुजुर्ग लिप्त देखे जाते हैं। कारण यह कि यह क्षेत्र आम के बागानों से आच्छादित है और वर्ष के आठ माह यहां का व्यक्ति बेरोजगार रहता है, मात्र आम की फसल आने पर ही तीन से चार माह रोजगार मिल पा है। वह भी नौ जवान महिला पुरुषों को जो आम की तोड़ाई, पैकेजिंग, और ढुलाई लोडिंग करने में सक्षम हों।शेष अन्य लोगों के लिए वर्षभर कोई भी उद्यम न होने से अपना जीवन यापन का सहारा अवैध शराब को बताते हैं। एक गांव का एक युवक नाम न लिखने की शर्त पर बताता है कि हमने ग्रेजुएशन किया, जब नौकरी नहीं लगी तो किसी की डलिया तो ढोना संभव नहीं, इससे बेहतर है कि हम क्यों न शराब का कारोबार करें। ज्यादा से ज्यादा पुलिस और आबकारी वाले पकड़ेंगे और मुकदमा दर्ज करेंगे। न्यायालय में जुमार्ना होगा और छूट जायेंगे। चोरी बेइमानी से तो लाख गुना अच्छा है। माल थाने का सबसे मशहूर गांव राम नगर है जहां के लोगों ने अवैध शराब को कुटीर उद्योग के रूप में अपना लिया है।ऐसा नहीं है कि यहां के शराब बनाने वाले शराब पीते भी खूब हैं। जिससे प्रति वर्ष लगभग आधा दर्जन युवा पीढ़ी के लोग परिवार छोड़कर भगवान को प्यारे हो जाते हैं। इस गांव में विधवाओं की संख्या मौजूदा समय में सत्तावन है।इन विधवाओं की उम्र सुनकर आप हैरान हो जाएंगे कि बाइस वर्ष से पचपन/साठ वर्ष के बीच है। जब इस संबंध में संवाददाता ने एक विधवा से पूछा कि तुम्हारी उम्र मात्र चौबीस वर्ष है।तुम्हारे कोई कमाने वाला नहीं है कैसे जिंदगी कटेगी। तो उसने सीधे जवाब दिया कि साहब दो बच्चे हैं अब कहीं नहीं जाएंगे। यहीं दारू बना कर जिंदगी काट दूंगी। आश्चर्य की बात कि रामनगर गांव में लगभग छह हजार से आठ हजार लीटर शराब प्रति दिन निर्मित होती होगी।जबकि बाजार गांव मे लगभग पांच हजार, थरी में तीन हजार, नबिपनाह में लगभग तीन हजार लीटर, कोलवा में चार हजार ली0, बीरपुर में एक हजार, सरथरा दनौर, चौकी, दलथंभा, अऊमऊ, पिपरी, भानपुर, थावर, सहित दर्जनभर गांव छापेमारी से उजागर होते रहते हैं। हालांकि इस बार पुलिस की गश्त तेज है फिर भी रामनगर गांव से राहगीरों को गुजरना आसान नहीं है। किस तरफ से झूमता हुआ कौन मधुमांता निकल पड़े और आप को अस्पताल पहूंचा दे, कोई भरोसा नहीं है।इन अवैध शराब निर्माण करने वालों की भट्ठियां शाम को और प्रातः नालों तालाबों और घने बगीचों में धधकती देखी जा सकती हैं।

## अगवा कर लूटपाट के पांच आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

लखनऊ। काम दिलाने के बहाने अगवा कर ऑनलाइन रुपए लेने, पर्स, घड़ी तथा सोने की चेन लूटने के मामले में हजरतगंज पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना हजरतगंज पुलिस टीम के अनुसार 26 फरवरी को रोहित बंसल निवासी न्यू हैदराबाद कालोनी, निशातगंज जो कि इवेंट मैनेजमेंट (सजावट) का कार्य करते है। उनको अभियुक्तों काम दिलाने के बहाने बुलाकर तत्पश्चात आंख पर पट्टी बांधकर सुनसान स्थान पर ले जाकर पीड़ित से ऑनलाइन रुपए ट्रान्सफर कराने, पर्स, घड़ी तथा सोने की चेन लूट लेने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद पुलिस उपायुक्त मध्य ने घटना की गम्भीरता को देखते हुए सहायक पुलिस आयुक्त हजरतगंज के नेतृत्व में 03 टीमें गठित की थीं। पुलिस टीम ने साइबर हेल्प डेस्क की मदद से तकनीकी सहायता प्राप्त करते हुए घटना का सफल अनावरण किया और पांच शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूटा गया पर्स, सोने की चेन तथा रुपये बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग ऑनलाइन ऐसे व्यक्तियों की डिटेल निकालते है, जिन्हें काम की जरुरत होती है। उन्हें काम देने के बहाने विश्वास में लेकर अपने अन्य साथी जो कि अलग सुनसान स्थान पर पहले से मौजूद रहते थे, उनके पास ले जाते थे। उसके बाद व्यक्तियों को डरा-धमका कर मारपीट कर उसकी मूल्यवान वस्तुएं लूट लेते थे तथा मोबाइल से रुपए ट्रान्सफर करा लेते थे।

## प्रकाश डी व जय नारायण सिंह बने डीजी

लखनऊ। शासन ने 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रकाश डी तथा जय नारायण सिंह को एडीजी से डीजी के पद पर प्रोन्नति प्रदान की है। प्रकाश डी. वर्तमान में एडीजी रेलवे के पद पर तथा जय नारायण सिंह एडीजी पावर कारपोरेशन के पद पर तैनात हैं। डीजी मानवाधिकार संदीप सालुंके, डीजी होमगार्ड एमके बशाल व डीजी अभियोजन दिपेश जुनेजा का कार्यकाल शनिवार को पूरा हुआ था। इसके उपरांत वरिष्ठता क्रम में दोनों एडीजी को डीजी के पद पर प्रोन्नति मिली है।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल अनुक्रमांक नं. 1144040, इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक नं. 0900978, बी.कॉम अनुक्रमांक नं. 190360050014 एवं एम.कॉम अनुक्रमांक नं. 2210362120023 की मार्कशीट कहीं खो गई है। **श्रुति कनौजिया पुत्री संतोष कुमार नि.- यू.पी. सैनिक स्कूल, सरोजनी नगर, लखनऊ।**

# खामेनेई की मौत के बाद पुराने लखनऊ में उबाल, जगह-जगह हुए प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। अयातुल्लाह खामेनेई की मौत को लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन देर शाम पुराने लखनऊ में देखने को मिला। छोटे इमामबाड़े पर बुलायी गई शोक सभा और कैंडल मार्च में हजारों लोग पहुंचे। मातम के बीच पुतले फूंके, नारे लगे और सभी की आंखें नम रहीं। रविवार को रोजा इफ्तार के बाद से ही छोटे इमामबाड़े पर भीड़ जुटने लगी। रात आठ बजते-बजते 20 से 25 हजार लोग छोटे इमामबाड़े आसपास इकट्ठा हो गए थे। अधिकांश लोगों के हाथों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई की फोटो थी और सभी उनके निधन से गम में थे। मौलाना कल्बे जवाद, मौलाना यासूब अब्बास ने अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई की शहादत पर गम मनाने के साथ ही अमेरिका और इजरायल के रमजान के मौके पर ईरान पर हमले को कायराना हरकत बतायी। छोटे इमामबाड़े पर मजलिस होते-होते पूरी अजादारी रोड कर हजारों लोगों को हुजूम पहुंच चुका था। हाथों में मोमबत्ती जलाकर कैंडल मार्च निकाला गया। जगह-जगह अमेरिकी राष्ट्रपति और डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के राष्ट्रपति नेतन्याहू का पुतला फूंका गया। सड़क पर जगह जगह इजरायल और अमेरिका के राष्ट्रपति के फोटो और झण्डे की फोटो पड़ी हुई थी। अजादारी स्ट्रीट पूरी तरह अयातुल्लाह खामेनेई के समर्थको से भर गई थी। यूनिटी कॉलेज की ओर से इमामबाड़े की ओर वाहनों का आवागमन रोक दिया गया था।

**शीर्ष शिया नेता की हत्या सुनियोजित साजिश:** यासूब अब्बास ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए इसे पूरी दुनिया के शिया मुसलमानों के लिए गहरा आघात बताया है। उन्होंने खामेनेई को शहीद करार देते हुए कहा कि यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि इस्लामी दुनिया के नेतृत्व पर सीधा हमला है। मौलाना यासूब अब्बास ने आरोप लगाया कि आयतुल्लाह खामेनेई की शहादत में अमेरिका, इजराइल, सऊदी अरब की मिलीभगत है। मौलाना ने रमजान में ईरान पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका और इजराइल ने एक मुस्लिम देश पर हमला कर न केवल आयतुल्लाह खामेनेई की हत्या की, बल्कि सौ से अधिक निर्दोष स्कूली बच्चियों को भी मार डाला। उन्होंने इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। मौलाना ने विश्वास जताया कि ईरान इस संकट से और अधिक मजबूती के साथ उभरेगा। मौलाना यासूब अब्बास ने आयतुल्लाह खामेनेई की शहादत पर तीन दिन के शोक का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों की छतों पर काले झंडे फहराएं और शोक के प्रतीक के रूप में काले कपड़े पहनें।

**पर्यटकों के लिए इमामबाड़ा बन्द रहेगा :** मौलाना यासूब अब्बास ने यह भी घोषणा की कि लखनऊ के ऐतिहासिक बड़ा इमामबाड़ा और छोटा इमामबाड़ा को अगले तीन दिनों तक पर्यटकों के लिए बंद रखा जाएगा। मौलाना ने कहा कि यह समय शोक और एकजुटता प्रदर्शित करने का है, ताकि दुनिया को यह संदेश दिया जा सके कि शिया समुदाय अपने नेतृत्व के साथ मजबूती से खड़ा है। सड़को पर निकले बच्चे, महिलाएं और पुरुष रविवार को ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई के निधन की सूचना आते ही पुराने लखनऊ में उबाल आ गया। मौत की खबर आते हैं शिया समुदाय के लोग नारे लगाते हुए अजादारी रोड पर पहुंचने लगे। हाथों में सैयद अली खामेनेई की फोटो लिए लोग मातम मनाते नजर आए और आंखों में आंसू लेकर अमेरिका और इजरायल मुर्दाबाद के नारे लगाए। अयातुल्लाह खामेनेई की मौत की सूचना फैलते ही सैकड़ों की तादाद में लोग छोटे इमामबाड़े से लेकर बड़े इमामबाड़े तक एकत्रित हो गए। हर घर से निकलेगा खामेनेई, खामेनेई अमर रहे के नारे चारों तरफ गूंजने लगे। हुसैनाबाद के शाही गेट से लेकर बड़े इमामबाड़े तक सभी दुकानें पूरी तरह बंद रहीं, शटर नीचे गिरे हुए थे। मेडिकल स्टोर सहित आवश्यक सेवाओं की दुकानें भी बंद कर दी गईं। विरोध प्रदर्शन में महिलाएं, युवा और बच्चे भी शामिल हुए, जिनमें से कई ने काले झंडे, पोस्टर और खामेनेई की तस्वीरें हाथों में थामी हुई थीं। कुछ प्रदर्शनकारियों ने फूट-फूटकर रोते हुए ईरान के साथ एकजुटता जताई और इसे बड़ी साजिश करार दिया। बुर्का पहने महिलाएं हाथों में अयातुल्लाह खामेनेई का फोटो लिए मातम करती नजर आयीं। सभी की चेहरे गमजदा और आंखों में आंसू थे। लखनऊ, जो भारत का प्रमुख शिया केंद्र है, में यह प्रतिक्रिया इसलिए तेज रही क्योंकि यहां की शिया आबादी ईरान के धार्मिक नेतृत्व से गहरा जुड़ाव रखती है। परिवार की अभी तक कोई खबर नहीं मिली मौलाना गुलाम रजा की पूरी फैमिली ईरान में हैं। मौलाना गुलाम रजा मूल रूप से लखनऊ के हैं लेकिन पिछले 30 वर्षों से ईरान में निवास कर रहे हैं। उनकी बीवी, दो बेटियां और एक बेटा ईरान के कुम शहर में हैं। गुलाम रजा बीती दिसम्बर में ही ईरान से लखनऊ आए थे। उसक बाद से यहीं हैं। अब ईरान पर हमला होने के बाद से परेशान हैं। गुलाम रजा ने बताया कि शनिवार को परिवार से बात हुई थी। बेटिया स्कूल गई हुई थीं लेकिन उसके बाद इंटरनेट बंद होने से कोई सम्पर्क नहीं हो सका।

**मातम में बदल गई रमजान की रौनक :** लखनऊ में इन दिनों रमजान की रौनक देखी जा सकती थी। लेकिन ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ये रौनक कम होती गई और ईरान के सुप्रीम लीडर सैयद अली खामेनेई की मौत के बाद रौनक रमजान की रौनक मातम में बदल गई। हुसैनबाद फूड स्ट्रीट पर रमजान के दिनों में हजारों लोग मौजूद होते हैं लेकिन उनके चेहरों पर खुशी होती है, रविवार को भी हजारों लोग मौजूद थे लेकिन उनके चेहरों पर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत का गम दिख रहा था।

# राजधानी में चटक हुआ रंगों का बाजार, गुलाल व रंगों की धूम





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस बार होली के त्यौहार पर बाजार में प्राकृतिक रंगो तथा गुलाल की बाहर है। राजधानी में जगह जगह पर रंगो, पिचकारी, मिठाइयों तथा तरह-तरह के मुखोटों से दुकानें सजी हुई हैं। बाजारों में कार्टून वाली पिचकारियों का जलवा देखने को मिल रहा है। गुलाल के साथ पानी में घुलने वाले रंग की बात न हो तो होली अधूरी सी लगती है। खुले हरे व लाल रंग के साथ ही डिब्बा बंद रंग न केवल पानी में मिलाते ही घुल जाएगा बल्कि फूलों की खुशबू के साथ इतना चटक होगा कि वह छूटेगा नहीं। अगली होली तक यह रंग चटक रहेगा। बड़े और छोटे पैक में यह रंग भी बाजार में धूम मचा रहा है।

रंग विक्रेताओं के मुताबिक इस बार चाइनीज पिचकारी तथा रंग बाजार से लगभग गायब है और जो हैं भी उनकी कीमतें इतनी ज्यादा है कि कोई लेना पसंद नहीं कर रहा है। इस बार होली भी दिवाली की तरह मनाए जाने का दावा हो रहा है, दुकानदारों की मानें तो गुलाल अनार, गुलाल बम, तथा गुलाल चटाई की खूब मांग है, विशेषकर बच्चों में यह काफी पसंद किए जा रहे हैं। दरअसल, आपसी सौहार्द रंगो उमंगो तथा प्रेम का पर्व होली का रंग बाजारों में देखा जा सकता है, रंग तथा गुलाल से बाजार सजे हुए हैं। रंग बिरंगी पिचकारी तथा तरह.तरह के चेहरे पर लगाने वाले खिलौने यानी की मुखौटों से बाजार गुलजार है। राजधानी के भूतनाथ, अमीनाबाद, निशातगंज आलमबाग, गोल मार्केट, पत्रकारपुरम चौराहा समेत तमाम जगहों पर विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी हुई हैं, जिनमें मिठाईयां, गुझिया, पापड़, चिप्स रंग, गुलाल, पिचकारी खरीदते हुए लोग नजर आ रहे हैं।

**आम, अनार, संतरा और नींबू का फ्लेवर:** इस बार आम, अनार, संतरा और नीबू की खूशबू वाले हर्बल गुलाल आपको होली का नया एहसास कराएंगे। एक पैक में मौजूद ये सभी फलों की खुशबू वाले गुलाल थोड़े महंगे जरूर हैं, लेकिन आपको अलग पहचान देंगे। दुकानदार राजेश कुमार ने बताया कि अब खरीदारी का दौर शुरू हा गया है।

**शैंपेन की बोतल से निकलेगा मस्ती का रंग:** लाल, गुलाबी, हरा, बैंगनी, पीला और नीला जैसे रंग जहां हमे विविधता में एकता के रंग में रंगते हैं तो दूसरी ओर से होली में चार चांद भी लगाते हैं। युवाओं के लिए इस बार गुलाल का रंग शैंपेन की बोतल में भरा गया है जिसे खोलते ही हवा में उमंग और मस्ती का एहसास होगा। पूरा माहौल बेला और गुलाल की खुशबू से सराबोर हो जाएगा। अपनी तरह की यह बोतल भी युवाओं के लिए तैयार है।

**गुलाल बम भी है खास:** भारतीय गुलाल बम के आगे चाइना का बम फेल हो गया है। बाजार से गायब हुए इस बम में के स्थान पर देश में बना गुलाल बम खास तरीके से तैयार किया गया है। कृष्णानगर के दुकानदार सागर ने बताया कि आग इस बम में आग लगाने के साथ ही धमाके के साथ गुलाल उड़ेगा और करीब 10 से 15 मिनट तक फिजाओं में गुलाल की खुशबू बिखरती रहेगी।

**फटेगा सिलेंडर, उड़ेगा गुलाल:** सिलेंडर फटने की बात सुनने से ही जिस दहशत का आभास होता है उससे इतर इस होली में गुलाल का ऐसा सिलेंडर आया जिसके फटते ही उड़ता गुलाल फिजाओं में मस्ती का रंग घोलेगा। ढाई किलों के इस सिलेंडर की कीमत गैस सिलेंडर से कम नहीं है, लेकिन आपकी होली को यादगार जरूर बना देगा।

**कपड़ा बाजार हुआ गुलजार:** होली के रंगों के साथ कपड़े की बात न हो, यह कैसे हो सकता है। कृष्णानगर के दुकानदार अखिलेश सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष के मुकाबले लोगों में कपड़ा खरीदने में दिलचस्पी बढ़ी है। लुभाने के लिए ऑफर भी दिए जा रहे हैं। आलमबाग के नरेश भवनानी व सतीश आडवाणी ने बताया कि रौनक बढ़ गई है। अगले दो दिनों में और तेजी आने की संभावना है। मास्क लगाकर ही ग्राहकों को आने के लिए कहा गया है। मास्क की भी खरीदारी हो रही है।

**विराट कोहली वाली पिचकारी पसंद आ रही:** बाजार में खरीदारी करने वाले लोगों का कहना है कि इस बार नए और अनोखे डिजाइन के पिचकारी देखने को मिल रहे हैं, जिसमें विराट कोहली वाली पिचकारी खासतौर पर बहुत पसंद आ रही है। बच्चे भी बाहुबली पिचकारी को खूब पसंद कर रहे हैं, जो उन्हें खूब आकर्षित कर रही है।

## बम से बरसेगा गुलाल, खुशबू से महकेंगे बाजार



**लखनऊ।** रंगों का त्योहार होली अब बस कुछ ही दिन दूर है और इस बार बाजार का मिजाज बदला-बदला नजर आ रहा है। क्योंकि, होली पर आपको दीवाली जैसा मजा मिलने वाला है। बाजारों में ऐसे रंग-भरे पटाखे आए हैं, जिन्हें फोड़ने पर शोर नहीं, बल्कि हवा में रंगीन और खुशबूदार गुलाल उड़ेगा। यहियागंज, अमीनाबाद, चौक, भूतनाथ मार्केट में होली की खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। दुकानें रंग-बिरंगे मुखौटों, टोपियों और नकली बालों (विग्स) से पट गई हैं। बच्चे जहां स्पाइडर-मैन और बाहुबली के मुखौटे पसंद कर रहे हैं, वहीं युवा रंग-बिरंगी फंकी टोपियों और अजीबोगरीब नकली बालों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

**बच्चों के लिए बैग तो बड़ों के लिए सिलेंडर :** मार्केट में बड़ों के बीच भारी भरकम ह्यकलर सिलेंडरह्न का क्रेज है। इसे एक बार ट्रिगर करने पर कई फीट ऊपर तक रंगीन गुलाल की बौछार होती है। बच्चों के लिए स्कूल बैग की तरह पीठ पर टांगने वाली पिचकारी पहली पसंद बनी हुई है। इसमें पानी की क्षमता अधिक होने के कारण बार-बार भरने का झंझट नहीं रहता। युवाओं में सिंगल शॉट स्प्राइट कैन और कलर फाग (रंगीन धुआं) की भारी मांग है, जो फोटो और रील बनाने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल हो रहे हैं।

**सिंगल शॉट स्प्राइट कैन, कलर फाग की मांग अधिक :** यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि दुकानों में इस बार जो रंग आए हैं वह पटाखे वाले हैं। आपको बम की तरह उसमें माचिस की तीली से जलाना होगा, उनके फूटते ही हर्बल गुलाल उड़ेगा। ग्राहकों को लुभाने और होली को नए कलेवर में ढालने के लिए दुकानदारों ने नया पैटर्न निकाला है। बाजार में सिंगल शॉट स्प्राइट कैन, कलर फाग, सिलेंडर, कलर बम जैसे रंगों को दगाने वाले उपकरण मौजूद है। भूतनाथ मार्केट के गुलाल कारोबारी विनोद कुमार ने बताया कि ग्राहक अब केमिकल वाले रंगों के बजाय खुशबूदार और प्राकृतिक हर्बल गुलाल को प्राथमिकता दे रहे हैं। रंगीन बम और स्मोक गन्स ने त्योहार में उत्साह का नया तड़का लगा दिया है। सिलेंडर 550 से लेकर 1200 रुपये तक बाजार में दो किलो से लेकर साढ़े सात किलो तक के सिलेंडर खूब बिक रहे हैं। इसकी कीमत 550 रुपये से लेकर 1200 रुपये तक है। इस सिलेंडर शॉट की कीमत गुलाल के वजन के हिसाब से तय होती है। मार्केट में पबजी की मांग अधिक है। 150 रुपये के तीन पीस है। शेखर गुप्ता ने बताया कि इसे बच्चे और किशोर खूब खरीद रहे हैं। नजीराबाद मार्केट में बुरा न मानो होली है स्लोगन वाली सफेद टी-शर्ट्स खूब बिक रही है।

## होलिका दहन आज, चार को खेली जायेगी होली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। इस बार होलिका दहन और रंगोत्सव में एक दिन का अंतर आ रहा है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक इस बार होलिका दहन पर भद्रा और चंद्र ग्रहण का साया रहेगा। इसलिए होलिका दहन दो मार्च को होगा, जबकि भद्रा और चंद्रग्रहण लगने वजह से तीन मार्च को होली नहीं खेली जाएगी। चार मार्च हो होली खेलना ही शुभ माना जा रहा है। ज्योतिर्विद डॉ. पं. दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि भद्रा रहित, प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा तिथि, होलिका दहन के लिए उत्तम मानी जाती है। यदि भद्रा रहित, प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा का अभाव हो परंतु भद्रा मध्य रात्रि से पहले ही समाप्त हो जाए तो प्रदोष के बाद जब भद्रा समाप्त हो, शास्त्रों के अनुसार तब होलिका दहन करना चाहिए। यदि भद्रा मध्य रात्रि तक व्याप्त हो तो ऐसी परिस्थिति में भद्रा पुच्छ के दौरान होलिका दहन किया जा सकता है। परंतु भद्रा मुख में होलिका दहन करना उचित नहीं माना जाता है। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त दो मार्च की देर रात ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि इस साल होलिका दहन दो और तीन मार्च को लेकर असमंजस की स्थिति है। पर, काशी के ऋषिकेष पंचांग अनुसार दो मार्च को पूर्णिमा तिथि शाम 05:18 बजे से शुरू होकर तीन मार्च की शाम 04:33 बजे तक रहेगी। वहीं, भद्रा दो मार्च की शाम 05:18 बजे से सुबह 4:56 बजे तक रहेगी। होलिका दहन दो मार्च को भद्रा पुच्छ में रात 12:50 से रात 02:02 बजे तक या भद्रा समाप्त होने के बाद सुबह 4:56 बजे के बाद (यानी तीन मार्च की भोर में) भद्रारहित काल में भी होलिका दहन करना श्रेष्ठ है। रंग भरी होली चार मार्च को खेली जाएगी। तीन मार्च को लगेगा चंद्रग्रहण आचार्य पं. आनंद दुबे ने बताया कि स्नान दान के लिए पूर्णिमा तिथि तीन मार्च है। इस साल का पहला चंद्रग्रहण भी तीन मार्च को ही पड़ रहा है। यह एक ग्रस्तोदय चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत के कुछ हिस्सों में दिखेगा। ग्रहण दोपहर 03:21 बजे से शाम 06:46 बजे तक रहेगा। तीन मार्च को सूतक सुबह 09:20 बजे से शाम 06:46 बजे तक करीब नौ घंटे तक का रहेगा। ग्रहण की वजह से होली से जुड़ा शुभकार्य नहीं हो सकेगा। ज्योतिषाचार्य पं. रवि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन द्रिक पंचांग अनुसार पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ दो मार्च की शाम 05:55 बजे से होगा, जो कि तीन मार्च की शाम 05:07 बजे पूर्णिमा तिथि समाप्त होगी। होलिका दहन तीन मार्च मंगलवार को प्रदोष के दौरान शाम 06:46 बजे से रात 08:36 बजे भी कर सकते है। ोली चार मार्च को ही खेली जाएगी।




# यूपी की बेटियों को मिला नव अंशिका श्री शक्ति सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव मिशन शक्ति के अंतर्गत नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला माह की शुरूआत, रविवार 1 मार्च से हुई। इस अवसर पर घरों में काम करने वाली श्रमजीवी महिलाओं को, गोमती नगर स्थित रेल विहार कॉलोनी परिसर में, सम्मानित किया गया। इसमें प्रदेश ही नहीं बिहार राज्य तक से आई श्रमजीवियों को शामिल किया गया। इस क्रम में अब आगामी रविवार 8 मार्च को नारी एक रूप अनेक थीम पर स्लोगन, चित्रकला प्रतियोगिता होगी।

नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान समारोह में सबसे पहले महिलाओं का सामूहिक जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इसमें अनीता, सीमा, माया, नेहा, रेखा, रंजीता, पूनम, वर्षा सहित अन्य शामिल रहीं। उन्हें जब फूलों की माला पहना कर नई साड़ी और किचन आइटम भेंट किया गया तो उनकी आंखे नम हो आईं। इस अवसर पर अनीता ने कहा कि उन्होंने इस समारोह में शामिल होकर यह सुखद अहसास हो रहा है कि वह एक छोटे परिवार से बड़े परिवार का अंग बन गई हैं क्योंकि रोजी रोटी के कारण उन जैसी महिलाओं को गोण्डा, बहराइच, लखीमपुर ही नहीं बिहार तक से लखनऊ में आकर सेवा कार्य करना पड़ रहा है। इस सम्मान समारोह के उपरांत महिलाओं ने भजन और गीत ही नहीं सुनाए बल्कि डीजे के गानों पर डांस भी किया। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी, अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी मंजू बिष्ट, रेखा शर्मा, चन्द्र प्रभा मायर, सावित्री देवी, रचना सिंह, , पूनम पाण्डेय, ललिता सरीन, आभा सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, शाहिन खान, रेनू जोशी, डॉ.शालिनी दत्त, आनंदिता कौशिक, पम्मी मायर, प्रीति शर्मा सहित कई अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

इस सम्मान समारोह में नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि इस क्रम में दूसरे रविवार 8 मार्च, महिला दिवस के अवसर पर नारी एक रूप अनेक थीम पर स्लोगन और चित्रकला की प्रतियोगिता होगी। इसमें आमंत्रित कृतियों को आठ मार्च के दिन नव अंशिका के फेसबुक एकाउंट पर अपलोड किया जाएगा। इस प्रतिस्पर्धा के लिए अनिवार्य है कि सभी प्रतिभागी सात मार्च तक अपनी कृतियां व्हाट्सएप नंबर 9721700025 पर अवश्य भेजनी होगी। इस प्रतिस्पर्धा के परिणाम 29 मार्च के समारोह में घोषित किये जाएंगे। उस दिन महिला दिवस का आयोजन गोमती नगर विकल्प खंड स्थित गोमतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा।

## जय हिंद जय सिंध- ए लव स्टोरी का मोशन पोस्टर जारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। सैमीज एंटरटेनमेंट ने अपनी आगामी बॉलीवुड फिल्म जय हिंद जय सिंध ए लव स्टोरी की घोषणा की है। यह फिल्म प्यार, जड़ों और पहचान की एक भावनात्मक कहानी है, जो भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन इंद्रजीत लंकेश ने किया है और यह मजबूत भावनाओं और अर्थपूर्ण कहानी का वादा करती है। निमार्ताओं ने फिल्म का मोशन पोस्टर भी जारी कर दिया है, जिससे दर्शकों को फिल्म की भावनात्मक और देशभक्ति से जुड़ी दुनिया की पहली झलक मिली है। जय हिंद जय सिंध ए लव स्टोरी एक ट्रैवल-लव ड्रामा फिल्म है, जो भारत के अलग-अलग हिस्सों में होने वाली एक रोड जर्नी के जरिए अतीत और वर्तमान को जोड़ती है। भारत-पाक विभाजन की पृष्ठभूमि में बनी यह फिल्म दिखाती है कि इतिहास ने किस तरह कई परिवारों की जिंदगी बदली और उसका असर आज भी महसूस किया जाता है। इस सफर के दौरान अलग-अलग किरदार एक-दूसरे से मिलते हैं और कहानी प्यार, अपनापन, त्याग, उपचार और अपनी मिट्टी से जुड़ाव जैसे विषयों को सामने लाती है। इस फिल्म की खास बात यह है कि इसकी कहानी निमार्ता सैमी ननवानी के जीवन के कुछ वास्तविक अनुभवों से प्रेरित है। उनके अपने जीवन की कुछ यादें और सफर इस फिल्म की भावनाओं को और सच्चाई देते हैं। फिल्म के बारे में सैमी ननवानी कहते हैं, यह कहानी मेरे दिल के बहुत करीब है। इसमें कुछ ऐसे अनुभव और भावनाएँ हैं, जो मेरे जीवन के सफर का हिस्सा रही हैं। यह फिल्म अपनेपन और उन दूरियों की बात करती है, जो हम जिंदगी में तय करते हैं चाहे वो दूरी जगहों की हो या दिलों की। निर्देशक इंद्रजीत लंकेश कहते हैं, यह फिल्म दिल से बनी है।

## बैठकी एवं खड़ी होली के गीतों की प्रस्तुति ने दिल जीता




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तराखंड महापरिषद, लखनऊ द्वारा विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी रविवार को महापरिषद प्रांगण (उत्तराखंड महापरिषद भवन, कुर्मांचल नगर, लखनऊ) में महिला एवं पुरुष होलियारों द्वारा उत्तराखंड की सुंदर पारम्परिक बैठकी व खड़ी होली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। उत्तराखंड महापरिषद के तत्वावधान में आज होलीकोत्सव का भव्य एवं सांस्कृतिक आयोजन महापरिषद भवन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। उत्तराखंड की पारंपरिक लोकसंस्कृति और रंगों के इस अनुपम पर्व में होलीयारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

महिला होलीयारों की सशक्त एवं सुरमयी टीमों ने कल्याणपुर, पंतनगर, विकासनगर, इंद्रानगर, तेलीबाग, सुगामऊ, महानगर तथा राजाजीपुरम सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुँचकर पारंपरिक बैठकी एवं खड़ी होली के गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। ढोल, दमाऊँ और बाजे-गाजे की मधुर थाप पर पूरा वातावरण रंग, रस और भक्ति में सराबोर हो उठा। होली के पारंपरिक गीतों - जोगी आयो शाहर में व्योपारी, शिव के मन माही बसे काशी, सिद्धी को दाता विघन विनाशक एवं रंग में होली कैसे खेलूगी सावरिया के संग की गूंज से महापरिषद भवन संस्कृति, एकता और सौहार्द का जीवंत प्रतीक बन गया। वरिष्ठजनों से लेकर युवा एवं बच्चों तक सभी ने मिलकर रंगोत्सव का आनंद लिया। उत्तराखण्ड महापरिषद द्वारा इस होली उत्सव में पुरूष व महिला होलियारो द्वारा उत्तराखण्ड के ग्रामीण एवं सुदूर अंचलों की पारम्परिक होली के उल्लास उमंग, आनन्द और हृदयस्पर्शी अनुभूति का सजीव अनुभव कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अरूणा उपाध्याय, हरितिमा पंत, शशी जोशी, सुशीला नेगी, पुष्पा वैष्णव, कमला चुफाल, मीना अधिकारी, पूनम कनवाल, सविता बिष्ट, दीपा कालाकोटी, हेमा बिष्ट, मंजू पाण्डेय, सरोज खुलबे, पुष्पा गैलाकोटी, सुन्दर पाल सिंह बिष्ट, किशोर काठोरी, पान सिंह, दर्शन सिंह परिहार, सीएम जोशी, भुवन पाठक सभी होलीयारों ने उत्तराखंड की समृद्ध लोकपरंपरा को जीवित रखने का संकल्प दोहराया और अपनी बोली - अपनी होली अपनी संस्कृति का संदेश दिया।

# शिव के मन माही बसे काशी, हां हां मोहन गिरधारी...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। पर्वतीय महापरिषद उप्र, लखनऊ के तत्वावधान में पर्वतीय महापरिषद भवन, गोमती नगर, लखनऊ में पर्वतीय शैली की होली गायन का आयोजन किया गया। पर्वतीय महापरिषद की स्थापना के रजत जयंती वर्ष में होली का विशेष आयोजन किया गया जिसमें गोमती नगर एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों एवं गणमान्य जनों ने होली गायन कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पारम्परिक होली- सिद्धि के दाता विघ्न विनाशन, होली खेलें गिरिजापति नन्दन, शिव के मन माही बसे काशी, हाँ हाँ मोहन गिरधारी जैसी लोक प्रसिद्ध होली गीतों की प्रस्तुति की गई।

इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी ने सभी को होली की शुभकामनाऐं प्रदान करते हुए सभी के लिए सुख-शान्ति की कामना की तथा महासचिव महेन्द्र सिंह रावत ने होली को प्रेम एवं सौहार्द का पर्व बताते हुए होली गायन की इस विशिष्ट शैली को युवा पीढ़ी को हस्तान्तरित करने का आह्वान किया तथा मुख्य संयोजक टी एस मनराल ने उपस्थित जन समुदाय को शुभकामनाऐं प्रदान की। आज पर्वतीय समाज द्वारा उत्तराखण्ड की पारम्परिक बैठक होली के साथ ही खड़ी होली गायन भी किया गया जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए 43 होली गायन दलों द्वारा मनमोहक पस्तुतियां की गयीं जिसमें लोहाघाट चम्फावत की होली हरीश सिंह बोरा जी के नेतृत्व में साथ कुमाऊँ, गढ़वाल, जौनसार, रं समाज, जौहार, मुनस्यार आदि क्षेत्रों के होली गीतों की शानदार प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर उत्तरायणी कौथिग(मेला)-2026 में झोड़ा नृत्य में भाग लेने वाली 45 झोड़ा टीमों के 900 महिला कलाकारों को पर्वतीय महापरिषद के द्वारा लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल के कर कमलों से उपहार स्वरूप साड़ी का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर संरक्षक प्रो. आरसी पन्त, नवीन जोशी, पीसी पन्त, हरीश काण्डपाल, महेन्द्र पन्त, सुमन रावत, प्रेम सिंह फर्स्वाण, गोविन्द सिंह बोरा, रमेश चन्द्र उपाध्याय, शंकर पाण्डेय, ख्याली सिंह कड़ाकोटी, आनन्द सिंह कपकोटी, पुष्कर सिंह नयाल, कमल सिंह नेगी, गोविन्द पाठक, आनन्द सिंह भण्डारी, एन के उपाध्याय, गीरीश चन्द कोठारी, त्रिभुवन बोरा, गोपाल सिंह गैलाकोटी, बलवंत वाँणगी, किशन सिह, भुवन पाण्डेय, डा0 बी एस नेगी, मयंक खर्कवाल, शुभम जोशी, मंजू शर्मा पडेलिया, चित्रा काण्डपाल, बीना रावत, दमयंती नेगी, नंदा रावत, भारती काण्डपाल, नवीन चन्द्र जोशी, लक्ष्मण सिंह भण्डारी, मेहता, कैलाश बिनवाल, दिलीप सिंह, तारा काण्डपाल, दिनेश पाण्डेय, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद के केन्द्रीय कार्यकारिणी, सलाहकार, संरक्षक, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, सैनिक प्रकोष्ठ, धार्मिक प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, क्षेत्रीय ईकाईयों, रामलीला समितियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# नीलांचल एक्सप्रेस फिलहाल लखनऊ नहीं, प्रयागराज होकर चलेगी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आनंद विहार से पुरी के बीच चलने वाली नीलांचल एक्सप्रेस अप्रैल-मई के दौरान परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी। कानपुर से लखनऊ चारबाग, राय बरेली और वाराणसी के बदले कानपुर, प्रयागराज व डीडीयू होकर चलेगी। रेलवे ने लखनऊ मंडल में होनेवाले विकास कार्यों के कारण तीन, पांच, सात, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26 व 28 अप्रैल तथा एक, तीन, पांच, आठ, 10 व 12 मई को परिवर्तित मार्ग से चलाने की घोषणा की है।

**कोयंबटूर में नहीं रुकेगी एक को चलने वाली अलेप्पी एक्सप्रेस:** अलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस कोयंबटूर में नहीं रुकेगी। कोयंबटूर में बदले पोत्तनूर-इरुगुर होकर चलेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन का अतिरिक्त ठहराव पोत्तनूर स्टेशन पर होगा। दक्षिण रेलवे में विकास कार्यों के कारण ट्रेन मार्ग बदल कर चलेगी।

**चार एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए गए:** होली के मौके पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 28 फरवरी से छह मार्च अस्थाई तौर पर एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त नान एसी चेयर कार कोच और शयनयान श्रेणी के कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है। 18183 टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस में एक नान वातानुकूलित चेयर कार कोच जोड़ा जाएगा। 18603 रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में एक शयनयान श्रेणी का कोच जोड़ा जाएगा। वहीं, 18619 रांचीझगोड्डा एक्सप्रेस में एक शयनयान श्रेणी का कोच जोड़ा जाएगा। 18622 हटिया-पटना एक्सप्रेस में एक शयनयान श्रेणी का कोच जोड़ा जाएगा।

**आसनसोल मंडल में ट्रैक अनुरक्षण के कार्य के उद्देश्य से ट्रेनों का नियमन:** शनिवार से आसनसोल-अंडाल सेक्शन में कालीपहाड़ी और निमचा स्टेशनों के बीच ट्रैक अनुरक्षण के कार्य के उद्देश्य से 240 मिनट (दोपहर1.10 बजे से शाम 5.10 बजे तक) का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक रखा गया है। इसके परिणाम स्वरूप आज 63517 बर्द्धमानझआसनसोल मेमू (एक ट्रिप) रद रहेगी। 63524 आसनसोल-बर्द्धमान मेमू (एक ट्रिप) रद रहेगी। वहीं 63510 झाझा बर्धमान मेमू 28 फरवरी को (एक ट्रिप) आसनसोल में संक्षिप्त रूप से समाप्त कर दिया जाएगा यानी आसनसोल और बर्धमान के बीच ट्रेन परिचालन सेवा रद रहेगी।

**रांची-वाराणसी वंदे भारत को मिला नया स्टॉपेज:** रांची से वाराणसी जानेवाली वंदे भारत एक्सप्रेस के हजारीबाग रोड स्टेशन पर ठहराव की तिथि जारी हो गई है। 20887 रांची-वाराणसी वंदे भारत सुबह 8:12 से 8:14 तथा 20888 वाराणसी-रांची वंदे भारत रात 8:17 से 8:19 तक रुकेगी।

**रांची-आनंदविहार व पटना-विशाखापट्टनम के बीच स्पेशल ट्रेन:** रांची से आनंदविहार आर पटना से विशाखापट्टनम के बीच होली स्पेशल ट्रेन चलेगी। हटिया-आनंदविहार स्पेशल प्रत्येक शनिवार 28 फरवरी व सात मार्च तथा आनंदविहार-हटिया स्पेशल एक व आठ मार्च को चलेगी। विशाखापट्टनम-पटना स्पेशल एक व आठ मार्च तथा पटना-विशाखापट्टनम स्पेशल दो व नौ मार्च को चलेगी। गया स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के कारण कोडरमा, तिलैया, राजगीर व नालंदा होकर चलाई जाएगी।

**धनबाद-गोरखपुर स्पेशल 30 मार्च तक चलेगी, कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच:** धनबाद से गोरखपुर के बीच नौ मार्च को चलने वाली होली स्पेशल ट्रेन के फेरे में विस्तार किया गया है। 03677 धनबाद-गोरखपुर स्पेशल एवं 03678 गोरखपुर-धनबाद स्पेशल 30 मार्च तक हर सोमवार को चलेगी। दूसरी ओर, होली की भीड़ और उसके वापसी के दौरान ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट के मद्देनजर 28 फरवरी से छह मार्च तक बिहार जानेवाली ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा। 18603 रांची-भागलपुर-गोड्डा एक्सप्रेस में एक स्लीपर कोच, 18619 रांची-दुमका-गोड्डा एक्सप्रेस में एक स्लीपर कोच, 18622 हटिया-पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस में एक स्लीपर कोच तथा 18183 टाटा-बक्सर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त चेयर कार जोड़ा जाएगा।

## गंगा पुल पर 42 दिन चलेगी मरम्मत, 14 ट्रेनें निरस्त और 31 का रूट बदला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। कानपुर-लखनऊ के बीच गंगा नदी के रेलवे पुल के डाउन (कानपुर से लखनऊ) ट्रैक की रेलवे मरम्मत कराएगा। कमजोर हो चुके इस 118 साल पुराने पुल के स्लीपरों को हटाकर स्टील के एच बीम लगाने का काम दो अप्रैल से 13 मई तक कुल 42 दिन चलेगा। इस दौरान कानपुर-लखनऊ रूट की 42 ट्रेनें निरस्त रहेंगी। 31 का रूट और समय बदला जाएगा और 14 को केवल कानपुर तक ही चलाया जाएगा। रेलवे ने लखनऊ-कानुपर रेल मार्ग पर शुक्लागंज (गंगाघाट/कानपुर बायां किनारा) स्थित रेलवे पुल की मरम्मत कराने का फैसला लिया है। इसके लिए मेगा ब्लॉक लेकर रोज सुबह नौ से शाम पांच बजे तक कुल आठ घंटे काम चलेगा। लखनऊ रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी सुशील जायसवाल ने बताया कि गंगा नदी पुल की डाउन लाइन में लगी लोहे की चादरें और स्लीपर बदलने के साथ ही एच बीम लगाई जाएंगी। मेगा ब्लॉक 02 अप्रैल को सुबह नौ बजे से प्रभावी होगा। मेगा ब्लॉक के दौरान कानपुर से लखनऊ के बीच चलने वाली 14 ट्रेनों को निरस्त किया जाएगा। वहीं 10 ट्रेनों को केवल कानपुर तक ही चलाया जाएगा, जबकि 31 ट्रेनों का रूट बदलकर चलाया जाएगा।

**118 साल पुराना है यह रेलवे पुल:** कानपुर मुरे कंपनी से कानपुर बायां किनारा स्टेशन (गंगाघाट) के बीच बना यह पुल 1908 में बना था। इस तरह से पुल 118 साल पुराना हो गया है। रेलवे डीआरएम के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि रेलवे की ऑडिट टीम और चीफ इंजीनियर निर्धारित समय अंतराल में इसका ऑडिट करते रहे हैं। पिछले साल 20 मार्च से 30 अप्रैल तक अप लाइन (लखनऊ से कानपुर) पर मेगा ब्लॉक लेकर ट्रैक की मरम्मत कराई गई थी। वही प्रक्रिया अब डाउन ट्रैक को ठीक करने के लिए अपनाई जा रही है।

**जिले के तीन हजार यात्रियों को होगी दिक्कत:** ट्रेनें निरस्त होने व मार्ग परिवर्तन और समय बदलने से जिले के करीब तीन हजार यात्रियों को लखनऊ-कानपुर की यात्रा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। खासकर इंटरसिटी, झांसी पैसेंजर और कानपुर-लखनऊ मेमू निरस्त होने रोजाना लखनऊ आवागमन करने वालों को बस या फिर अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ेगा।

# लविवि : छात्राओं की तबीयत खराब होने पर एक्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में छात्राओं को खराब खाना परोसे जाने से बिगड़ी तबीयत के मामले में कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। कुलपति ने न्यू कैंपस के सभी महिला छात्रावासों की प्रोवोस्ट, असिस्टेंट प्रोवोस्ट के साथ ही एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट को भी उनके पद से हटा दिया। बता दें कि कुलपति ने गुरुवार को गंगा छात्रावास का औचक निरीक्षण कर लगातार तीन घंटे तक छात्राओं से संवाद किया था। जिसमें छात्राओं ने प्रोवोस्ट, असिस्टेंट प्रोवोस्ट की कार्यशैली के प्रति जमकर नाराजगी जाहिर की थी।

शुक्रवार को कुलपति के अनुमोदन के बाद कुलसचिव ने न्यू कैंपस स्थित तीनों महिला छात्रावास गंगा, लावण्या व डॉ. बीआर अंबेडकर महिला छात्रावास की प्रोवोस्ट व असिस्टेंट प्रोवोस्ट की नई तैनाती के आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें अतिरिक्त मुख्य अभिरक्षक नवीन परिसर व लावण्या छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, लावण्या की असिस्टेंट प्रोवोस्ट डॉ. रितु सिंह, गंगा छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ. नीतम सिंह, असिस्टेंट प्रोवोस्ट डॉ. प्रनति श्रीवास्तव, बीआर अंबेडकर छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह, असिस्टेंट प्रोवोस्ट ई. निधि श्रीवास्तव का नाम शामिल है। सभी पदों पर नई नियुक्ति विधि संकाय के शिक्षकों की गई है। जबकि इससे पूर्व आईएमएस, फामेर्सी संस्थान, टूरिज्म स्टडीज के संविदा शिक्षकों को भी छात्रावास के प्रमुख पदों पर तैनाती प्रदान की गई थी। गुरुवार को निरीक्षण करने पहुंचे कुलपति जिम्मेदारों पर जमकर बरसे थे। उन्होंने कहा था कि हॉस्टलों में इन समस्याओं पर शर्म आनी चाहिए। उन्होंने प्रोवोस्ट व अन्य को चेतावनी देते हुए कहा कि स्थितियां सुधार लें नहीं तो कड़े निर्णय लिए जाने पर नुकसान होगा। छात्राओं की शिकायत पर कुलपति ने कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा को मेस संचालक को नोटिस थमाने के निर्देश दिए थे। एलयू प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ. कालिंद्री को एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट गर्ल्स व गंगा छात्रावास की प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया है। गंगा की असिस्टेंट प्रोवोस्ट के तौर पर डॉ. निहारिका को तैनाती दी गई है। इसी तरह डॉ. अंबेडकर हॉल की प्रोवोस्ट डॉ. रिचा सक्सेना व असिस्टेंट प्रोवोस्ट डॉ. श्वेता श्रीवास्तव को बनाया गया है। वहीं, लावण्या हॉल की प्रोवोस्ट डॉ. मृणालिनी सिंह और असिस्टेंट प्रोवोस्ट डॉ. शशि प्रभा जोशी को नियुक्ति मिली है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा का कहना है कि यह सभी अग्रिम आदेशों तक पद पर बनी रहेंगी।

# मरीज को तत्काल इलाज उपलब्ध करा रहा श्री हरभज ट्रस्ट अस्पताल : डॉ. सूर्यकांत

- श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल में हुआ चश्मा वितरण कार्यक्रम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दांत के दर्द से परेशान मरीज को सरकारी चिकित्सालय में इलाज के लिए आगे की तारीख मिल जाती है जबकि उसे तत्काल इलाज मिलना चाहिए. बड़े-बड़े सरकारी चिकित्सा संस्थानों में कमोवेश मरीज को इलाज के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट चिकित्सालय द्वारा न सिर्फ मरीज को तत्काल उपचार मिलता है बल्कि उसे पूरी तरह निशुल्क दवा भी मिल जाती है .केजीएमयू के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने आज यह विचार श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट चिकित्सालय के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित चश्मा वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रकट किया।

डॉ सूर्यकांत ने कहा कि श्री हरभज अस्पताल में डेंटल विभाग में तीन आधुनिक मशीन लगी है। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए आधुनिक फेको मशीन है .दंत रोगियों व नेत्र रोगियों का इलाज यहां सर्व सुलभ है. डॉ. सूर्यकांत ने कहा कि श्री हरभजराम चिकित्सालय के सेवा कार्य बहुत उच्च कोटि के है, उन्होंने कहा कि अस्पताल के 65 वर्ष पूरे होने के बाद भी यह निरंतर नवीन चिकित्सा प्रणाली को अपना रहा है उन्होंने अस्पताल के अध्यक्ष विद्यासागर गुप्ता की अगली पीढ़ी अमित गुप्ता जो कि अस्पताल के सचिव भी है द्वारा सेवा कार्यों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए बहुत शुभकामनाएं भी दी।

कार्यक्रम में अस्पताल के अध्यक्ष विद्यासागर गुप्ता ने अस्पताल की 65 वर्षों की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला. सचिव अमित गुप्ता ने बताया कि आज के कार्यक्रम में मोतियाबिंद के ऑपरेशन वाले लगभग 200 रोगियों को निशुल्क चश्मो का वितरण किया गया. साथ ही अस्पताल द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में अस्पताल के चेयरमैन विद्यासागर गुप्ता, वाइस चेयरमैन रमेश अग्रवाल ,सचिव अमित गुप्ता के अलावा ट्रस्टी सुशील अग्रवाल सिद्धार्थ गुप्ता ,अरविंद गुप्ता, रजत गुप्ता तथा अस्पताल के चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

## डालीगंज जैन मन्दिर में सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन



लखनऊ। डालीगंज जैन बाग जैन मंदिर में चल रहे 1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में रविवार को बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। मंदिर के भक्त पारस जैन ने बताया कि यह अनुष्ठान 8 दिन का होता है यह 24 फरवरी से चल रहा है सोमवार को 10:00 बजे इसका समापन होगा। इसमें महिला मंडल द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा।

## 3डी पिचकारी और इलेक्ट्रिक गुलाल की खूब है डिमांड

लखनऊ। होली के त्योहार से पहले लखनऊ के यहियागंज बाजार में रंग और पिचकारियों की खरीदारी ने जोर पकड़ लिया है। इस वर्ष, बाजार आईपीएल और चुनावी थीम पर आधारित विशेष पिचकारियों से सजा है, जिसमें खरीददारों की खासी दिलचस्पी देखी जा रही है। जबकि बच्चों का दिल कार्टून थीम वाली पिचकारियों ने जीतं लिया है। दरअसल, लखनऊ का यहियागंज बाजार अपने सीजनल कारोबार के लिए प्रसिद्ध है। विशेष रूप से, जब होली का समय होता है, तो पूरी गली रंगों और पिचकारियों से सजी होती है। इस बाजार के एक व्यापारी आलोक ने बताया, हर वर्ष होली के अवसर पर बाजार नई वैराइटी की पिचकारियों से सजता है. विराट कोहली, धोनी, रोहित शर्मा, और जसप्रीत बुमराह की तस्वीरों वाली पिचकारियों की मांग बहुत अधिक है। इसके अलावा, बच्चो के लिए भी इस बार कुछ विशेष आकर्षण हैं, जैसे कि 3डी पिचकारी, बीन वाली पिचकारी, हथौड़ी पिचकारी, बाहुबली तलवार, और स्टाइलिश गन जैसे आइटम खूब लुभा रहे है। आलोक का कहना है कि इस बार होली पर दिवाली जैसा आनंद मिलेगा। बाजार में सात आवाज, श्री राम गुलाल, और भगवान वाले इलेक्ट्रिक गुलाल की डिमांड भी खूब है. यहां पिचकारी की कीमतें मात्र 2 रुपए से शुरू होकर, डिजाइन और क्वालिटी के अनुसार बढ़ती हैं।

## एक्यूपंक्चर सेंटर में लगे शिविर में 45 मरीज देखे

लखनऊ। राष्ट्रीय एक्यूपंक्चर दिवस पर विकास नगर के एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर एंड पेन क्लीनिक में लगे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन सेंटर के निदेशक डॉ. जी. पार्थ प्रतिम ने भगवान धन्वंतरि व भारत में एक्यूपंक्चर का जनक डॉ. बिजॉय कुमार बसु के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर के निदेशक डॉ. जी. पार्थ प्रतिम ने बताया कि एक्यूपंक्चर के साथ फिजियोथेरेपी में डॉ. सुमित श्रीवास्तव, डॉ. जहांनारा खान, डॉ. नजमा, डॉ. संदीप बिस्वास, डॉ. अखिलेश प्रकाश, कृष्ण कुमार, चंदन अस्पताल से सलोनी आदि ने 45 मरीजों का परीक्षण किया।

## सुधा सिंह को बेस्ट मैटर्न का अवार्ड

लखनऊ। टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल की मैटर्न सुधा सिंह को प्राचार्य डॉ. डीके मौर्य ने बेस्ट मैटर्न का अवार्ड देकर सम्मानित किया। मैटर्न सुधा सिंह के रिटायर होने पर अस्पताल के सभागार में विदाई समारोह, सुंदर कांड और भजन हुए। प्राचार्य डॉ. मौर्य ने सुधा सिंह के कार्य व्यवहार की सराहना कर कहा कि उन्होंने हमेशा मरीज और अस्पताल हित में कार्य किए। विदाई समारोह में अस्पताल प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र, वरिष्ठ नर्स प्रतिमा त्रिपाठी आदि रहे।

## सबका मालिक एक, इंसानों ने धर्म-जाति में बांट दिया: संत जसदीप सिंह गिल

लखनऊ। राधास्वामी आश्रम में चल रहे सत्संग में संत हुजूर सदीप सिंह गिल महाराज ने कहा कि सबका मालिक (परमात्मा) एक है, लेकिन इंसानों ने उसे अनेक धर्मों में बांट दिया। फिर एक धर्म को अनेक जातियों में बांट दिया। हुजूर महाराज ने कहा कि ईश्वर को बिठाने के लिए पवित्र जगह की जरूरत होती है लेकिन मनुष्य का मन साफ नहीं है। मन मैल (विकारों) से काला हो चुका है। मनुष्य आज धन दौलत, अहंकार, काम क्रोध के अधीन है। ईर्ष्या, झूठ और दूसरों को नीचा दिखाना आज के मानव का व्यवहार बन चुका हैं। रविवार को आश्रम में दूसरे दिन हुजूर महाराज ने सत्संग को संबोधित किया। इस दौरान बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों साथ में मंच पर आसीन रहे। धार्मिक आडंबर पर तीखा प्रहार श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए हुजूर महाराज ने कहा कि भगवान हर जगह है, कण-कण में है। लोग दर्शन के लिए पूजा स्थानों पर लाइन लगाते हैं। चढ़ावा चढ़ाते हैं। चादर चढ़ाते हैं। बाहर बैठे भिखारी को खाना व ठंड में ठिठुरते गरीबों को कपड़े नहीं दे सकतें है। अगर जरूरतमंद को दे तो वह दुआएं देगा। उन्होंने कहा कि आज लोगों ने सरोवर में नहाने को मुक्ति का साधन बना लिया है। अगर सरोवर में नहाने से मुक्ति मिल जाती तो उसमें रहने वाली मछली व अन्य जीव जन्तु मुक्ति पा जाते। ग्रंथ पढ़ने मात्र से मुक्ति नहीं मिल जाती है। शरीर हरि मंदिर है। माया जाल में फंसा है इंसान हुजूर जसदीप सिंह गिल ने कहा कि आज इंसान माया जाल में फंसा हुआ है। युवा अवस्था से लेकर बुढ़ापे तक दुनिया के कामों में व्यस्त होने की बात कहकर भजन के लिए समय नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि सारा समय दुनिया में दोगे तो वापस इसी दुनिया में दोबारा आना पड़ेगा।

# मलिन बस्ती के बच्चों के साथ धूमधाम से मना वार्षिक खेल दिवस



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आर्यश्री शिक्षा समिति द्वारा ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में मलिन बस्ती के बच्चो के साथ वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा संचालित निःशुल्क शिक्षा प्रोत्साहन केंद्र के लगभग 170 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना गीत से हुई। इसके पश्चात बच्चों की रोचक दौड़ प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा योग नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। ओ हो हो हो, धड़क-धड़क तथा मिशन सिंदूर जैसे गीतों पर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे युवा देश है और आप सभी बच्चे इस देश के भविष्य हैं, पढ़ाई के साथ खेलकूद भी आवश्यक है, इस प्रकार के आयोजन बच्चों में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के संबंध में संस्था की सचिव तुलिका धवन कपूर ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने शारीरिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। विशेषकर योग से शरीर में रक्त संचार बेहतर होता है, मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं तथा तनाव कम होता है। बचपन से ही योग अपनाने से बच्चों में अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली की मजबूत नींव रखी जा सकती है। प्रतियोगिता के अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मंकी रेस में रघुवर प्रथम, युवराज द्वितीयऔर केसर तृतीय ।बनी रेस में शुभम प्रथम, नाजिया द्वितीयऔर महक तृतीय रहे ।बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर बच्चो की माताओं का भी सम्मान किया गया जिनमे महिमा पाल, दिव्यांशी, अर्पिता गुप्ता और अंजली गुप्ता को उपहार दे कर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथियों में माननीय न्यायमूर्ति वी.के. धवन, सृष्टि राठौर (ढउर), न्यायाधीश विकास सक्सेना एवं बाल आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल शामिल रहीं। कार्यक्रम में आर्यश्री संस्था के सभी स्टाफ सदस्य—शुभम, अजय, सतीश एवं प्रदीप उपस्थित रहे। शिक्षिकाओं में शालिनी, ज्योति, नेहा, शीबा एवं चंद्रकला मौजूद रहीं।

## रूटीन ट्रेनें फुल, स्पेशल में सीमित सीटें

**लखनऊ।** रूट्रीन ट्रेनें पहले से ही फुल हो चुकी हैं। स्पेशल ट्रेनों में भी सीमित संख्या में सीटें बची हैं। ऐसे में दिल्ली, मुंबई, पंजाब, गुजरात, जम्मू और मध्य प्रदेश की तरफ से लखनऊ होकर बिहार की तरफ जाने वाली ट्रेनों में लखनऊ तक के लिए भी जगह नहीं है। कमोवेश यही हाल लखनऊ से गोरखपुर होकर व बनारस-मुगलसराय होकर बिहार और कोलकाता की तरफ जाने वाली ट्रेनों का है। दिल्ली से लखनऊ होकर बिहार के लिए 39 ट्रेनें, जगह नहीं दिल्ली से लखनऊ होकर बिहार की तरफ जाने वाली 39 ट्रेनें हैं। इसमें से 32 रूटीन और 07 होली स्पेशल हैं। किसी में भी 28 फरवरी से सीट नहीं है। लखनऊ मेल, फरक्का, गोरखधाम, गोरखपुर होली स्पेशल, वैशाली, कैफियत, पद्मावत, मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, अयोध्या एक्सप्रेस, नई दिल्ली-बरौनी, आनंद विहार-मालदा टाउन, आनंद विहार-मऊ, अमृतसर-कटिहार, संपर्क क्रांति, आनंद विहार-मोतिहारी, दिल्ली-सीतामढ़ी, श्रमजीवी, बिहार संपर्क क्रांति, नई दिल्ली-दरभंगा, अवध-असम, आनंद विहार-छपरा एक्सप्रेस में तो रिग्रेट है। गरीब रथ में 195, नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी में सेकेंड एसी में रिग्रेट तो थर्ड एसी में 268 वेटिंग, अमृतसर-सहरसा में 195 तो शताब्दी के सीसी में 153 वेटिंग, अन्य क्लास में रिग्रेट, वंदे भारत में सीसी में 144 वेटिंग तो अन्य क्लास में रिग्रेट दिखा रहा है। दिल्ली जाने के लिए बनारस-दिल्ली होली स्पेशल में स्लीपर में 97, मऊ-आनंद विहार के स्लीपर में 07, तेजस के तत्काल में 200, लखनऊ-नई दिल्ली स्पेशल में 228, गोरखपुर-आनंद विहार स्पेशल में थर्ड एसी में 605, सेकेंड एसी में 205 सीटें ही उपलब्ध हैं। मुंबई रूट भी ब्लाक मुंबई से लखनऊ होकर गोरखपुर और बिहार की तरफ जाने के लिए 09 ट्रेनों में से सात रूटीन की हैं। इस रूट पर किसी भी ट्रेन में सीट नहीं है। अवध और कुशीनगर एक्सप्रेस में तो रिग्रेट है।

# युवाओं को स्वावलंबन और राष्ट्र पुनर्निर्माण का मिला मंत्र

- एकेटीयू में 'सविष्कार स्टार्टअप संगम 2026' हुआ समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत के सविष्कार आयाम का दो दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन सविष्कार स्टार्टअप संगम 2026 का आज डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में सम्पन्न हुआ।

नवाचार और उद्यमिता के इस महाकुंभ के दूसरे और अंतिम दिन युवाओं को अपने विचारों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए प्रेरित किया गया। आज के दिवस के मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री देवदत्त जोशी उपस्थित रहे जिन्होंने युवाओं का मार्गदर्शन किया। वहीं समारोप सत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही एवं सविष्कार के राष्ट्रीय संयोजक निसर्ग राठौड़ ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस दो दिवसीय स्टार्टअप सम्मेलन में मेटा, एड्यूबुक, हाउस एस्थेटिक्स, बमशम, वॉक्सऑरा लैब्स, रेशनल एआई, एएम स्किल्स ई-एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड, डेक्सटोरा एआई एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, राइट लेफ्ट एआई, फिजिक्स वाला, ड्रोन लैब, आईआईएम लखनऊ इनक्यूबेशन सेंटर तथा आई-हब यूपी अङळव जैसे प्रमुख कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि पैनल संवाद में भाग लिया। आज के दिवस के मुख्य वक्ता एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री देवदत्त जोशी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, भारत का युवा अब केवल नौकरी की कतार में खड़ा रहने वाला नहीं बल्कि समाज को नई दिशा और रोजगार देने वाला बन रहा है। हमारे युवाओं में असीम ऊर्जा और विश्वस्तरीय विचार हैं; आवश्यकता है तो बस उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन देने की।

विद्यार्थी परिषद हमेशा से छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति में बदलने का कार्य करती रही है। हमारा मानना है कि सविष्कार जैसे मंचों से निकलने वाले स्टार्टअप्स का उद्देश्य केवल आर्थिक लाभ कमाना नहीं होना चाहिए बल्कि उनका मूल लक्ष्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की समस्याओं का तकनीकी और सुलभ समाधान खोजना होना चाहिए। यही सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण है। समारोप सत्र को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने कहा, ₹आज देश का युवा नवाचार के क्षेत्र में अपनी असीम संभावनाओं का प्रदर्शन कर रहा है। इस दो दिवसीय संगम में देशभर से आए लगभग 250 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की है और हमने देखा कि छोटे शहरों और ग्रामीण परिवेश से आने वाले छात्रों के पास भी अत्यंत व्यावहारिक और परिवर्तनकारी स्टार्टअप आइडिया हैं। विद्यार्थी परिषद और सविष्कार का यह संयुक्त प्रयास इन विचारों को कागजों से निकालकर धरातल पर उतारने का एक अनुष्ठान है। हमारा लक्ष्य है कि हमारे शैक्षणिक परिसर केवल डिग्रियां बांटने के केंद्र न रहें बल्कि वे नवाचार और उद्यम के जीवंत इकोसिस्टम बनें। समारोप सत्र में इस आयोजन का सारांश प्रस्तुत करते हुए सविष्कार के राष्ट्रीय संयोजक श्री निसर्ग राठौड़ ने कहा, ₹इन दो दिनों में देशभर से आए छात्र प्रतिनिधियों, निवेशकों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के बीच जो ऊजार्वान संवाद हुआ है वह अद्वितीय है। 'सविष्कार स्टार्टअप संगम 2026' केवल एक आयोजन नहीं बल्कि एक वैचारिक क्रांति की शुरूआत है। युवाओं के भीतर 'जॉब सीकर' से 'जॉब क्रिएटर' बनने की जो आग हमने इन दो दिनों में देखी है वह हमें पूर्ण विश्वास दिलाती है कि हम इन बेहतरीन विचारों को आगे ले जाने और उन्हें उचित इनक्यूबेशन दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यहाँ से निकलने वाला हर युवा भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं, मेंटर्स और देश के कोने-कोने से आए छात्र प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया। वंदे मातरम के गान के साथ नवाचार और उद्यमिता के इस दो दिवसीय आयोजन का सफलतापूर्वक समापन हुआ। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में अभाविप अवध प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा, प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, विभाग संगठन मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई सहित तमाम छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर चाक चौबंद रहे स्वास्थ्य व्यवस्थाः सीएमओ



**देवरिया।** सीएमओ डॉ. अनिल गुप्ता ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खोरमा कन्होली और रामलक्षन में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वस्थ मेला का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य मेले से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लिया।सीएमओ ने मेले में चिकित्सक सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी से संतोष व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि आरोग्य मेले में आने वाले सभी मरीजों स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।होली त्यौहार के मद्देनजर उन्होंने चिकित्सको को किसी भी आपात स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई और स्वच्छ रखने का निर्देश दिया।

● सीएमओ ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया निरीक्षण

स्वास्थ्य व्यवस्था चाक चौबंद रहे।सीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरमा कन्होली पहुंचे। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मचारी मौजूद मिले। ओपीडी में चिकित्सक मरीजों देखते मिले।

उन्होंने अस्पताल पर आने वाले मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया। दवा भंडारण, लैब को देखा और कहा कि अस्पताल पर मिलने वाली सभी दवाएं उपलब्ध रहें। सीएमओ ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में अधिक से अधिक

इसके बाद सीएमओ डॉ गुप्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामलक्षन पहुंचे।यहां भी चिकित्सक सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

उन्होंने चिकित्सक और स्वास्थ्य कार्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों से मधुर व्यवहार करें और अस्पताल परिसर में साफ सफाई और स्वच्छता बनाये रखें।सीएमओ लैब पहुंचे और एलटी से अस्पताल पर होने वाले जांच के बारे में जानकारी लिया और उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन



**अयोध्या।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व सपा महानगर / अयोध्या विधानसभा के संयोजन में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजा खोलकर मुल्क में अमन चैन और देश की तरक्की के लिए दुआ मांगी, इफ्तार बाद नमाज टाटशाह मस्जिद के नायब इमाम हाफिज मो0 शादाब साहब ने पढायी, मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा रमजान मुबारक इबादत का महीना है इस महीने हमारे मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखते हैं और देश में अमन चैन कायम रहे इसकी दुआ करते है ,रोजा इफ्तार आपसी भाइचारे का संदेश भी देता है इसमे सभी धर्मों के लोग साथ बैठकर रोजा इफ्तार करते है, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि बड़ी संख्या में आज हमारे मुस्लिम भाइयों ने इफ्तार पार्टी में शिरकत की जिसके लिए मैं दिल से उनका शुक्रिया अदा करता हूं अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद सांसद प्रतिनिधि नि0 महासचिव हामिद जाफर मीसम, विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, प्रवक्ता राकेश यादव,रियाज अहमद टेनी, राकेश पांडे , प्रवीण,पूर्व पार्षद फरीद कुरैशी,मोहम्मद राशिद, रिजवान हसनैन ,शादाब खान, मोहम्मद हलीम पप्पू, एडवोकेट शावेज जाफरी,बख्तियार खान जेपी यादव, मंसूर प्रधान, बब्बन प्रधान, एडवोकेट मंसूर इलाही,नूर बाबु, मो0 जैगम , अली शाईद, अपर्णा जायसवाल, हाजी असद अहमद,, दान बहादुर सिंह,हर्षित पाठक,मोहम्मद जैगम, औरंगजेब खान, सैफी अब्बास, पंकज पांडे, वसी हैदर गुड्डू,आवेश खान, दादा सूर्यकांत पांडे, शाहबाज लकी, राशिद जमील,, संजीत सिंह, अजय यादव, विशाल पाल जगत नारायण यादव राम अजोर यादव, रितेश यादव, नौशाद मामा, , मिर्जा सादिक हुसैन, राम भवन यादव , डॉक्टर इकबाल, जय सिंह राना, ननकन यादव, डॉ घनश्याम यादव, मोहम्मद सुहैल, असरफ अफजाल, शिवांशु तिवारी, शारीब हुसैन ईशा कुरैशी शमशेर यादव, जितेंद्र यादव, इकबाल बाबा, गोविंद यादव एडवोकेट, इरशाद इदरीसी, अमृत , सलीम भाई, सनी मिर्जा,इश्तियाक खान सिराज, इमरान, सानू, असलम, आदि लोग मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी के साथ विद्यार्थियों को दी गयी होली की शुभकामनाएं

**भटनी(देवरिया)।** नगर के हरिकीर्तन मोहल्ला स्थित सेंट जेवियर स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व से अवगत कराया और होली के पावन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

विद्यालय के प्रबंधक जयंत कुमार श्रीवास्तव ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान आधुनिक जीवन की आधारशिला है और नई तकनीकों के माध्यम से छात्र अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। उन्होंने बच्चों को जीवन में कुछ अलग और नया करने के लिए भी प्रेरित किया।इस अवसर पर उन्होंने होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और उत्साह का प्रतीक है। सभी को परिवार और समाज के साथ मिलकर इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए।विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विज्ञान हमारे जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बच्चों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बनाए रखने और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल और परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं, जिनकी उपस्थित लोगों ने सराहना की।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में मदिरा की दुकानें रहेंगी बंद

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा होली पर्व के अवसर पर जनपद में लोक शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आदेश जारी किया गया है।जिलाधिकारी द्वारा संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद कुशीनगर की समस्त देशी मदिरा दुकानें, कम्पोजिट दुकानें, मॉडल शॉप्स, बार अनुज्ञापन, भांग एवं ताड़ी की फुटकर दुकानें तथा जनपद के समस्त थोक अनुज्ञापन (देशी मदिरा, विदेशी मदिरा एवं बीयर) दिनांक 04 मार्च 2026 को सायं 05:30 बजे तक बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि उक्त बंदी अवधि के लिए संबंधित अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं अनुज्ञापियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि होली पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके।

# मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक में संगठन विस्तार पर बनी रणनीति

**अयोध्या।** जनपद में इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन के विस्तार, आगामी रणनीति एवं सदस्यों के दायित्वों के निर्धारण पर व्यापक चर्चा करना रहा, ताकि मानवाधिकार अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू कराने की दिशा में ठोस पहल की जा सके। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एस. यादव के दिशा-निर्देशों के क्रम में महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लिए गए। सर्वसम्मति से राजेश तिवारी (प्रदेशअध्यक्ष) को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया। साथ ही रामनरेश मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया, जिनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की उम्मीद जताई गई। इस अवसर पर रामचंद्र को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा और जनजागरूकता के लिए संगठन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इसके लिए प्रत्येक पदाधिकारी और सदस्य को अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना होगा। संगठन के विस्तार के लिए गांव-गांव और शहर-शहर सदस्यता अभियान चलाने तथा आमजन की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की रणनीति पर भी विचार किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने उपस्थित कार्यकताओं को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द के साथ समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का आह्वान किया।

बैठक में प्रमुख रूप से रामचरित्र वर्मा, गंगाराम वर्मा, परमजीत कौर, सुमन दुबे, निधि पांडे, राजेश चंद्र शुक्ला, राम भवन, बाबूराम, धीरेंद्र सिंह, दुर्गेश कुमार, पवन दुबे, विपिन कुमार शर्मा, आलोक मौर्य, रवि प्रजापति, रत्नेश जायसवाल, विजय प्रकाश तिवारी, विपिन वर्मा, अनिल वर्मा, रामजन्म वर्मा, राजेश पांडे, हरिओम शरण, अनुपमा, रीता मौर्या, परमिंदर कौर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों संग होली के रंग में रंगे कार्यकर्ता




**देवरिया :** जनपद के विभिन्न स्थानों पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने जमकर एकदूसरे को अबीर और गुलाल लगाया । होली मिलन के इस मौके पर लोक गायक राकेश तिवारी के फगुआ गीतों पर दी तक थिरकते रहे कार्यकर्ता । वहीं कार्यक्रम स्थल पर पैराग्लाइडिंग के माध्यम से पुष्प वर्षा भी की गई । सदर सांसद के पुरवा स्थित कार्यालय पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, विजयलक्ष्मी गौतम, सुरेंद्र चौरसिया, रामाशीष राय, सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने जमकर होली खेली ।

इस अवसर पर सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और रंगों का त्यौहार है हम सभी को प्रेम और सौहार्द के साथ इसे मानना चाहिए । उन्होंने सभी जनपद वासियों को रंगों के इस पर्व की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर सदर सांसद ने कार्यकताओं संग होली के गीतों पर ठुमका भी लगाया । जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी से प्रेम और सौहार्दपूर्वक होली मनाने का आग्रह किया ।राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि होली की रंगों भरी खुशियों से आपका जीवन रोशन हो, यही मेरी शुभकामनाएं हैं।सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि होली का त्योहार हमें प्रेम और एकता का संदेश देता है, हमे आपसी मतभेदों को भुलाकर सामाजिक समरसता की भावना को विकसित करना चाहिए । विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि होली के रंगों से आपका जीवन खुशियों से भर जाए, यही मेरी शुभकामनाएं हैं।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, मारकंडे शाही, अंतयार्मी सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, अजय कुमार दुबे, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, विशंभर मिश्रा, गिरिजेश मणि त्रिपाठी, भाजपा नेता इंजीनियर कौशल सिंह सेंगर, आनंद शाही, डब्लू मणि त्रिपाठी, अरुण कुमार सिंह, प्रभाकर तिवारी, पवन कुमार मिश्रा, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इनर व्हील क्लब की चेयरमैन प्रिय नारायण का आधिकारिक दौरा, कई कार्यक्रम आयोजित




**देवरिया।** इनर व्हील क्लब देवरिया सेंट्रल में चेयरमैन श्रीमती प्रिय नारायण का आधिकारिक दौरा अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। उनके आगमन पर क्लब की अध्यक्ष चांदनी, सचिव अंजना मिश्रा, कोषाध्यक्ष भारती शुक्ल सपना अरोरा, तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर अर्शिया रहमान सहित सभी सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इस अवसर पर क्लब द्वारा कई सामाजिक परियोजनाओं का आयोजन किया गया। क्लब की ओर से मुख्य मार्ग देवरिया पर डीएम आवास के सामने 25 पौधों का पौधारोपण किया गया। साथ ही भोजौली कॉलोनी स्थित एक पार्क को गोद लेकर उसका नाम ह्लऔषधीय पार्कह्व रखा गया।पार्क एवं मुख्य मार्ग पर सड़क सुरक्षा से संबंधित होर्डिंग भी लगाए गए, ताकि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ सके और सुरक्षित यातायात को प्रोत्साहन मिले।क्लब की अध्यक्ष ने बताया कि अब तक क्लब द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में 100 से अधिक सामाजिक परियोजनाएं सफलतापूर्वक संचालित की जा चुकी हैं। क्लब कोऑर्डिनेटर अर्शिया रहमान ने चेयरमैन के आगमन पर उनका आभार व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।कार्यक्रम का संचालन उर्मिला यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्य प्रियंका जोशी, एकता जायसवाल, यशोदा जायसवाल, सुचित्रा अवस्थी, मधु चौरसिया, माया त्रिपाठी, उषा मणि, लक्ष्मी बर्नवाल, सीमा बर्नवाल, पुष्पा बर्नवाल, रीमा सिंह, इंदु बर्नवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।चेयरमैन प्रिय नारायण ने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# संगठन के प्रति वफादारी ही सच्ची पत्रकारिताः प्रेम नारायण सिंह




**देवरिया।** ग्रामीण पत्रकार एसोसियेशन उत्तर प्रदेश जनपद देवरिया के परिचय पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रेम नारायण सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन )ने कहाकि संगठन के प्रति सच्ची वफादारी ही पत्रकारिता है।कोई पत्रकार साथी संगठन की मयार्दा में रहकर कार्य करे तो संगठन की मयार्दा के साथ साथ व्यक्ति की मयार्दा पर कोई आंच नहीं आयेगी।श्री सिंह ने यह भी कहा कि ग्रा प ए संगठन से हम सभी का लगाव पहले से है।यही एक प्रदेश का सशक्त संगठन है जो उत्तर प्रदेश के साथ साथ देश के कई प्रदेशों में कार्यरत है।पूरे पत्रकार साथी मयार्दा में रहकर कार्य करते है।उसके पूर्व कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष पी एस राय,कैप्टन वीरेंद्र सिंह ,प्रेमचंद मिश्र, ओंकार पाण्डेय,जिला कोषाध्यक्ष आनंद मोदनवाल, रामनवल सिंह,राजेंद्र सिंह ,के पी गुप्त,अश्विनी द्विवेदी,तहसील अध्यक्ष श्यामनारायण मिश्र, मनींद्र नारायण सिंह,विजय कुमार सिंह,सिंहासन यादव,विनोद कुमार सिंह ,भीम कुमार प्रजापति,प्रेम कुमार शर्मा ,प्रमोद राय ने संबोधित किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रेम नारायण सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने मां सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्वलन एवम माल्यार्पण कर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा ने कहा कि संगठन की रीढ़ की हड्डी तहसील अध्यक्ष एवम तहसील मंत्री सहित सभी पत्रकार साथी है।उन्होंने सामूहिक रूप से जिले के सभी तहसील अध्यक्ष/मंत्री को अपने अपने तहसील के पत्रकार साथियों का परिचय पत्र समारोह की तिथि निर्धारित कर बांटने बल दिया।जिसमे।जिले से कोई प्रतिनिधि उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव डॉ.हरिश्चंद्र मिश्र ने किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक राहुल मणि ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।इस अवसर पर आदित्य कुमार मिश्र, फरींद्र मणि त्रिपाठी,सत्येंद्र दुबे,अयोध्या चौरसिया,जगदंबा यादव,प्रवीण शुक्ला,बृजेश मणि त्रिपाठी,पवन कुमार सिंह,प्रभात रंजन मणि त्रिपाठी,विजय यादव,बिपिन दुबे,रामू यादव सहित जिले भर के सभी पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# रक्तदान के लिए राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन को मिला सम्मान



**अयोध्या।** रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृट योगदान के लिए जिले की चर्चित संस्था राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन को बलरामपुर जिले में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज में ब्लड बैंक द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर 50 अन्य संस्थाओ को भी सम्मानित किया गया। ब्लड मैन के नाम से चर्चित संस्था के अध्यक्ष आकाश गुप्ता व महासचिव विजय वर्मा को प्रमाणपत्र, अंगवस्त्र व मोमेंटो मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राज कुमार वर्मा एवं ब्लड बैंक की डॉ आकांक्षा शुक्ला ने संयुक्त रूप से प्रदान करते हुए संस्था के कार्यों की सराहना किया।ज्ञातव्य हो कि संस्था राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन सन 2016 से अभी तक 180 से ज्यादा रक्तदान शिविर का आयोजन कर करीब दस हजार से ज्यादा मरीजों को खून उपलब्ध करा चुकी है और सस्था को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लंदन सहित देश के दस से ज्यादा राज्यों में सम्मानित हो चुकी है और इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष अयोध्या जिले में रक्तदान महोत्सव का आयोजन करती है जिसमें देश के सभी राज्यों के रक्तदाता व रक्तदान से जुड़ी संस्थाएं हिस्सा लेती है। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने यह यह सम्मान उन सभी रक्तदाताओं को समर्पित करते हुए कहा कि इस सम्मान के असली हकदार देव तुल्य रक्तदाता है जिनके वजह से संस्था जरूरतमंदो को निरंतर खून मुहैया करा रही है। बताते चले कि सेवारत स्पोर्ट टीचर आकाश गुप्ता रेयर ब्लड ग्रुप बी निगेटिव के रक्तदाता है जिनका मूल नाम शीतला प्रसाद गुप्ता है और इन्होने देश के सभी राज्यों में रक्तदान करने का संकल्प ले रखा है ।

# यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज की बैठक, जागरूकता रैली निकाली




**देवरिया।** बैतालपुर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में रविवार को यूजीसी बिल को लेकर सवर्ण समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिल के प्रावधानों पर आपत्ति जताते हुए इसे शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक बताया गया। इसके बाद बैतालपुर बाजार में सवर्ण जागरूकता रैली निकालकर केंद्र सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा सर्वसम्मति से सरकार को ज्ञापन भेजने तथा आगे की रणनीति तय करने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अनिल मिश्रा ने आरोप लगाया कि उच्च शिक्षण संस्थानों को सवर्ण विहीन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज को अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी पड़ेगी, अन्यथा भविष्य में गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने ह्लअब दौर बदलना होगा, जीना है तो लड़ना होगाह्व का आह्वान किया। सूयश मणि त्रिपाठी ने आरक्षण व्यवस्था का उदाहरण देते हुए कहा कि ह्ल-40 पर उनका लड़का एमबीबीएस करेगा, जबकि हमारे समाज के युवाओं को +40 अंक लाने के बाद भी बाहर रहना पड़ता है। कहा कि यूजीसी बिल उच्च शिक्षा की स्वायत्तता को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने सभी पक्षों से संवाद कर संतुलित निर्णय लेने की अपील की। राकेश मणि ने कहा कि आवश्यकता पड़ी तो देश और प्रदेश में चुनाव के माध्यम से सरकार को सत्ता से हटाने का प्रयास किया जाएगा। कहा कि सवर्ण समाज ने ह्लसरकार के सभी आदेशों का हमने सम्मान किया, अब हम अन्याय स्वीकार नहीं करेंगे। सच्चिदा सिंह राणा ने शिक्षा में पारदर्शिता और समान अवसर पर जोर दिया।

रवि प्रकाश मिश्रा ने कहा कि शिक्षा नीति में बदलाव का दूरगामी प्रभाव पड़ता है, इसलिए व्यापक चर्चा आवश्यक है। नित्यानंद उपाध्याय ने शिक्षा को देश की प्रगति का आधार बताया। इस दौरान भरत मणि, मार्कण्डेय मणि, गिरजेश मिश्रा, कपिल मुनी मणि तिवारी, छात्र संघ अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, अजय मणि, विनय पाण्डेय, संतोष श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश मणि, बृजेश मणि, राजीव मणि, अनिल मणि गुल्लू, नंदू मणि, अमूल्य रतन मणि, मुकेश राव, प्रवीण द्विवेदी पूच्चू, अजय पाण्डेय, भूपेंद्र मणि मंशु, दिनेश मणि, सतीश मणि, अनिल मणि, सोनू मणि, रमेश मणि, राहुल मणि, सुरेश मणि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में निभाते हैं अहम भूमिकाः चंद्रभान पासवान




**मिल्कीपुर-अयोध्या।** नगर पंचायत कुमारगंज स्थित शिव सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर भाजपा विधायक चंद्रभानु पासवान रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनमें आत्मविश्वास का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। समाज में व्याप्त कुरीतियों पर आधारित एकांकी ने दर्शकों को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया। वहीं रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित एकांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। छात्र-छात्राओं के अभिनय को उपस्थित अतिथियों ने जमकर सराहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद पाण्डेय ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में प्रमुख रूप से डॉ रमेश मिश्रा, अजीत सिंह, कपिल पाण्डेय, रोहित तिवारी, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# के ही मारेला भरि पिचकारी, भींजत मोर सारी...




**कुशीनगर।** विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था, कुशीनगर द्वारा आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी और होली मिलन समारोह में कवियों की रसभरी प्रस्तुति पर फाग के रंग उड़े और सरा-रा-रा के साथ श्रोताओं ने खूब आनंद लिया।रविवार को तहसील क्षेत्र के साखोपार स्थित नवल किशोर सिंह स्मृति संस्थान के सभागार में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों ने माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और कविता का आरंभ अश्वनी द्विवेदी ने सरस्वती वंदना से किया। मोहन पांडेय भ्रमर ने₹ के ही मारेला भरि पिचकारी, भींजत मोर सारी₹ पर श्रोता झूम उठे। रूबी गुप्ता सत्येंद्र ने₹ अपने नापाक इरादों से बगावत कीजे₹ सुनाई। वरिष्ठ कवि डॉ ओम प्रकाश द्विवेदी ओम की रचना ₹ सखी री। बसंत आगमन स्वागत को उत्सुक मेरी अंखियां₹ काफी सराही गई। उमेश चौबे अश्क ने ₹चढल मास फागुन के जबसे, नयना राह निहारे हो, सत्य प्रकाश शुक्ला बाबा ने ₹चली खेलन सजि धजि होरी गोरी रुचि रूप सजाए₹ सुनाकर गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की। डॉ रानी शुक्ला ने ₹ मै कैसे कहूं यह मोहब्बत नहीं है, एक तुम्हारे सिवा कोई चाहत नहीं है₹, आकाश महेशपुरी ने ₹नेता नोटों की गड्डी से खेल रहे हैं₹, अश्वनी द्विवेदी ने ₹बहे पुरुआ फागुनवा में₹, डॉ मधुसूदन पांडेय ने ₹ आइल फागुन महीनवा के दिनवा, पिया नहीं अइले₹, ब्रजेश मणि त्रिपाठी ने ₹ पड़ी रंगों से है, फीकी मेरे जज्बात की होली₹ सुनाकर बहाबही लूटी। डॉ बलराम राय ने ₹ कहां गई हुड़दंग होली₹, नंदलाल सिंह कांतिपति ने ₹ कहति कांति इस महंगाई में ठठ्ठा नहीं ठिठोली उहाँ होली अपनी होली सुनाकर₹ लोगों को सोचने पर विवश कर दिया। मुख्य वक्ता दिल्ली से आईं डॉ ज्योति ओझा ने अपनी रचना ₹ चलो मिलकर कहानी लिखते हैं₹ सुनाई और होली पर अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष विश्व भोजपुरी सम्मेलन रहे। उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रामनरेश दूबे, प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश मंत्री शैलेंद्र दत्त शुक्ला एवं विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था के संरक्षक डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव, अखिलेश गोयल ने साहित्य सृजन और प्रोत्साहन पर चर्चा के साथ कवियों की प्रस्तुत रचनाओं को संकलित करने और प्रकाशन का आह्वान किया। संस्था अध्यक्ष आयोजक आरके भट्ट, अभा पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, पीयूष प्रताप सिंह, शैलेश प्रताप सिंह, प्रधान ज्ञान बर्द्धन गोविंद राव आदि ने अतिथियों और कवियों का माल्यार्पण और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान हरेंद्र नाथ पांडेय, विजय कुमार तिवारी, ज्योति भान मिश्र, कृष्ण नन्द पांडेय, नीरज साहा, पवन मिश्रा, संजय चाणक्य, आदित्य दीक्षित, एबीपीएसएस जिलाध्यक्ष हदया नन्द शर्मा, सचिव आफताब आलम, कामख्या नारायण मिश्र, जुम्मन अली, सद्दाम हुसैन , हृदेश कुशवाहा, मात्रज शर्मा, दीपक मिश्रा, आलोक तिवारी, उमर फारूक, भुवनेश सिंह, करुणेश सिंह सहित भारी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

● नेता नोटों की गड्डी से खेल रहे हैं....
● सखी री। बसंत आगमन स्वागत को उत्सुक....
● विमर्श की मासिक काव्य गोष्ठी में उड़े फाग के रंग

संक्षेप

## कस्बे में चली गोली घायल जिला अस्पताल रेफर

महोली (सीतापुर)। कस्बे के विकासनगर में कुछ लोगों ने हुए आपसी विवाद में एक व्यक्ति पर गोली चला दी। गोली लगने से घायल व्यक्ति को सीएचसी इलाज हेतु भेजा गया। परिजनों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। शनिवार दोपहर को विकास नगर निवासी अवनीश दीक्षित उर्फ बब्लू पुत्र नवल की चमारन टोला निवासी अटल पुत्र कमल किशोर तथा सूरज पुत्र रामसिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ा कि अटल और सूरज ने बब्लू पर अचानक फायर झोंक दिया। इस दौरान गोली बब्लू को लगी। परिजनों ने बब्लू को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना में घायल बब्लू के परिजन नवल ने नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारीयों ने भी मौके की पड़ताल की। घटना में पुलिस द्वारा आरोपितों को हिरासत में लेने की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नूरी मस्जिद में जश्ने तकमीले कुरआन का आयोजन

बिसवां नगर (सीतापुर)। कस्बे के मोहल्ला मियां गंज स्थित नूरी मस्जिद में रमजान के पाक महीने में अदा की जाने वाली विशेष नमाज तरावीह मुकम्मल होने पर जश्ने तकमीले कुरआन का आयोजन बड़े ही अदब और एहतराम के साथ किया गया। हाफिज जीशान बरकाती ने रमजान का चांद नजर आने के बाद से तरावीह की नमाज पढ़ाना शुरू किया था। दसवें रोजे को ईशा की नमाज के बाद कुरआन मुकम्मल होने पर मस्जिद में खुशी और रूहानी माहौल देखने को मिला। इस मौके पर खिताब करते हुए मौलाना फैजान हुसैन कादरी ने कहा कि रमजान का महीना मुसलमानों के लिए सबसे पवित्र महीना है। यह इबादत, रहमत और बरकत का महीना है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को चाहिए कि इस महीने में हर तरह की बुराइयों से दूर रहे, अपने विचारों को शुद्ध रखे, किसी को नुकसान न पहुंचाए और ज्यादा से ज्यादा समय इबादत में गुजारे। उन्होंने यह भी कहा कि रमजान में तरावीह की नमाज में कुरआन सुनना सुन्नत है। हाफिज जीशान बरकाती पिछले कई वर्षों से तरावीह पढ़ा रहे हैं, जो बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के अंत में मस्जिद के नमाजियों की ओर से हाफिज जीशान बरकाती को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं अंजुमन गौसिया रजविया की ओर से नमाजियों में तोहफे वितरित किए गए। इस अवसर पर मास्टर तबस्सुम हुसैन, मौलवी इस्माइल कादरी, महबूब अली, सय्यद हुसैन कादरी, इसरार अहमद, बदर हयात खान, लियाकत अंसारी, मुन्ना दिलदार खान, अन्नू, रेहान कादरी, हस्सान रजा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मीरजापुर के योग गुरु सम्मानित

मीरजापुर। लखनऊ कैसरबाग स्थित भारतखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रांगड़ में योग शक्ति समारोह 2026 का आयोजन योगकुलम संस्थान द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से पहुंचे योग विद्यार्थी अभिभावक व विशेष गणमान्य व्यक्तियों के साथ योग गुरुओं का आगमन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक डॉ मनीष प्रताप सिंह ने आए हुए अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की वंदना के साथ किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग में डिप्लोमा और पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन योग कर रहे योग के विद्यार्थियों को प्रणाम पत्र देकर एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों में योग के क्षेत्र में उत्तम कार्य कर रहे योग गुरुओं को माल्यार्पण कर मोमेंटो प्रदान कर उन्हें संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद के साथ विभिन्न राज्यों देश विदेश एवं वैश्विक स्तर पर योग से अपनी अलग पहचान बनाने वाले तथा आज के युवाओं के रोल मॉडल योग गुरु राष्ट्रीय योग योगासन जज योगी ज्वाला का सम्मान का सम्मान प्राप्त करना जनपद के लिए गौरव का विषय है। सम्मानित होने पर योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने कहा कि जीवन के योग सेवा का अठारह वर्ष बड़ा ही सुंदर और सुनियोजित रूप से लोगों को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करते हुए उनकी तमाम प्रकार की बीमारियां और व्याधियों को दूर करते हुए हुए व्यतीत हो रहा है, जहां योग सेवा का मुख्य उद्देश्य ही है कि हर रोते हुए चेहरे पर मुस्कान लाना, समाज में रह रहे हर व्यक्ति को नशा व्यसन एवं दुर्व्यसन से मुक्त बनाना एवं हर परिवार को जीरो बैलेंस से स्वस्थ समृद्ध एवं नशामुक्त बनाना, उसके बाद ही जीवन का असली योग पूर्ण रूप से सिद्ध होगा।

# शांति-व्यवस्था को लेकर रूट मार्च

### बाजार से स्टेशन तक पुलिस ने किया फ्लैग मार्च




जिला संवाददाता(vol)

हिलौली, उन्नाव। रमजान माह एवं आगामी होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मौरावां थाना क्षेत्र में व्यापक पुलिस बल के साथ रूट मार्च निकाला गया।

क्षेत्राधिकारी पुरवा तेज सिंह व थानाध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह के नेतृत्व में यह मार्च मौरावां के चंदनगंज बाजार से प्रारंभ होकर स्टेशन क्षेत्र तक निकाला गया। इस दौरान अधिकारियों ने बाजार की प्रमुख गलियों में पैदल भ्रमण कर दुकानदारों से हाल-चाल लिया तथा सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। रमजान माह को देखते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों से संवाद कर आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही संभावित जुलूस मार्गों, संवेदनशील स्थलों एवं प्रमुख चैराहों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। क्षेत्राधिकारी ने थानाध्यक्ष को आवश्यक बिंदुओं पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग एवं यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रूट मार्च के दौरान थाना स्टाफ के लोग उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की है।

## होली की पूर्व संध्या पर चेयरमैन ने शुभकामनाएं दी, मिठाई खिलाकर आपसी सौहार्द बढ़ाया



हिलौली, उन्नाव। होली पर्व की पूर्व संध्या पर मौरावां नगर पंचायत के चेयरमैन कुंवर विवेक सेठ ने समस्त नगरवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने नगर पंचायत स्टाफ एवं उपस्थित पत्रकारों को मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को गले लगाते हुए भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हमें नई प्रेरणा देता है और आपसी प्रेम, सौहार्द तथा सन्मार्ग पर चलने की सीख देता है। यदि नगरवासी आपस में मिल-जुलकर रहेंगे तो नगर, प्रदेश और देश का विकास निश्चित रूप से संभव है। कार्यक्रम में जमुना तिवारी, पत्रकार पवन सिंह, राजेश चौधरी, रामबाबू लोधी, रामराज सिंह, सोनू सिंह, विनोद दीक्षित, साहित्य शुक्ला, राजेश यादव, सुनील मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही नगर पंचायत के कर्मचारी मधुकर दादा, अरुण, अमित, प्रदीप चौरसिया, शुभम सिंह, सुनील सिंह सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## नशेड़ी किशोर चढ़ा बिजली के खंभे पर



हरगांव (सीतापुर)। थाना हरगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नशेड़ी किशोर देर शाम बिजली के खंभे पर चढ़कर हंगामा करने लगा जब लोग उससे खंभे से नीचे उतरने के लिए कहते तो वह खंभे से कूद कर जान देने की बात करने लगता। किशोर की हरकत को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई और नशेड़ी किशोर की सलामती को लेकर ग्रामीणों ने फायर सर्विस सहित स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन कर किशोर को नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार जिले के थाना हरगांव क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत मदारपुर मजरा उदनापुर कलां निवासी 16 वर्षीय मोहित पुत्र छवि नाथ शराब के नशे में बिजली के खंभे पर चढ़ गया और बार-बार नीचे कूदने की धमकी देने लगा लोगों के काफी समझाने बुझाने के बावजूद जब वह बिजली के खम्भे से नीचे नहीं उतरा तो ग्रामीणों ने फायर सर्विस सहित स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर आनन-फानन में फायर ब्रिगेड स्थानीय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन कर सकुशल सोलह वर्षीय किशोर को बिजली के खंभे से नीचे उतरकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस सम्बन्ध में थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि मौके पर कानून व्यवस्था कायम है तथा कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। दूसरी ओर मोहित के परिजन बिजली के खम्भे से सकुशल मोहित को उतारे जाने पर प्रसन्नता जताते हुए पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## महायज्ञ विराट संत सम्मेलन के चौथे दिन हुआ भंडारा



परसेण्डी (सीतापुर)। 12वां श्री गुरु गोरखनाथ महायज्ञ विराट संत सम्मेलन ग्राम कन्नपुर मंदिर पोस्ट धोधी जिला सीतापुर के चतुर्थ दिवस के पावन अवसर पर यज्ञशाला में यज्ञ आचार्य पंडित उमाशंकर तिवारी नैमिषारण्य धाम अभिषेक शुक्ला के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यज्ञ यजमान श्रीकृष्णा महंत पूर्व प्रधान एवं राम भजन पुजारी के द्वारा पूजन कार्यक्रम हुआ। विशाल सत्संग हॉल में सत्संग कार्यक्रम में कर राम भूषण महाराज जी ने नैमिषारण्य के महत्व को बताते हुए बताया कि सभी सिद्धियों को देने वाला नैमिषारण्य तीर्थ है। प्रमोद यादव जी ने भगवान कृष्ण की लीलाओं के माध्यम से भक्तों को आनंदित किया। अनित जी महाराज ने बताया माता अनुसूइया के बताए हुए रास्ते पर चलकर सभी माताए बहने अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। सुनील चंचल ने बताया सबसे बड़ा धर्म परोपकार करना सेवा करना बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हजारों श्रद्धालू भक्त कार्यक्रम में उपस्थित हुए। विशाल भंडारे में हजारों भक्तों में प्रसाद ग्रहण किया।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 2 निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डरः राकेश राठौर




सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 02 निःशुल्क एल०पी०जी० सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण में माह अक्टूबर 2025 से दिसम्बर 2025 तक लाभार्थियों को निःशुल्क एल०पी०जी० सिलेण्डर रिफिल प्रदान की गई है। वर्तमान में. द्वितीय चरण में जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक निशुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान की जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के आधार प्रमाणित खातों में सिलेण्डर रिफिल पर मिलने वाली सब्सिडी का अन्तरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत निर्गत होने वाले डी०बी०सी० (लाभार्थी को दिए गए दूसरे सिलेण्डर कनेक्शन) पर उक्त योजना लागू नहीं है।

योजना के अन्तर्गत मात्र 14.2 किग्रा० के उज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डरों की सुविधा प्रदान की गई है। जिन लाभार्थियों के पास 05 किग्रा० के सिलेण्डर हैं, उनके द्वारा 14.2 किग्रा० के सिलेण्डर प्राप्त किए जा सकेंगे। जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणन अभी तक नहीं हुआ है, उनके जैसे-जैसे आधार प्रमाणित होते जाएंगे, उन्हें उक्त सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अपरान्ड 04.00 बजे लोकभवन सभागार, लखनऊ में प्रदेश के उज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 500 लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया। सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 20 लाभार्थियो को मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु द्वारा वितरित किए गए एवं अवशेष लाभार्थियों को जिलाधिकारी डॉ० राजागणपति आर०, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, मनीष वर्मा, जिला समन्चयक, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सेल्स आफीसर, इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन, सीतापुर आदि उपस्थित के द्वारा वितरित किए गए। मंत्री राकेश राठौर गुरु के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले अशुद्ध जीवाश्म ईंधन के प्रयोग से वातावरण में उत्पन्न होने वाली अशुद्ध वायु और प्रदूषण को रोकना एवं उनसे महिलाओं में उत्पन्न होने वाली बीमारियों को रोककर महिला सशक्तीकरण का बढ़ावा देना है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिह्नित स्थलों एवं मुख्य चैराहों पर सड़क सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि राहवीर योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाये। इसके लिये मुख्य स्थानों, सभी सी0एच0सी0, राष्ट्रीय राज मार्गों एवं दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर होर्डिंग लगवायी जायें। सड़क दुर्घटना के दौरान घायल की जान बचाने वाले गुड सैमेरिटन को चिन्हित करते हुये राहवीर योजना के अन्तर्गत सम्मानित किये जाने के साथ शासन द्वारा अनुमन्य राशि भी वितरित की जाये। ?एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जंक्शन सुधार हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन तथा अन्य विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि डेथ ऑडिट के कार्यों निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जाए और सभी विभागों के अधिकारी डेथ ऑडिट के समय उपस्थित रहे। डेथ ऑडिट में इस बात का विवरण भी देखा जाए कि उस स्थान पर गत 1 वर्ष में घटनाएं बार-बार तो नहीं हो रही है। यदि ऐसा पाया जाए तो उसे स्थान को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित करते हुए सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि चिन्हित सड़कों के चैड़ीकरण एवं चौराहों के सुधार हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करें।

## पुलिस ने गश्त के दौरान पकड़े अपराधी बरामद किया लाखों का सामान

सेउता (सीतापुर)। अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रेउसा थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी के कुशल नेतृत्व में रेउसा पुलिस टीम को अपराधियों के पकड़ने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। जानकारी के अनुसार रात्रि गश्त के दौरान थाना क्षेत्र रेउसा के जयगुरुदेव आश्रम के पास संदिग्ध दो व्यक्तियों को रोका गया। पूछताछ में अपना नाम राजकुमार उर्फ आरके पुत्र छोटेलाल निवासी ओरीशाह पुर थाना तम्बौर तथा दूसरे ने अंजाम आलम पुत्र निसार निवासी ग्राम डेवढ़ेडीह थाना तम्बौर बताया। दोनों की जामा तलाशी ली गई। जिसमें दोनों अभियुक्तों के पास से छः जोड़ी पायल सफेद धातु की, आठ अदद सिक्के सफेद धातु के एक सोने की चैन, दो अंगूठी पीली धातु की, 25 हजार रुपए नगद बरामद हुए। जब दोनों से कड़ाई से पूछताछ की गई तो दोनों टूट गये और बताया कि एक अन्य साथी के साथ मिलकर बिगत 23/24 जनवरी 2026 की रात में ग्राम नकहा कनौरा में चोरी करने की बात स्वीकार की है। पकड़े गये चोरों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत जेल भेजने की कार्रवाई की गई। उपरोक्त चोरी की घटना के सम्बन्ध में थाना रामपुर मथुरा में मुकदमा पंजीकृत होना बताया गया है। उपरोक्त दोनों चोरों के खिलाफ गैर जनपद में भी संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

## राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद ने असहाय परिवार के बच्चों संग बाटी खुशियां



उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद अध्यक्ष अंकित शुक्ल ने गरीब बस्तियों में रहने वाले बच्चों को एकत्रित किया और उन्हें होली के रंग, पिचकारी व अन्य सामग्री वितरित की। बच्चे होली के रंग और पिचकारियां पाकर खुश हुए तो उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी खुशी साफ झलक रही थी। अध्यक्ष अंकित शुक्ल ने बताया अब इन गरीब परिवारों के बच्चे भी औरों की तरह होली का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे। उन्होंने बच्चों को पिचकारी गुलाल, रंग आदि वितरित किया। इस दौरान संस्था के संरक्षक ए के दीक्षित सदस्य अखिल रावत शिवम, पवन, सत्यम, राहुल अनिल रामनरेश वर्मा कमल नारायण मिश्रा आदि लोग शामिल रहे।

## चिटफंड घोटाले पर पीड़ितों ने प्रशासन पर लगाये आरोप



फतेहपुर, रामा श्यामा मैरिज हॉल में ठगीपीड़ित जमाकर्ता परिवारों की महत्वपूर्ण बैठक और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक सूरजदीन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई इस सभा में चिटफंड कंपनियों द्वारा ठगे गए निवेशकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर अनियमितताओं का गंभीर आरोप लगाया। तहत आवेदनों में गड़बड़ीपीड़ितों का कहना है कि भारत सरकार द्वारा बनाए गए नए कानून तहत भुगतान कराने हेतु जिलाधिकारी कार्यालय में आवेदन करने की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार बरता जा रहा है। आवेदकों को न तो रिसीविंग दी जाती है और न ही सही क्रमांक प्रदान किया जाता है।

कई बार ज्ञापन सौंपकर नियमित आवेदन प्रक्रिया की मांग की गई, लेकिन अधिकारियों ने झूठे आश्वासनों से जिले के करीब 10 से 15 लाख निवेशकों को ठगा है। से नहर कॉलोनी परिसर में अनिश्चितकालीन आंदोलन चला रहा है, लेकिन इस बड़ी समस्या पर कोई जिम्मेदार अधिकारी, विधायक या सांसद पीड़ितों की फरियाद सुनने नहीं पहुंचा। आंदोलन की चेतावनीः सड़कों पर उतरेंगे हजारों पीड़ितनिवेशक समुदाय में आक्रोश चरम पर है। सूरजदीन विश्वकर्मा ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो मई-जून में पूरे जिले के हजारों पीड़ित एकत्र होकर विशाल आंदोलन करेंगे। इससे जिले की कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है। उन्होंने कहा, ₹चिटफंड घोटाला देश का सबसे बड़ा मुद्दा है, लेकिन जिले के विधायक-सांसद या कोई संगठन चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसा लगता है कि प्रशासन ठग कंपनियों से मिला हुआ है। पीड़ित अपनी गाढ़ी कमाई वापस मांग रहे हैं, सरकार से भिक्षा नहीं। आने वाले आम चुनावों का भी पूर्ण बहिष्कार करने की धमकी दी गई। प्रमुख उपस्थित सदस्यबैठक में जिला अध्यक्ष अंबिका प्रसाद गोरे, बलराम चंद, अवधेश कुमार विश्वकर्मा, वंश गोपाल, प्रेमलाल, रामकरण, राकेश साहू, राम अवतार, अमृतलाल, प्रदीप शर्मा, डॉक्टर रामस्वरूप वर्मा, मनोज कुमार पटेल, रुद्रपाल, संजय कुमार विश्वकर्मा, अमृतलाल सहित बड़ी संख्या में पीड़ित उपस्थित रहे।

## धमकी मिलने पर सफाई कर्मी ने पुलिस से शिकायत की

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तौरा निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत है जहां शनिवार शाम लगभग सात बजे ड्यूटी कर घर वापस आ रहा था। तभी गांव पहुंचते ही गांव के ही राहुल व मनीष शराब के नशे में मुझे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारने पीटने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोगो को आता देख जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

## मनरेगा कर्मचारी मानदेय भुगतान से रहे वंचित



सेउता (सीतापुर)। प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा होली पर्व से पूर्व प्रदेश के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को वेतन मानदेय भुगतान किए जाने के निर्देश दिए जाने के बावजूद मनरेगा कर्मचारी मानदेय भुगतान से वंचित दिखाई दे रहे हैं। विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर ब्लॉक स्तरीय मनरेगा कर्मियों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी रेउसा प्रवीन जीत को सौंपा। मनरेगा कर्मियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वह नरेगा सहित सरकार द्वारा समय समय पर सौंपे जाने वाले कार्यों को यथा समय निष्ठापूर्वक संपादित करते चले आ रहे हैं। ग्राम रोजगार सेवकों के पास अच्छा ऐंड्रॉयड मोबाइल फोन न होने के बावजूद तकनीकी कार्य भी कर रहे हैं।

मनरेगा कर्मियों का कहना है कि निराशा का विषय है कि गत दीपावली पर्व पर भी उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया था और वर्तमान में होली का पर्व अति निकट है लेकिन मनरेगा कर्मियों के मानदेय भुगतान को लेकर संशय बना हुआ है। जिस कारण मनरेगा कर्मी बेहद दयनीय स्थिति में निराश तथा आर्थिक रूप से परेशान हैं। इसका प्रभाव उनकी कार्यदक्षता पर भी पड़ रहा है। लगभग सात माह से मानदेय न मिलने के कारण पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति करने में काफी समस्या हो रही है। कर्ज बढ़ने से कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कर्मचारियों की मांग है कि होली पर्व से पूर्व मनरेगा कर्मियों का लम्बित मानदेय प्रत्येक दशा में देना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025ध्26 की समाप्ति से पूर्व सभी मनरेगा कर्मियों की लम्बित ई0पी0एफ0 की धनराशि भी उनके यू0ए0एन0 खातों में अंतरित कर दी जाए। मनरेगा कर्मियों का आरोप है कि विभागीय उदासीनता के कारण मनरेगा कर्मियों में आक्रोश की भावना अंकुरित हो रही है जिस कारण सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं नीतियों पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी ज्वलंत समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है तो विवश होकर वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर ग्राम रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष शरद शुक्ला,ए पी ओ प्रवीण मुकुंद परांजपे, रंजीत कुमार मौर्य, रामप्रताप अवस्थी, विक्रम लाल, चंद्रभाल, मनोज कुमार, लालता प्रसाद, हनुमान प्रसाद, प्रदीप अवस्थी, श्याममोहन मिश्र, अमनदीप सिंह, कमलाकांत यादव, अवधेश कुमार, ठाकुर प्रसाद, सरदार परमेंद्र सिंह रंधावा, प्रदीप दीक्षित, संतोष यादव सहित अधिकांश मनरेगा कर्मचारी मौजूद रहे।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान

उन्नाव। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने टेट अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। महासंघ के प्रदेश



महासचिव दिलीप चौहान द्वारा जारी सूचना के अनुसार 9 से 15 मार्च 2026 तक शिक्षक की पाती अभियान चलाकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्यमंत्री को ई-मेल व पोस्टकार्ड भेजे जाएंगे। इसके पश्चात 13 अप्रैल को जनपद मुख्यालयों पर मशाल जुलूस तथा 3 मई 2026 को लखनऊ स्थित इको गार्डन पार्क में धरना-प्रदर्शन कर विधानसभा तक मार्च किया जाएगा। महासंघ में शामिल प्रमुख संगठनों में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय, अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक बे एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शिवराज सिंह सहित अन्य शिक्षक संगठनों ने समर्थन दिया है। महासंघ ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर मानसून सत्र में संसद भवन का घेराव किया जाएगा तथा सभी घटक संगठनों से जनपद स्तर पर समन्वय स्थापित कर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

## शिविर में अक्षय ने किया रक्तदान

उन्नाव। विकासखंड सुमेरपुर के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक अक्षय कटियार ने 25वां रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला गंगा सुरक्षा समिति एवं गंगा विचार मंच तथा संकल्प सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में गंगा बैराज पर आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में सेना की कई जवानों, पुलिस कर्मियों, शिक्षकों और समाजसेवियों ने प्रतिभाग किया संकल्प सेवा समिति द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह एवं राहगीरों की सुरक्षा के लिए रक्तदाताओं को हेलमेट वितरण भी किया गया संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चैहान ने बताया कि अक्षय कटियार लंबे समय से संस्था से जुड़े हुए हैं अक्षय कटियार समय-समय पर आवश्यकता पड़ने वाले शिक्षक साथियों की रक्त



दान से मदद भी करते हैं अक्षय कटियार उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री भी हैं इससे पूर्व अक्षय कटियार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विषाणु रोग विभाग में रिसर्च विद्यार्थी भी रहे हैं उनके कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं बेसिक शिक्षा में आने के पश्चात भी उन्होंने अपना शोध कार्य जारी रखा उनका लक्ष्य है कि रक्त की आवश्यकता पड़ने पर हर जरूरतमंद को समय पर रक्त प्राप्त हो सके और रक्त की कभी कमी ना हो उनका कहना है कि शिक्षक समाज सबसे प्रबुद्ध वर्ग है और इस जन जागरूकता की पहल को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षकों को आगे आना चाहिए रक्तदान के लाभों की चर्चा की जानी चाहिए ताकि आमजन में इस विषय पर जागरूकता फैलाई जा सके रक्तदान शिविर में 200 लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमें संतोष सिंह चैहान, कपिल कटियार, श्याम नारायण कटियार, विजय कटियार, तनुजा पटेल, रवि सचान समेत कई रक्तदाता शामिल रहे।

संक्षेप

## ससुराल में महिला का उत्पीड़न, रिपोर्ट दर्ज

बांदा। नरैनी थाना क्षेत्र के ग्राम हड़हा निवासी सोफिया सिद्दीकी पत्नी रियाजुद्दीन ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह ससुरालीजनों के उत्पीड़न से परेशान होकर अपने मायके हड़हा में रह रही है। बबेरू थाना क्षेत्र के कोरैही गांव में उसकी ससुराल है। वह पति रियाजुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन, इरफान पुत्र कमरुद्दीन, जाहदा पत्नी कमरुद्दीन की मारपीट व गाली-गलौज के चलते मायके में रहने को मजबूर है। यह लोग आए दिन उत्पीड़न करते हैं। इरफान दबंग व अपराधी किस्म का व्यक्ति है। वह मानसिक व शारीरिक शोषण कर रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रैक्टर खंती में पलटा, चालक घायल

**बांदा।** शराब के नशे में चालक ने ट्रैक्टर खंती में पलटा दिया जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे दब गया। राहगीरों ने फंसे चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के मुर्दिरामपुर निवासी मलखान यादव पुत्र चुन्नू यादव 29 रविवार की दोपहर ट्रैक्टर चलाकर नरैनी आ रहा था। मलखान शराब के नशे में था जिस कारण उसने ट्रैक्टर को मोतीयारी गांव स्थित गौशाला के बाहर मुख्य मार्ग पर खंती में पलटा दिया जिससे मलखान ट्रैक्टर के नीचे दब गया। राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्वास्थ कर्मियों ने बताया कि चालक ने बहुत अधिक शराब पी रखी थी। घटना में उसका दाहिना पैर टूट गया है।

## फंदे पर लटके मिले नाबालिग प्रेमी युगल के शव

इटावा। जिले के बकेवर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक नाबालिग प्रेमी युगल के शव फांसी के फंदे से लटकते मिले। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चंद्र ने बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के गोपियापुरा गांव के बाहर खेत में नीम के एक पेड़ की डाल पर एक किशोर और किशोरी का शव फांसी के फंदे से लटकते हुए पाये गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। मृतकों की पहचान आदित्य (17) और सलोनी (16) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों बकेवर क्षेत्र के रहने वाले थे और प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है।

## इनामी बदमाश गिरफ्तार

सुल्तानपुर। जिले के बल्दीराय क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पैर में गोली लगने से घायल 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया।

शनिवार रात सूचना मिली थी कि एक बदमाश अवैध शस्त्र लेकर बाजार की ओर जा रहा है जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस बल पर गोलियां चलानी शुरू कर दी ।पुलिस ने बताया कि आत्मरक्षा में पुलिस दल द्वारा चलाई गोली बदमाश के पैर में जा लगी।

इसके बाद उसे पकड़ लिया गया। बदमाश की पहचान हलियापुर थाना क्षेत्र के निवासी आदर्श सिंह के रूप में हुई है जो हलियापुर थाने में दर्ज एक मामले में वांछित था और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया गया है।

पिछले वर्ष 20 नवंबर को अयोध्या पुलिस आदर्श सिंह को गिरफ्तार करने सुलतानपुर स्थित उसके घर पहुंची थी। आरोप है कि तब उसने परिजनों के साथ मिलकर पुलिस पर हमला किया था ।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में बनी आंदोलन की सहमति

जिला संवाददाता



**बांदा।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक जिला इकाई की डिस्ट्रिक्ट टीचर्स सोसाइटी में बैठक हुई। इसमें सभी शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने परिषदीय शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय स्तर पर आंदोलन की सहमति बनाई। दो दर्जन शिक्षक संगठनों ने अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक मोर्चा का गठन किया। 9 से 15

**● 13 अप्रैल को मशाल जुलूस, 3 मई को महारैली**

मार्च तक शिक्षक की पाती अभियान चलाकर 13 अप्रैल को जिला मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकालकर 3 मई को राजधानी लखनऊ में महारैली का निर्णय लिया। शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक मोर्चा का गठन किया। इसके बाद आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि परिषदीय शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय स्तर पर आंदोलन की सहमति बनी है। यदि इस पर भी सरकार ने उचित निर्णय नहीं लिया तो आगे की रणनीति बनाकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन जारी रखा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से अटेवा प्रदेश संयुक्त मंत्री वीरेंद्र पटेल, संयोजक जयनारायण श्रीवास, धीरेंद्र सिंह, यूटा प्रदेश उपाध्यक्ष निरंजन चक्रवर्ती, कुलदीप क्रांतिकारी, वि.बी.टी.सी शिक्षक वेल.ऐसो. के संरक्षक डी. सी. श्रीवास्तव, टीएससीटी सहसंयोजक कुलदीप राणा, प्राथमिक शिक्षक संघ मांडलिक मंत्री अच्छेलाल, कार्यवाहक अध्यक्ष जे.पी. वर्मा, मंत्री रामदेव सिंह, एससी, एसटी वेल.एसो. मंत्री मोहनलाल, आल अधिकारी कर्मचारी विकास परिषद अध्यक्ष सुरेश कुमार राजा, परिषदीय अनुदेशक उत्थान समिति अध्यक्ष चंद्रसेन पटेल सहित रामप्रकाश यादव, अवनीश प्रजापति, अकरम खान, , मो. नसीम अंसारी, श्यामबाबू, कृष्णा पाल मौजूद रहे।

## ब्रज में खेली गयी छड़ीमार होली

मथुरा। जिले में बरसाना और नन्दगांव की लट्ठमार होली के बाद भी ब्रज में होली का उल्लास कुछ कम नहीं हुआ है। प्राचीन परंपरा के अनुसार रविवार को गोकुल की ग्वालिनों ने कान्हा स्वरूप हुरियारों पर प्रेमपगी छड़ियां बरसाईं।

जिला प्रशासन के सूत्रों ने यहां बताया कि छड़ीमार होली की शुरुआत सुबह 10 बजे नंद भवन नन्दकिला से ठाकुरजी का डोला (शोभायात्रा) निकालने से हुई जिसके बाद यह डोला नन्द चौक से होकर मुरलीधर घाट पर पहुंचा। उन्होंने बताया कि मंदिर के सेवायत पुजारी मथुरा दास ने ठाकुरजी की आरती उतारी और गोकुल वासियों ने गली-गली में डोले का फूलों की बारिश कर स्वागत किया। सूत्रों ने बताया कि डोले के साथ गोकुलवासी मस्त होकर नाचते-गाते चल रहे थे और गोकुल की ग्वालिनें भी छड़ी लेकर डोले के साथ-साथ चल रहीं थीं। उन्होंने बताया कि इस बीच, ग्वाल-बालों ने ग्वालिनों से हंसी ठिठोली शुरु की तो पहले तो ग्वालिनों ने उन्हें समझाया, और जब वे नहीं माने तो मुरलीधर घाट पहुंचते-पहुंचते छड़ियों की मार की बरसात शुरू कर दी।

# यौन शोषण से परेशान युवक ने की आत्महत्या, मामला दर्ज

जिला संवाददाता

**भदोही।** जिले में कथित यौन शोषण से परेशान एक युवक द्वारा आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। इस सिलसिले में अदालत के आदेश पर आरोपी महिला और उसके पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी महिला द्वारा नाजायज संबंध बनाने और उसके आपत्तिजनक वीडियो के जरिये धमकी देकर लगातार यौन शोषण करने से परेशान युवक ने आत्महत्या कर ली।

**● युवक की मां ने अदालत में याचिका दाखिल की थी**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि भदोही जिले के सुरयावा थाना इलाके के कड़ोर गांव निवासी खुदकुशी करने वाले युवक की मां ने दीवानी मामलों की न्यायाधीश अनामिका चौहान की अदालत में 20 जनवरी 2026 को एक याचिका दायर की थी। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायाधीश अनामिका चौहान ने गोदमा गांव की आरोपी महिला और उसके पति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत शनिवार को मुकदमा दर्ज कर विवेचना रिपोर्ट अदालत में पेश करने का आदेश दिया।

इस सम्बन्ध में पत्नी -पति के खिलाफ शनिवार देर शाम मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एसपी ने कहा कि पीड़ित युवक (20) ने 12 दिसंबर 2025 को घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी और उस वक्त शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को दे दिया गया था। इस मामले में युवक की मां ने अदालत में याचिका दाखिल की थी।

युवक ने अपनी मां को बताया था कि आरोपी महिला ने उसके साथ नाजायज सम्बन्ध बनाया और चोरी से उसका वीडियो बनाकर लगातार शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए मजबूर किया और इस बारे में किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करती है।

एसपी ने कहा कि आरोपी महिला के पति ने शिकायत करने के बाद पीड़ित युवक को ही दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देनी शुरू कर दी थी।

अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विवेचना समेत विधिक कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक मनीष द्विवेदी द्वारा की जा रही है।

# आत्मनिर्भरता तब होगी जब हमारी अभियांत्रिकी मजबूत होगी: प्रो. राजीव त्रिपाठी



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह के निर्देशन में इस वर्ष की थीम ह्ववूमेन इन साइंस कैटालाइजिंग विकसित भारतह्न पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए प्रेजेंटेशन, पोस्टर, मॉडल, क्विज एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के पूर्व निदेशक एवं राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व कुलपति प्रो. राजीव त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि वीर बहादुर पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय के प्रो. बृज बिहारी तिवारी रहे।

कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. गंगाराम मिश्र ने स्वागत करते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि वूमेन इन साइंस का अर्थ केवल लैब में काम करना नहीं है, बल्कि यह समानता, साहस और आधुनिकता का प्रतीक है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश की आधी आबादी के पास वैज्ञानिक संसाधनों और अवसरों तक समान पहुंच होगी। भारतीय महिला वैज्ञानिक अब केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं हैं, वे जटिल मिशनों का नेतृत्व कर रही हैं। मुख्य अतिथि प्रो. राजीव त्रिपाठी ने बताया कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें अब केवल ह्नप्रौद्योगिकी का उपभोक्ताह्न नहीं, बल्कि ह्नअभियांत्रिकी का केंद्रह्न बनना होगा। हमारी आत्मनिर्भरता तब होगी जब हमारी अभियांत्रिकी मजबूत होगी और तभी हम स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित कर पाएंगे। नवाचार से नई समस्याओं (जैसे जलवायु परिवर्तन) के लिए नए इंजीनियरिंग समाधानों की आवश्यकता है ।विशिष्ट अतिथि वीर बहादुर पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय के प्रो. बृज बिहारी तिवारी ने सर सीवी रमन के जीवन एवं रमन स्पेक्ट्रा की वैज्ञानिक उपयोगिता को सरल शब्दों में समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एसएस मिश्र ने राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। प्रो. के के वर्मा द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की पृष्ठभूमि और इस वर्ष की थीम का सारगर्भित विवेचन किया गया।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने कार्यक्रम की थीम पर प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. गीतिका श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं सर सीवी रमन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सिंधू सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो बी बी तिवारी, प्रो. गंगा राम मिश्र एवं विभाग के शिक्षकों द्वारा प्रदान किए गए। यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं शोध के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ।

# जिले से दो उत्कृष्ट शिक्षकों ने किया गुजरात में एक्सपोजर विजिट





अयोध्या। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा की राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार पी.एम.श्री विद्यालयों से जिले के दो उत्कृष्ट अध्यापक अनूप मल्होत्रा एवं चन्द्रजीत यादव ने अहमदाबाद में एक्सपोजर विजिट में प्रतिभाग किया।

**● टीम के सदस्यों ने भगवान स्वामीनारायण के प्रसिद्ध मन्दिर अक्षरधाम का दर्शन कर प्रसिद्ध वाटर शो देखा**

बस्ती, देवीपाटन एवं अयोध्या मण्डल के 12 पी.एम.श्री विद्यालयों के 24 शिक्षकों की टीम ने सहायक शिक्षा निदेशक बस्ती मंडल संजय कुमार शुक्ला के निर्देश के क्रम में दिनांक 25 से 27 फरवरी तक प्रतिभाग किया। इस विजिट में आई आई टी गांधीनगर में सेन्टर फॉर क्रिएटिव लर्निंग में आयोजित कार्यशाला में प्रोफेसर मनीष जैन ने सभी का शैक्षिक उत्साहवर्धन किया। प्रोफेसर अभिजीत दास ने लैब में विभिन्न वर्किंग मॉडल्स के बारे में बताया और एक मॉडल में विभिन्न विषयों के समावेश के बारे में बताया । उक्त टीम सदस्यों ने गुजरात राज्य के समग्र शिक्षा निदेशक से भी मुलाकात की, जहाँ अहमदाबाद पी.एम.श्री स्कूल के विजिट्स की सूची उपलब्ध कराई गई। टीम के सदस्यों ने भगवान स्वामीनारायण के प्रसिद्ध मन्दिर अक्षरधाम का दर्शन कर प्रसिद्ध वाटर शो देखा। टीम लीडर सर्वेष्ठ मिश्रा के नेतृत्व में जनपद नर्मदा के पी.एम.श्री विद्यालयों के विजिट किया तथा विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा स्टेचू ऑफ यूनिटी का अवलोकन किया। टीम ने पीएम श्री प्राथमिक शाला अमदला एवं वीर सुखदेव प्राथमिक शाला का भ्रमण किया। जहां पर सभी सदस्यों का विशेष स्वागत किया गया। इसके उपरांत पी एम श्री योजना के क्रियान्वयन की सभी संचालित योजनाओं का बारीकी से अवलोकन किया जिसमें टी एल एम निर्माण, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, ग्रीन स्कूल थीम, एम डी एम संचालन के साथ प्रशिक्षण व्यवस्था और बाला फीचर मुख्य रहे। उक्त एक्सपोजर विजिट में दोनों उत्कृष्ट अध्यापकों की प्रतिभागिता करने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचन्द्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी राम सुयश वर्मा, शैलेन्द्र कुमार, जिला समन्वयक प्रशिक्षण आदर्श सिंह ने शुभकामना व्यक्त की।

# दंपति की हत्या के 20 साल पुराने मामले की दोबारा जांच के आदेश

मैनपुरी। जिले में दंपति की हत्या के 20 साल पुराने एक मामले की दोबारा जांच के आदेश दिए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अरुण कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला छह अगस्त 2005 की शाम को बेवर थाना क्षेत्र के नवीगंज गांव में कौशल (56) और उसकी पत्नी कृष्णा देवी (50) की हत्या से जुड़ा हुआ है।

मामले के मुख्य अभियुक्त अनुपम दुबे ने अपने भाई डब्बन उर्फ अनुराग दुबे तथा चार अन्य साथियों की मदद से कथित तौर पर अपने चाचा कौशल और चाची कृष्णा देवी को कुल 16 गोलियां मारीं थीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक दंपति की बेटी राधिका दुबे ने उसी रात बेवर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें अनुपम दुबे, डब्बन उर्फ अनुराग दुबे और चार अन्य को आरोपी बनाया गया था। शुरू में मामले की जांच बेवर पुलिस ने की थी, लेकिन बाद में शिकायतकर्ता की जांच एजेंसी बदलने की अर्जी पर आगरा के तत्कालीन पुलिस उपमहानिरीक्षक ने इसे एटा में पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दिया था।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) ने बताया कि जांच अधिकारी ने पांच फरवरी 2006 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सुबूतों की कमी का हवाला देते हुए अंतिम रिपोर्ट दाखिल की थी जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया था। शिकायतकर्ता ने पिछले साल अगस्त में पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा से मुलाकात कर उन्हें एक अर्जी दी और मामले की नये सिरे से जांच की मांग की। अर्जी पर कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बेवर थाने के निरीक्षक को मामले की फिर से जांच करने का निर्देश दिया।

पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वह अदालत से पहले की जांच से जुड़े दस्तावेज इकट्ठा कर रहे हैं और जल्द ही नये सिरे से सुबूत एकत्र करना शुरू करेंगे।

## रोटी बैंक ने ग्रामीणों को बांटे कपड़े, किताबें



**बांदा।** रोटी बैंक ने ब्लॉक बड़ोखर खुर्द के पडुई गांव में जरूरतमंद ग्रामीणों को कपड़े, किताबें, जूते, चप्पल व अन्य जरूरी सामान का वितरण किया। सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण, अध्यक्ष रिजवान अली की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम के नेतृत्व, प्रधान पूरनलाल प्रजापति की उपस्थिति में शहर के जिम्मेदार, जागरूक लोगों से दान में मिले गरम कपड़े, किताबें, जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम पडूई के लगभग 300 जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया। इसके बाद सोसायटी के सचिव मोहम्मद इदरीश ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कपड़े व जरूरत का सामान पाकर ग्रामवासियों में खुशी दिखाई दी और उन्होने टीम को दुआएं और आशीर्वाद दिए। इस दौरान अध्यक्ष रिजवान अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, सचिव मोहम्मद इदरीश, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, सदस्य जगदीश श्रीवास, पदाधिकारी, सदस्य व समाजसेवी मौजूद रहे। सदस्य जगदीश श्रीवास ने सभी का आभार जताया।

## साइबर ठग ले उड़े 55 लाख, रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

**बांदा।** लोगों को साइबर ठगी से बचाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार लोगों को जागरूक कर रहा है लेकिन इसके बावजूद अनेक पढ़े-लिखे लोग भी साइबर ठगों का शिकार बन रहे हैं। ऐसा ही मामला बबेरू कस्बे में सामने आया है। कस्बे के अतर्रा रोड नेता नगर निवासी मनोज कुमार द्विवेदी पुत्र विनोद कुमार ने थाना कोतवाली में तहरीर दी है। बताया कि माह दिसंबर 2025 में फेसबुक के जरिए एक व्हाट्सएप नंबर से उसको जोड़ा गया। उसको शेयर में निवेश के लिए आरबीके शेयर एप की लिंक अमोल सुखाड़े ने भेजी, उसने एप को डाउनलोड किया और अलग-अलग तारीखों में भिन्न-भिन्न खातों में उस एप में निवेश करता रहा। निवेश किया गया पैसा बढ़ता-घटता दिखाई देता रहा। उसे भरोसा हो गया लेकिन जब उसने कुछ पैसे विड्राल करने का प्रयास किया तो और अधिक पैसा जमा करने का दबाव बनाया गया, डराया, धमकाया गया। कहा कि पैसा न जमा किया तो आपका आरबीके पीएमएस एप से पैसा विड्राल नहीं होगा। उसने प्रयास करके पैसा जमा कराया। अब तक 55 लाख रुपए जमा कर चुका है फिर भी पैसा विड्राल नहीं हुआ, इस पर उसे शक हुआ। उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। ट्रांजेक्शन डिटेल व व्हाट्सएप नंबर भी उसने साइबर अपराध कार्यालय में दिया है। पीड़ित ने प्रभारी अधिकारी से कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

## बिना कार्य भुगतान की शिकायत सीडीओ से, जांच के आदेश

**बांदा।** क्षेत्र पंचायत बिसंडा में विकास कार्यों के नाम पर बिना कार्य कराए ही लाखों रुपये के भुगतान का मामला प्रकाश में आया है। शिकायतकर्ता रविकरन सिंह की शिकायत पर प्रशासन ने कार्यवाही शुरू कर दी है। बिसंडा ब्लाक के रवीकरन सिंह ने उच्चाधिकारियों सहित शासन को पत्र भेजा है। बताया है कि ग्राम पंचायत लौलीटीकामऊ में मेन रोड से विनोद के प्लाट की ओर सीसी रोड का निर्माण कार्य, ग्राम गड़ांव के उसरीपुरवा में सर्विस रोड से विद्यालय की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत लौलीटीकामऊ में राधाकृष्ण मंदिर में गेट व नवाब सिंह के घर से राधाकृष्ण मंदिर की ओर सीसी रोड का निर्माण कार्य, ग्राम कैरी में रामस्वरूप के मकान से एमए की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य का फर्जी भुगतान कराया गया है। शिकायत के बाद जांच शुरू होने पर अब निर्माण कार्य की लीपापोती की जा रही है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय से की है। शिकायत के बाद उन्होने कार्य रुकवा दिया है और निर्देश दिए हैं कि आदेश की अवहेलना होने पर ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार, मानसिक रूप से अशक्त है पीड़िता

**बलरामपुर।** जिले में मानसिक रूप से अशक्त नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी ।पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि 27 फरवरी को देहात थाना क्षेत्र में एक महिला अपनी 13 वर्षीय बेटी को लेकर खेत में काम करने गई थी और इसी दौरान एक अज्ञात युवक उसे बर्गर खिलाने के बहाने साइकिल पर बैठा कर जंगल के पास ले गया और उससे दुष्कर्म किया। बच्ची को आस-पास न पाकर मां ने तलाश शुरू की तो वह बदहवास हालत में मिली ।अधिकारी ने बताया कि बच्ची से आपबीती सुनने के बाद मां ने देहात थाने में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कराया ।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज एवं गवाहों के आधार पर आरोपी मोनू उर्फ मकसूद को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पीलीभीत बाघ अभयारण्य में मिला बाघ का शव

**पीलीभीत।** पीलीभीत बाघ अभयारण्य की माला रेंज में शनिवार रात एक वयस्क नर बाघ मृत अवस्था में पाया गया। वन विभाग ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। बाघ का शव मिलने की सूचना पर प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) भरत कुमार डीके अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। डीएफओ ने बताया कि महोफ और माला रेंज के बीच एक वॉच टावर के पास बाघ मृत मिला। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए बरेली से मुख्य वन संरक्षक ने देर रात करीब दो बजे घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके अलावा वन विभाग के क्षेत्र निदेशक और अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक भी पूरे प्रकरण की निगरानी कर रहे हैं।

डीएफओ ने बताया कि बाघ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। प्रारंभिक जांच में बाघ के शरीर पर किसी बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं पाए गए हैं। डीएफओ के अनुसार, सामान्यतः बाघों की मृत्यु आपसी संघर्ष या शिकार के कारण होती है, लेकिन शरीर पर घाव न मिलने से वन विभाग इस मामले को संदिग्ध मान रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट टाइगर के नोडल अधिकारी भी घटनास्थल का दौरा करेंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी में किसी संभावित चूक की जांच की जा सके।

## काशी विश्वनाथ धाम में खेली जायेगी फूलों की होली

**वाराणसी।** वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में होली के दिन पुष्प होली का आयोजन किया जाएगा। इस दिन धाम में श्रद्धालु पारम्परिक और आध्यात्मिक वातावरण में उत्सव मनाएंगे।

मंदिर प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि होली के दिन धाम स्थित शंकराचार्य चौक में पूर्वाह्न नौ से अपराह्न 12 बजे तक पुष्प होली का आयोजन किया जाएगा। पुष्प वर्षा से भक्तजन पारंपरिक और आध्यात्मिक वातावरण में होली उत्सव मना सकेंगे।

सूत्रों ने बताया कि इस दौरान धाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें भजन, होली गीत और पारम्परिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। इस दौरान धाम परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं और प्रवेश तथा निकास द्वारों पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और निजी सुरक्षा एजेंसियां विशेष निगरानी रखेंगी। इस दौरान सफाई का खास ध्यान रखा जाएगा ताकि धाम की पवित्रता और स्वच्छता बनी रहे।

मंदिर प्रशासन ने केवल फूलों की होली खेल कर ही उत्सव मनाने की अपील करते हुए श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे रसायन युक्त रंग, अबीर या किसी भी हानिकारक पदार्थ को धाम में न लाएं। मंदिर प्रशासन, पुलिस विभाग और सभी सहयोगी संस्थाओं ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपेक्षा जताई है, ताकि होली पर्व सौहार्दपूर्ण, सुरक्षित और गरिमामय वातावरण में संपन्न हो सके।

# ईरान में फंसे लोगों के परिजन चिंतित, केंद्र सरकार से लगायी मदद की गुहार

**बाराबंकी।** अमेरिका व इजराइल के हमले के बाद ईरान में फंसे बाराबंकी जिले के कई लोगों के परिवार बेहद चिंतित हैं और उन्होंने भारत सरकार से अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपील की है।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, बाराबंकी जिले के कम से कम सात लोग इस वक्त ईरान के कुम शहर में फंसे हैं, जिनमें छात्र और इस्लामी विद्वान शामिल हैं। हमले के बाद से कुछ लोगों से संपर्क टूटने की वजह से परिजनों की बेचैनी काफी बढ़ गई है।

बाराबंकी शहर निवासी वकील दिलकश रिजवी ने बताया कि हमले की खबर के बाद से पूरा परिवार बेहद परेशान है। कुछ लोगों से शुरुआत में बातचीत तो हुई लेकिन उसके बाद से संपर्क नहीं हो पा रहा है।

मौलाना अब्बास मेंहदी सदफ ने बताया कि उनके बड़े भाई मौलाना जफर अब्बास फैजी कुम शहर में अध्ययनरत हैं। हमले के बाद हमारी उनसे बात हुई थी। उन्होंने जानकारी दी कि कुम शहर की सीमा पर हमला हुआ है। हालांकि वहां फिलहाल हालात काबू में हैं।

नगर के कटरा मोहल्ले सहित विभिन्न इलाकों के परिवारों में डर का माहौल है।

परिजन मस्जिदों में जमा होकर अपने प्रियजनों की सलामती के लिए दुआएं मांग रहे हैं। प्रभावित परिवारों ने भारत सरकार से ईरान में फंसे विद्यार्थियों और अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

# खामेनेई की मौत से गांव किंतूर में शोक की लहर

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर मिलने से उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के बदोसराय स्थित किंतूर गांव में गम का माहौल है।

ऐसी मान्यता है कि खामेनेई के गुरु अयातुल्ला खुमैनी का किंतूर से पुश्तैनी रिश्ता था और उनके पूर्वज लगभग 150 साल पहले यहां से ईरान गए थे। हालांकि समय के साथ बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन आज भी यहां के लोग उस वंशावली और उनके इतिहास को याद करते हैं।

स्वयं को खुमैनी का वंशज बताने वाले सैयद निहाल अहमद काजमी ने रविवार को बताया कि बाराबंकी जिले के रामनगर में स्थित किंतूर गांव वर्ष 1979 में ईरान में हुई इस्लामी क्रांति के शिल्पी और नेतृत्वकर्ता रहे अयातुल्ला रूहुल्लाह मुसावी खुमैनी के दादा सैयद अहमद मुसावी का जन्मस्थान था।

**दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए दुआएं की गयी**

उन्होंने बताया कि मुसावी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई थी और वह वर्ष 1834 में एक धार्मिक यात्रा पर ईरान गए थे, क्योंकि वह स्वतंत्रता सेनानी थे इसलिए तत्कालीन अंग्रेज हुकूमत ने उन्हें भारत नहीं लौटने दिया। काजमी ने बताया कि उसके बाद मुसावी ईरान के मशहूर शिक्षा केंद्र माने जाने वाले खुमैन शहर में बस गए, और वहीं पर उनके पौत्र अयातुल्ला रूहुल्लाह मुसावी खुमैनी की पैदाइश हुई थी। खामेनेई ने खुमैनी की शागिर्दी की और उनके निधन के बाद उनकी विरासत को संभाला।

काजमी ने अमेरिका और इजराइल के हमले में खामेनेई की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए इसे इंसानियत पर हमला करार दिया।

काजमी के भतीजे और खुमैनी के प्रपौत्र डॉक्टर सैयद रेहान काजमी ने बताया कि किंतूर से ईरान का गहरा नाता है, क्योंकि यह एक समय ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अयातुल्ला रूहुल्लाह मुसावी खुमैनी का पुश्तैनी गांव है।

रेहान ने कहा कि उनके परदादा के शिष्य अयातुल्ला खामेनेई की मौत से ईरान के साथ-साथ पूरी दुनिया के मुसलमानों को गहरा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि एक ऐसे रहनुमा को खोना, जो मानवता का संरक्षक था, अपने आप में बहुत बड़ी पीड़ा है।

किंतूर वासी सैयद हुसैन जैदी ने खामेनेई की मौत पर गम और गुस्से का इजहार करते हुए कहा कि खामेनेई केवल मुसलमानों को नहीं बल्कि पूरी इंसानियत को रास्ता दिखाने वाले शख्स थे। उन्होंने अमेरिका और इजराइल द्वारा की गई इस कार्वाई को आतंकवादी हमला बताते हुए कहा कि हम सभी लोगों से अपील करते हैं कि शांति बनाए रखें। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है।

खामेनेई की मौत की खबर फैलते ही किंतूर और उसके आसपास के इलाकों में लोग इकट्ठा होने लगे। जगह-जगह दुआ फातिहा का आयोजन किया गया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## मोदी की इजराइल यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय इजराइल यात्रा से भारत और इजराइल के बीच पहले से ही मधुर रिश्तों में और गर्माहट और गहराई आयेगी। इजराइल रक्षा प्रौद्योगिकी, इंटेलीजेंस गैदरिंग, कृषि, सिंचाई और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में तकनीकी रूप से बहुत आगे है और इसका भारत को बहुत अधिक लाभ मिल सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के कार्यक्रम के तहत जैसे ही इजरायल की संसद को संबोधित किया, ऐसा करने वाले वह प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री बन गये। लेकिन साथ ही 18 देशों की संसद को संबोधित करने वाले भी वह एकमात्र प्रधानमंत्री हैं। यह किसी की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की ताकत है। प्रधानमंत्री के जरिए भारत का सम्मान और कीर्तिमान सामने आया है। भारत विश्व की एक उभरती हुई महाशक्ति है, सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था है और सबसे विशाल, सशक्त लोकतंत्र है। यह इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी माना और ज्ञापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे देश में दोबारा गये, जिसे 10 अरब देश मान्यता ही नहीं देते, लेकिन किसी भी मुस्लिम देश ने प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का घोषित विरोध नहीं किया। वैसे भारत में भी वामपंथी किस्म की ताकतें चिलचिलाती रही हैं कि इजराइल की मान्यता रद्द करें। इजरायल को भारत ने मान्यता 1992 में तब दी थी, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और कुछ वामपंथी सांसद भी उस अल्पमत सरकार को समर्थन दे रहे थे। बहरहाल महत्वपूर्ण सवाल यह है कि करीब 1.20 करोड़ की आबादी वाला इजरायल, 147 करोड़ से अधिक की सर्वाधिक आबादी वाले भारत के लिए इतना जरूरी और रणनीतिक साझेदार क्यों है? क्योंकि नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, एआई, साइबर सुरक्षा, हाईटेक विनिर्माण, सेवाओं, रेगिस्तान में खेती,



जल प्रबंधन तकनीक और रक्षा सहयोग के संदर्भ में इजराइल भारत का आजमाया हुआ मित्र-देश है। वह भारत को 'हैरोन ड्रोन' देगा, जो 35,000 फुट की ऊंचाई पर लगातार 45 घंटे तक और 470 किग्रा सामान लेकर उड़ने में सक्षम है। इजरायल ड्रोन प्रौद्योगिकी का मास्टर देश है। वह नवाचार का भी पॉवर हाउस है। उसने कृषि में क्रांति की है और वह 'आयरन डोम' वायु रक्षा प्रणाली वाला देश है, जिसकी सफलता-दर 90 फीसदी से भी अधिक है। इंटेलीजेंस गैदरिंग में 'मोसाद' के कारनामे अद्वितीय हैं। राजधानी दिल्ली से आधे से भी छोटा देश और भारत का तीसरा सबसे बड़ा रक्षा-सहयोगी और रणनीतिकार देश है इजराइल। भारत सबसे अधिक 36 फीसदी रक्षा उत्पाद और हथियार आदि रूस और 33 फीसदी फ्रांस हमें सप्लाई करते हैं, लेकिन 13 फीसदी का योगदान इजरायल का भी है। इजराइल का आयरन डोम ऐसा सिस्टम है, जो इजरायल ने सिर्फ अमरीका को ही दिया है और अब भारत को मुहैया करा सकता है। अगर ऐसा होता है तो वाकई यह भारत-इजरायल की आयरन डोम दोस्ती और भाईचारे का नया अध्याय होगा। दोनों देशों के संबंध 2000 साल पुराने हैं। इसका प्रधानमंत्री मोदी ने उल्लेख किया है और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी कहा है कि दोनों प्राचीन सभ्यताओं वाले देश हैं। भारत यहूदियों का अपना घर है। भारत के प्रमुख शहरों में यहूदी बसे हुए हैं। प्रताड़ना या शोषण अथवा हिंसा का कोई भी प्रमुख मामला यहूदियों के खिलाफ भारत में सामने नहीं है। आज भारत में इजरायल के सबसे अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं और भारत सरकार भी उनकी मदद कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों को आतंकवाद से पीड़ित माना और मुंबई के 26/11 आतंकी हमले और इजरायल में 7 अक्तूबर, 2023 को हमास के नरसंहार को एकसमान करार दिया। हमास नरसंहार की निंदा की। प्रधानमंत्री ने इजरायली संसद के मंच से कहा कि नागरिकों की हत्या किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई तभी कारगर हो सकती है जबकि आतंकवाद के हर रूप की निंदा की जाये। भारत और इजराइल आतंकवाद से बहुत पीड़ित और प्रभावित देश हैं और आतंकवाद के खिलाफ हमारी साझा लड़ाई मानवता के व्यापक हित में है।

### विचार

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंत:करण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

–स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

–कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

–कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

–शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

# अनिश्चितता, अशांति के शिकंजे में मध्य पूर्व



मनोज बाजपेयी

**इस युद्ध से भारत का कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन इस युद्ध की बड़ी कीमत भारत को भी चुकानी पड़ेगी। खाड़ी में करीब-करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं। भारत का करीब एक तिहाई रेमिटेंस खाड़ी देशों से आता है। इसके साथ ही गल्फ कंट्रीज के साथ भारत का बड़ा व्यापार भी है। इन तमाम कारणों से भारत गंभीर रूप से इस युद्ध से प्रभावित होगा।**





विमर्श

ईरान पर इजराइल और अमरीका हमले की पटकथा तो तभी लिख दी गयी थी जब 7 अक्टूबर 2023 को ईरान के प्रॉक्सी संगठनों ने हमास की शक्ल में इजराइल पर हमला कर दिया था। हमास के हमले में करीब-करीब 2000 इजराइली नागरिक जिसमें महिलाएं, बच्चों की बड़ी संख्या थी मारे गये थे। इसके बाद से ही इजराइल ने अपने सभी खतरों को मिटा देने के संकल्प के साथ अभियान शुरू किया था। उस समय नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल पर हमला करने वाले सभी गुनहगार अपने को मरा हुआ समझें। इजराइल ने इसके बाद से जो युद्ध छेड़ा वह अभी तक खत्म नहीं किया है। उसने पहले गाजा में हमास को खत्म किया, फिर लेबनान में हिजबुल्ला को ध्वस्त कर किया और फिर यमन में हुतियों का बड़े पैमाने पर खात्मा किया। ये तीनों से संगठन ईरान के प्रॉक्सी थे ओर इनको ईरान से ही हथियार और पैसे मिलते थे। इजराइल जब ईरान के इन तीनों प्रॉक्सी संगठनों को खत्म या काफी हद तक कमजोर कर ले गया, तो उसने इनको पालने वाले ईरान पर धावा बोल दिया। पिछले साल 13 से 24 जून के बीच 12 दिनी जंग में ईरान के न्यूक्लीयर फैसिलिटी को और बड़े पैमाने पर मिलिट्री इस्टॉलेशन को ध्वस्त कर दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी की इजराइल यात्रा के खत्म होने के तुरंत बाद जिस तरह अमरीका और इजराइल ने ईरान पर साझा, सटीक और बड़ा हमला बोला और सुप्रीम लीडर खेमेनाई, आईजीआरएस के टॉप कमांडर सहित चालीस बड़े नेताओं और सैन्य नेतृत्व को खत्म कर दिया। इससे स्पष्ट है कि इजराइल और अमरीका की सामरिक प्लानिंग स्पष्ट थी, उनको हर हाल में ईरान की वर्तमान सत्ता को हटाना, ईरान के न्यूक्लीयर और मिसाइल ताकत को खत्म कर तेहरान में ऐसी सत्ता स्थापित करना है जो अमरीका के इशारों पर चले। इस तरह अमरीका इजराइल की सुरक्षा और अस्तित्व को सुनिश्चित करने के साथ ही तेहरान में ऐसी सरकार स्थापित करेगा जो वॉशिंगठन के इशारों पर चले। इस तरह अमरीका ठीक वैसे ही ईरान के तेल संसाधनों पर परोक्ष रूप से कब्जा कर लेगा जैसे उसने मादुरो को उठाकर वेनेजुएला के तेल संसाधनों पर काबिज हो गया है। ईरान अपने बची-खुशी ताकत और मिसाइल जखीरे का इस्तेमाल पर इजराइल और खाड़ी के उन देशों पर हमला करेगा जहां अमरीका के सैन्य अड्डे हैं। इसमें कुछ हद तक कोलेट्ट्रल डैमेज भी होगा। लेकिन इससे लंबे समय में ईरान को ही नुकसान होगा क्योंकि जिन देशों पर यूएई, ओमान, कुवैत, कतर, बहरीन सहित जिन अन्य देशों खाड़ी के देशों पर ईराना मिसाइलें वर्षा रहा है, उनका इस युद्ध से कुछ खास लेना-देना नहीं है। खाड़ी के देश पूरी तरह अमरीका के शिकंजे में, ईरान अमरीका से टकराता था यही बात अमरीका को चुभ रही थी। अब उसने खेमेनाई सहित लगभग संपूर्ण टॉप लीडरशिप के साथ ही दूसरी कतार के नेतृत्व को भी खत्म कर दिया है। इसलिए अब ईरान के पास बहुत दिनों तक लड़ने के लिए न तो सैन्य साजो-सामान है और शायद हौसला भी न बचे। इसलिए यह युद्ध ज्यादा दिन चलेगा नहीं लेकिन इसके परिणाम लंबे समय तक महसूस किये जायेंगे। अमरीका एक बार फिर से दुनिया की नजरों में संदिग्ध हो जायेगा।

जेहादी आतंकवाद की घटनाओं में वृद्धि हो सकती है, दुनिया में नये सिरे से ग्रुपिंग, मिलिट्री अलायंस देखने को मिल सकता है। जहां तक इन घटनाओं से भारत पर क्या असर होगा... तो एक बात स्पष्ट है कि भले ही भारत इस युद्ध का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हिस्सा नहीं है। इस युद्ध से भारत का कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन इस युद्ध की बड़ी कीमत भारत को भी चुकानी पड़ेगी। खाड़ी में करीब-करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं। भारत का करीब एक तिहाई रेमिटेंस खाड़ी देशों से आता है। इसके साथ ही गल्फ कंट्रीज के साथ भारत का बड़ा व्यापार भी है। इन तमाम कारणों से भारत गंभीर रूप से इस युद्ध से तो प्रभावित होगा ही लेकिन युद्ध के कारण सप्लाई चेन बाधित होने और होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की स्थिति में दुनिया में तेल की कीमतें बढ़ेंगी और इसका सीधा असर भारत में महंगाई, पूंजी बाजार में गिरावट, रुपये की अस्थिरता, आयात-निर्यात में बाधा के साथ ही फॉरेक्स रिजर्व पर भी पड़ेगा। मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने से सोमवार को शेयर बाजार पर बुरा असर पड़ने की उम्मीद है। अमेरिका और इजरायल ने शनिवार को ईरान पर हमला किया, जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई।

ईरानी स्टेट मीडिया ने रविवार की सुबह इसकी पुष्टि की। इस घटना से वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ गई है और तेल की कीमतों में तेजी आने की आशंका बहुत अधिक बढ़ गयी है। विशेषज्ञों का मानना है कि मिडिल ईस्ट का यह संकट जितना लंबा चलेगा, शेयर बाजार पर भी उतना ही ज्यादा असर पड़ेगा। पूंजी बाजार के जानकारों का मानना है कि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से निवेशकों का मूड और कमजोर हो गया है। खासकर भारत जैसे तेल आयात करने वाले देश के लिए क्रूड ऑयल की अधिक कीमतें मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। इससे महंगाई बढ़ सकती है, सरकारी खजाने पर बोझ पड़ सकता है जिससे ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो सकती हैं। सोमवार को बाजार खुलते ही सतर्क या नकारात्मक रुख दिख सकता है। क्रूड कीमतें ऊंची बनी हुई हैं और भू-राजनीतिक खतरा बना हुआ है। ब्रेंट क्रूड, जो दुनिया का प्रमुख तेल बेंचमार्क है, 2.87 फीसदी चढ़कर 72.87 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है और अगर युद्ध लंबा खिंचता है में बड़ी तेजी आयेगी। यह स्थिति किसी भी रूप से भारत के हित में नहीं है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब ऊर्जा सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर साफ असर डाल रहा है। भारत जैसे देश के लिए, जो ज्यादा तेल बाहर से मंगाता है, महंगा तेल सीधे महंगाई बढ़ा सकता है। ऐसे माहौल में बाजार की शुरुआत कमजोर रह सकती है और दिनभर तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। निवेशक अब वैश्विक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों को लेकर ज्यादा सतर्क हो गये हैं। जहां तक ईरान में खेमेनाई के बाद की स्थिति है तो ईरानी संविधान के अनुच्छेद 111 के मुताबिक सर्वोच्च नेता की मृत्यु से लेकर सर्वोच्च नेतृत्व परिषद की ओर से नये सर्वोच्च नेता की नियुक्ति तक, तीन सदस्यीय परिषद अस्थायी रूप तौर पर नेतृत्व का जिम्मा संभालती है। इस परिषद के सदस्यों में देश के राष्ट्रपति, न्यायपालिका के प्रमुख और संरक्षक परिषद के एक न्यायविद शामिल होते हैं।

ईरान ने अली रजा अराफी को इस सर्वोच्च परिषद में न्यायविद के पद पर चुना है। अली रजा अराफी अब अंतरिम सुप्रीम लीडर हैं और अब ईरान आगे का रास्ता फिलहाल तब तक इन्हीं के नेतृत्व में तय करेगा, जब तक नया सुप्रीम लीडर तय नहीं हो जाता। ईरान वर्तमान में शिया बहुसंख्यक आबादी वाला दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश है। ऐसे में खेमेनाई की मौत के बाद पूरी दुनिया में अमरीका और इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। लोग अपना विरोध सड़कों पर उतर कर जता रहे हैं। लेकिन इससे खाड़ी के हालात में कोई बदलाव आने वाला नहीं है। संघर्ष जितना लंबा चलेगा ईरान, खाड़ी के अन्य देशों और पूरी दुनिया को उतना ही अधिक नुकसान होगा। फिलहाल अब सिर्फ यह कामना की जा सकती है कि यह युद्ध जल्द खत्म हो, लेकिन कब खत्म होगा इस संदर्भ में भरोसे से कुछ नहीं कहा जा सकता।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

लखनऊ स्थित सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर मा. राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह जी एवं पूर्व सांसद रवीन्द्र कुशवाहा जी से भेंट कर विभिन्न विषयों चर्चा की। केशवप्रसाद मौर्य



किसी देश के सबसे खास से लेकर आम नागरिकों तक पर हो रहे जानलेवा हमलों व जंग के हालात हमारे देश की सरकार इस मुद्दे पर अपना रुख साफ करें। अखिलेश यादव



भारत राज्यों का संघ है, भारत की एकता न सम रूपता की चाह रखती है, न बहुलता का महिमा मंडन, यूनियन जैसा ढीला शब्द रिश्ते परिभाषित करने की हमें आजादी देता है। योगेन्द्र यादव.



## मनुष्य की नैतिक शक्ति

अंतर्दृष्टि

विचार, शांति, ध्यान और नैतिक, चारित्रिक शक्ति के जरिए वासनाओं पर नियंत्रण प्राप्त करना सफल व्यक्तित्व का उदाहरण है। वासना मनुष्य के चरित्र पर आघात करती है। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानी चाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

## भ्रष्टाचार की पताका लहराइये

व्यंग्यलोक

कथा इस प्रकार है कि अगर जरा भी हिम्मत है, अनीति में अभीप्सा है, रस है, लगाव है, प्रेम है अपने आत्म तत्व से, तो तुम्हारे भीतर ही भ्रष्टाचार को पैदा कर लो। और सब हो जायेगा। कार भी, कन्या भी, कोठी भी और विशिष्ट अलौकिक कुर्सी भी। सब वहां घटित हो जायेंगे। वहां न जन्म है न निर्वाण। वहां महासुख है अलौकिक। न वहां पराया है कोई न अपना, न कोई मैं न तू। भ्रष्टाचार में कोई किसी का भेद नहीं। वहां भ्रष्टाचार ही असली शिष्टाचार है। वहां अपने-पराये का तो होश अलग, खुद स्वयं तक का होश छूट जाता है। किसको ख्याल रह जाता है, ऐसा भ्रष्टाचार घटित होता है। क्योंकि भ्रष्ट आचरण की उस परम अवस्था में इतना भी भेद कहां रहता है? कौन पिता, कौन बेटा! हे प्राणी! होश किसी का भी न रख! भ्रष्ट अधिपति के मंदिर में कौन मैं और कौन तू? सकल शिष्टाचार को विस्मृत कर दे! भ्रष्टाचार की तल्लीनता में तो भक्त भगवान हो जाता है, भगवान भक्त हो जाता है। भ्रष्टाचार की तल्लीनता में न तो कोई पुजारी है, न कोई पूज्य है। वहां तो परम अनीति है। वहां तो अन्याय का नाद बजता है। वहां तो डॉलर ही परम संगीत है। बड़ी अलौकिक घड़ी है। घोर अंधेरे चंद्रमणि जैसे करे उजास। जैसे घोर अंधकार में चंद्रमणि बड़ा मनमोहक उजाला कर देती है, इसी तरह यह अपूर्व महासुख एक क्षण में ही संपूर्ण कष्टों का नाश कर देता है। भ्रष्टाचार की ऐसी चंद्रमणि की प्राण-प्रण से रक्षा करनी चाहिए। ऑफिस रूपी मंदिर में इसकी प्राण प्रतिष्ठा बहुत जरूरी है। समूचे गर्भगृह से लेकर ऑफिस रूपी मंदिर के कंगूरे परिक्रमा स्थल तक, भ्रष्ट आचरण की पताका को बड़े साहस से फहराना चाहिए। इस वचन को ख्याल में लेना, क्योंकि राजा हरिश्चंद्र की कुछ औलादें तुम्हें कुछ और ही समझा रही हैं। वे समझा रही हैं कि जन्मों-जन्मों के कर्म हैं, सच्चाई और नीति पर चलने के लिए। नहीं चलोगे तो जन्म-जन्म लगेंगे कटने में, जल्दी होने वाला नहीं है कुछ। लेकिन भ्रष्टोमणि अधिपति कहते हैं- साहस कीजिए रिश्वत लेने की। कोई जरूरी नहीं है कि वह रोकड़े के रूप में ही हो। वह किसी नमकीन कन्या के रूप में भी हो सकता है। किसी फैक्ट्री की रजिस्ट्री भी हो सकती है। कोई खेत का टुकड़ा आपके नाम किया जा सकता है! कोई पाइप बिछाने का ठेका भी दिया जा सकता है। ये तमाम चीजें भक्षण योग्य है। अगर भ्रष्टाचार करें तो एक क्षण में जीवन में प्रकाशमान होने की घटना घट जाती है, एक पल में। जैसे नीति रूपी अंधेरा हजारों साल से घिरा हो तो क्या तुम सोचते हो रिश्वत रूपी दीया जलाओगे तो अंधेरा मिटेगा नहीं?



राम विलास जॉगिड़

## मधुवन: जहां पत्ते-पत्ते पर गूंजती है रंगों की वासंती कृष्ण कथा...



होली पर विशेष

भारतीय सभ्यता में कुछ ऐसे वन हैं, जो केवल भौगोलिक स्थलभर नहीं हैं बल्कि भावना, स्मृति और आध्यात्मिकता के जीवित अनुभव हैं। ब्रजभूमि का मधुवन ऐसा ही वन है, जहां हर वसंत के साथ केवल फूल ही नहीं खिलते बल्कि कृष्णकथा भी जीवित हो उठती है। यहां हवा में घुली सुगंध, वृक्षों की छाया और यमुना की लहरों के बीच आज भी ऐसा लगता है मानो बांसुरी की वह अंतत ध्वनि कहीं पास से ही आ रही हो। मधुवन मधुरता का वन है, यह वह स्थल है, जहां भगवान कृष्ण ने पहली बार प्रकृति से सघन्न मित्रता की थी। जब वह यहां अपनी गायों के साथ आते तो यह आना, केवल एक चरवाहे का नहीं होता बल्कि प्रकृति और चेतना का मिलन होता। वृक्ष स्थिर होकर उनकी बांसुरी की मधुर ध्वनि सुनते, पत्तियां थिरकतीं और पक्षी उस दिव्य संगीत में अपनी स्वरलहरियां जोड़ देते। इसलिए मधुवन केवल वन नहीं है, प्रकृति और परमात्मा से संवाद का स्थल है।

हर साल होली के मौके पर ब्रजभूमि में केवल त्योहार की वापसी नहीं होती बल्कि एक सांस्कृतिक स्मृति पुनर्जन्म होता है। जब होली के मौके पर ब्रज में गुलाल उड़ता है और ह्यआज ब्रज में होली रे रसियाह्न जैसा मधुर गीत गूंजता है, तो वह केवल वर्तमान का उत्सव नहीं होता बल्कि वह राधा-कृष्ण के मिलन की प्रतिगूंज होती है। जिसे पहली बार मधुवन ने देखा था। इसलिए ब्रजभूमि में होली का रंग केवल शरीर पर नहीं लगता बल्कि आत्मा पर इसकी छींटें पड़ती हैं। जैसे कृष्ण स्वयं प्रेम और आनंद से जगत को रंग रहे हैं। सांस्कृतिक दृष्टि से मधुवन का बहुत व्यापक महत्व है। ब्रज के लोकगीतों, चित्रकला, शास्त्रीय संगीत और साहित्य में मधुवन का बार-बार जिक्र होता है। आज भले ही मधुवन का प्राचीन रूप न बचा हो, लेकिन उसकी स्मृति और सांस्कृतिक उपस्थिति अब भी जीवित है। वृंदावन की गलियों में, यमुना के तट पर और मधुवन की हर डाली पर आज भी होली के मौसम में राधा-कृष्ण की वासंती मिलन स्मृति पोर-पोर से ताजा होती है और हमें याद दिलाती है कि भारतीय सभ्यता में वन केवल एक संसाधन ही नहीं बल्कि जीवन, प्रेम और आध्यात्मिकता का स्रोत रहे हैं। मधुवन का उल्लेख पुराणों में भी बहुत जगह मिलता है। यह वही वन है, जहां बालक कृष्ण ने पहली बार न केवल अपनी बांसुरी के स्वर में प्रकृति को मोहित किया था बल्कि यह वही वन है जहां कृष्ण ने ग्वाल बालों के साथ रास रचाया था। यमुना के किनारे आज भी यह वन कई सौ एकड़ में फैला है, जहां घने वृक्ष, पुष्पों और मधुर सुगंध से भरपूर रहते हैं। इसी कारण इसका नाम मधुवन अर्थात मधुरता का वन है। मधुवन कृष्ण की बाल लीलाओं की स्थली है और रास लीलाओं का भी हमराज है। यह वही वन है जहां गोपियों का कृष्ण से मिलन होता था। यहीं कृष्ण लीला प्रस्तुति पाती थी कि जब मनुष्य अहंकार को त्यागकर नृत्य में लीन हो जाता है, तो वह परमात्मा के साथ एकाकार हो जाता है। होली के मौके पर मधुवन की स्मृति और भी चटख हो जाती है। क्योंकि ब्रज की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं बल्कि आध्यात्मिकता का पुनर्जन्म है। माना जाता है कि पहली बार कृष्ण ने गोपिकाओं के साथ होली खेली थी और उसी की स्मृति में वृंदावन के इस हिस्से को मधुवन का नाम मिला था। आज भी होली के मौके पर मधुवन का कोना-कोना राधा-कृष्ण की आध्यात्मिक मौजूदगी से जीवंत हो उठता है। ब्रज के लोकगीतों में मधुवन का जिक्र बार-बार आता है। जैसे 'मधुवन में रास रचायो श्याम'। शास्त्रीय संगीत में मधुवन की वजह से ही ब्रजरास और होली गीतों की स्मृति जीवित है। आज भले मधुवन अपने प्राचीन स्वरूप में न हो, लेकिन जब तक इस धरती में जीवन है, स्मृतियां हैं, तब तक मधुवन की सांस्कृतिक स्मृति में राधा-कृष्ण की मौजूदगी रहेगी। नई पीढ़ी के लिए मधुवन में एक बहुत ही मधुर और आकर्षक संकेत है।

आज जब आधुनिक जीवन में प्रकृति से दूरी बढ़ रही है, तो मधुवन की कथा हमें याद दिलाती है कि हमारी संस्कृति की जड़ें हमेशा से वनों में बहुत गहरे तक रही हैं। होली का रंग केवल एक उत्सव नहीं बल्कि उस वन संस्कृति का प्रतीक भी है, जिसमें प्रेम और आनंद मिलकर आध्यात्मिकता का रंग बनाते हैं। मधुवन हमें सिखाता है कि जीवन का सच्चा उत्सव बाहरी रंगों में नहीं, आतंरिक मधुरता में है। इसलिए, भारतीय सभ्यता में मधुवन केवल पेड़ों का समूह नहीं, संस्कृति और आस्था का प्रतीक स्थल है। यहां के हर पत्ते, हर डाली में हर समय कृष्ण की स्मृति लहर-लहर करती रहती है और होली के अवसर पर तो यह अपने आपमें दिव्य अनुभूति बन जाती है।

वीना.

### आप की बात

## विकास और रोजगार

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इसलिए सरकार को बुनियादी विकास करना चाहिए।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

## महिलाओं के लिए वरदान

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## कैदी पुलिस हिरासत से फरार, दो पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज

महराजगंज। जिले में बलात्कार समेत कई मामलों में गिरफ्तार एक विचाराधीन कैदी अदालत में पेशी के लिए ले जाते समय पुलिस हिरासत से फरार हो गया। इस मामले में दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने श्यामदेउरवा थाने में दर्ज प्राथमिकी के हवाले से बताया कि एक नाबालिग से बलात्कार और दलित उत्पीड़न समेत कई मामलों में गिरफ्तार कुशीनगर निवासी किशन साहनी (22) को शनिवार को फरेंदा की अदालत में पेशी के लिए लाया गया था। रास्ते में चौपरिया इलाके के पास लघुशंका का बहाना बनाकर साहनी फरार हो गया।इस संबंध में उप निरीक्षक विवेक कुमार सिंह की शिकायत पर हेड कांस्टेबल उदयभान शुक्ला और होमगार्ड जवान नंदकिशोर के खिलाफ लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। हेड कांस्टेबल की शिकायत पर फरार आरोपी किशन साहनी के खिलाफ भी अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश के लिए कई टीम गठित की गई हैं और उसे जल्द फिर से गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जमीनी विवाद में गोली मारकर युवक की हत्या

जिला संवाददाता



गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या से पहले दोनो पक्षो में जमकर वाद-विवाद व गाली गलौज भी हुआ। जिसके बाद एक

**● हत्या से पहले दोनो पक्षो में जमकर हुआ वाद-विवाद**

युवक ने उस पर फायर कर दिया। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों ने उसे लेकर मंडलीय चिकित्सालय दर्शननगर पहुंचे जंहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने पिता समेत तीन पुत्रो के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में टीम को लगा दी है।परिजनों के मुताबिक अंकारीपुर गांव निवासी भूपेंद्र सिंह 40 पुत्र सुरेंद्र सिंह ने काजीपुर गाडर (मन्डा का कोटवा) के पास बाईपास पर अपने भाई के नाम यतेंद्र सिंह उर्फ आजाद सिंह के नाम एक माह पूर्व 15 गुणे 80 फिट की एक जमीन सुनीता वर्मा पत्नी सुरेश वर्मा से खरीदा था जिसका विपक्षी विरोध कर रहे थे। रविवार की सुबह लगभग नौ बजे भूपेंद्र सिंह अपने भाई के साथ जमीन को देखने गए थे। आरोप है कि मौके पर पहले से मौजूद विपक्षी से वादविवाद शुरू हुआ जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गयी।इसी बीच फायरिंग हुई और गोली भूपेंद्र सिंह के सीने में लगीं, जिससे वह घायल होकर गिर पड़े। मामले की सूचना पर कोतवाली से लेकर जनपद तक हड़कम्प मच गया और कई थानों की पुलिस के साथ एसपीआरए बलवंत चैधरी पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। एसपीआरए बलवंत चैधरी के मुताबिक मृतक के भाई यतेंद्रसिंह की तहरीर पर काजीपुर गाडर निवासी चंद्रप्रकाश वर्मा पुत्र ठाकुरदीन वर्मा व उसके तीन पुत्र चन्द्रगीत उर्फ लकी, अमित कुमार व आयुष के खिलाफ केस दर्जकर आरोपितों के धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद काजीपुर गाडर सहित आसपास के इलाकों में सन्नाटा पसरा हुआ है। वंही मृतक का शव पीएम के बाद जब घर पहुंचा तो चीत्कार मच गया। मृतक के घर पर पूर्व विधायक इन्द्रप्रताप तिवारी खब्बू के साथ पहुंचे एसएसपी गौरव ग्रोवर ने आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया। मृतक का अंतिम संस्कार पुलिस की निगरानी में दिलासीगंज श्मशान घाट पर कर दिया गया।

## महान समाज सुधारक थे संत गाडगेः देवमणि कनौजिया

मिल्कीपुर-अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर के खिहारन ग्राम पंचायत स्थित अंधी अंधा श्रवण आश्रम में रविवार दोपहर 12 बजे संत गाडगे जयंती समारोह एवं समाज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उम्मीद किरण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अवध विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. देवमणि कनौजिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. देवमणि कनौजिया ने संत गाडगे बाबा को महान समाज सुधारक और स्वच्छता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि संत



गाडगे जहां भी जाते थे, वहां साफ-सफाई में हिस्सा लेकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश देते थे। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ लोगों को जागरूक किया और सभी को शिक्षित बनने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि अंबुजनिधि कनौजिया ने समाज के लोगों से शराब और मांसाहार त्याग कर इन पर खर्च होने वाले पैसे को बच्चों की शिक्षा पर लगाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी लाल चन्द्र चैरसिया ने किया, जबकि अध्यक्षता राम उजागिर कनौजिया ने किया।इसके अलावा कार्यक्रम को रामभोर कनौजिया, बैजनाथ कनौजिया, ज्ञानचंद कनौजिया, सभाराज मौर्य, रामनाथ कनौजिया, अयोध्या प्रसाद कनौजिया, राजवंत कनौजिया, सुरेंद्र कनौजिया और रामराज बौद्ध सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रामसजीवन कनौजिया, संतोष कनौजिया, रामनरेश कनौजिया, राहुल कनौजिया, रूपेंद्र कनौजिया, रंजीत कनौजिया, अमन चैरसिया, सूरज कनौजिया, सुनील कुमार कनौजिया, राजेंद्र कुमार कनौजिया, विशाल मौर्य समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तहसील नानपारा में अवैध अतिक्रमण से मुक्त करायी गयी 24 बीघा जमीन

**बहराइच** । भारत-नेपाल सीमा से सटे 0 से 15 किलोमीटर के संवेदनशील क्षेत्र में सरकारी भूमि एवं नो-मेन्स लैंड पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस व एसएसबी द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई के दौरान अब तक 24 बीघा जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। श्रीमती जौहरी ने बताया कि वर्तमान समय में नो मैन्स लैण्ड पर कोई भी अतिक्रमण नहीं है। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत कुल चिन्हित 366 अतिक्रमण के सापेक्ष अब तक 212 मामलों में 1.863 हेक्टेयर भू-भाग जो कि लगभग 24 बीघा सरकारी जमीन पर से अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अवशेष चिन्हित 118 प्रकरणों के सापेक्ष मा. न्यायालयों में वाद प्रचलित होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई है। एसडीएम ने बताया कि मा. न्यायालयों के आदेश के उपरान्त अवशेष मामलों में भी नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

एसडीएम ने बताया कि अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध संचालित किये गये अभियान के दौरान चिन्हित स्थलों पर राजस्व अभिलेखों के अनुरूप सीमांकन कराया गया और तत्पश्चात अवैध निर्माण/कब्जे हटाए गए। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरन्तर संचालित रहेगा। सरकारी भूमि का सत्यापन कराया जाएगा यदि किसी भी सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा मिलता है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती जौहरी ने बताया कि राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक/सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाये।

## ईपीएस 95 पेंशनर्सो ने कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया को सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** ईपीएस 95 पेंशनर्सो ने अपनी 4 सूत्रीय मांगो को लेकर काग्रेस सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन सौपा। जिस पर काग्रेस सांसद ने समस्याओ का समाधान करवाये जाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौपने वालो मे सतीश चंद्र अग्निहोत्री, ओंकार मिश्रा, अमरनाथ मिश्रा आर0पी0 सिंह, काशी प्रसाद, स्वामी प्रसाद, योगेंद्र कुमार गुप्ता, समेत पेंशनर उत्तर प्रदेश रोडवेज, कॉरपोरेशन उत्तर प्रदेश वन निगम, उत्तर प्रदेश प्रदेश आवश्यक वस्तु खाद्य निगम, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सोमैया मिल, सूत मिल, शुगर मिल कारखाने व निगम के लोग मौजूद रहे।

# डीएम का आदेश भी एसडीएम की नजर में बौना

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** अमानीगंज विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरा उर्फ सुमेरपुर में सरकारी भूमि पर आंगनवाड़ी भवन एवं आरसीसी सेंटर का निर्माण स्थानीय तहसील प्रशासन के चलते ढुलमुल

**● सरकारी भूमि में आंगनवाड़ी भवन निर्माण न हो पाने का मामला गरमाया**
**● नाराज ग्राम प्रधान आत्मदाह को निकले, प्रशासन ने समझा बुझाकर कराया शांत**

रवैया के चलते अधर में लटका पड़ा है। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम समाज की जमीन में निर्माण कराए जाने का आदेश भी एसडीएम की नजर में बौना बना हुआ है। जिसके चलते ग्राम प्रधान आदर्श श्रीवास्तव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में प्रधान ने ग्राम पंचायत में प्रस्तावित आंगनबाड़ी केंद्र एवं आरआरसी सेंटर निर्माण को लेकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम प्रधान के अनुसार ग्राम सभा के राजस्व अभिलेखों में बंजर खाते में दर्ज सरकारी भूमि में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव भूमि प्रबंध समिति से पारित होने के बाद शासन से निर्माण की स्वीकृति मिली और कार्य शुरू भी हुआ। लेकिन गांव के कुछ लोगों ने विरोध करते हुए निमार्णाधीन ढांचे को गिरा दिया। इस संबंध में उन्होंने स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराने की बात कही। उनका आरोप है कि केस दर्ज होने के बावजूद निर्माण कार्य रुकवा दिया गया। प्रधान ने बताया कि उन्होंने कई बार मिल्कीपुर के उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार से मुलाकात की। हर बार आश्वासन मिला कि निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने एसडीएम



पर भी मौके पर न पहुंचने और कार्य शुरू न कराने का आरोप लगाया। प्रधान ने कहा कि जब स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ की शरण ली, जहां से ग्राम पंचायत के पक्ष में निर्माण कार्य कराने का आदेश मिला। इसके बावजूद बीते शनिवार की रात कथित रूप से एसडीएम द्वारा उसी गाटा संख्या में किसी अन्य व्यक्ति से निर्माण शुरू करा दिया गया। प्रधान का आरोप है कि रात दो बजे से काम कराया जा रहा था और हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं हो रहा था। अवैध निर्माण की जानकारी जिलाधिकारी को दिए जाने के बाद निर्माण कार्य रुका। आक्रोशित प्रधान ने मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने आत्मदाह की चेतावनी दी और अयोध्या के लिए रवाना हो गए। सूचना पर खुफिया विभाग व प्रशासन सक्रिय हुआ। अंततः पूर्व विधायक और एलआईयू इंस्पेक्टर के समझाने तथा निर्माण कार्य शुरू कराने के आश्वासनों के बाद प्रधान रास्ते से ही वापस लौट आए। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ। इस संबंध में एसडीएम सुधीर कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में है, जो सरकारी भूमि में जो अवैध निर्माण हो गया है, उस पर धारा 67 के तहत कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकार से एसडीएम द्वारा तत्काल अवैध निर्माण कराए गए मामले में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही न करते हुए धारा 67 की कार्यवाही किए जाने का राग अलापा जाना उनकी प्रशासनिक कार्य शैली पर स्वतः ही सवालिया निशान लगा रहा है।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच** । महिलाओं पर होने वाले अपराधों की पहचान और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 झ वीमेन पावर लाइन, 1098 झ चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 झ सीएम हेल्पलाइन, 112 झ इमरजेंसी सेवा, 181 झ महिला हेल्पलाइन, 108 झ एम्बुलेंस सेवा, 1930 झ साइबर अपराध शिकायत हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी गयी । महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे लाभान्वित हो सकें। साथ ही मानव तस्करी / बाल तस्करी पर विशेष रूप से जानकारी दी गई कि इन अवैध गतिविधियों से कैसे सतर्क व सुरक्षित रहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल व प्रभावी तरीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें।

## बंदियों के हाथों से बने हर्बल गुलाल होली पर बिखरेंगे अलग रंगः कुंदन कुमार



**बाराबंकी।** सलाखों के पीछे अपने गुनाहों की सजा काट रहे बंदियों के हाथों से बना खुशबूनुमा हर्बल गुलाल होली पर इस बार भी अपना अलग ही रंग बिखरेगा। हर्बल गुलाल

**● निमदस संस्था के सहयोग बंदिया को दिया जा रहा प्रशिक्षण**

में खुशबू लाने के लिए इत्र तो वहीं जेल मे उत्पादित गेंदा के फूल, हल्दी, पालक व चुकंदर आदि के रसों से तैयार किए जा रहे हर्बल गुलाल लोगों की त्वचा के लिए बिल्कुल हानिकारक नहीं होगा।

उक्त उद्गार जेल अधीक्षक कुंदन कुमार ने निमदस संस्था के सहयोग से प्रशिक्षण मे व्यक्त किये। उन्होने आगे कहा कि होली त्योहार को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कैदियों द्वारा हर्बल गुलाल बनाने की पहल शुरू हो गई हैं जिससे उम्मीद की जा रही है कि जेल से बाहर निकलने के बाद बंदी अपराध की राह छोडें।

प्रभारी जेलर रंजू शुक्ला सिंह ने कहा कि गुलाल बनाकर कैदी स्वावलंबी हो रहे है जिससे वे खुद के उद्यम से न केवल एक सम्मानजनक जिंदगी जी सकेगें। बल्कि जेल से निकलने के बाद अपने और अपने परिवार के लिए रोजगार देने लायक कौशल हांसिल कर सकेगे। इस अवसर पर संस्था प्रबंध-निदेशक एस0के वर्मा, उप कारापाल अनिल सिंह, श्यमाशरण आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्र निर्माण और समाज संगठन का पर्याय है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ : अभय

**बहराइच।** कपूरथला स्थित उत्थान सभागार में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बहराइच द्वारा प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र धर्म जागरण संयोजक श्रीमान अभय जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर एवं चित्तौरा खंड के प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावशाली महानुभाव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यवाह भूपेंद्र ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्री अभय जी ने संघ की कार्यपद्धति और उसके ध्येय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से निरंतर सुसंस्कृत, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित स्वयंसेवक तैयार कर समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। संघ का एकमात्र लक्ष्य भारत को परम वैभव पर ले जाना है।

**● बहराइच के उत्थान सभागार में प्रमुख जन गोष्ठी का सफल आयोजन**
**● संघ के शताब्दी वर्ष में समाज के प्रबुद्ध जनों के साथ हुआ सीधा संवाद**

समाज में संघ को लेकर फैली भ्रांतियों पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग संघ के मूल विचार को नहीं जानते, उन्होंने समाज में इसे गलत रूप से परिभाषित करने का प्रयास किया है।उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ किसी भी समाज या वर्ग का विरोधी नहीं है।संघ का कार्य राष्ट्र हित सर्वोपरि रखते हुए समाज को एकजुट करना है।संघ के स्वयंसेवक हर उस कार्य के लिए तत्पर हैं जो राष्ट्र को उन्नति की ओर ले जाए।

उन्होंने कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है।इस अवसर पर संघ ने समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर विश्व के सामने एक समर्थ, समृद्ध और आदर्श भारत का स्वरूप प्रस्तुत करने का संकल्प लिया है। और संघ के स्वयंसेवक इस कार्य के लिए अहर्निश लगे हुए हैं।

गोष्ठी के दौरान संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने संघ की कार्यप्रणाली और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे। श्री अभय जी ने अत्यंत सरल और तार्किक ढंग से सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इस अवसर नगर संघचालक डॉ गोविंद शेखरजी,चित्तौरा खंड




संघचालक धनन्जयजी, विभाग कार्यवाह अम्बिका प्रसाद, वरिष्ठ अधिवक्ता राम छबीले शुक्ल, नरेन्द्र शुक्ल, अजय शर्मा, छवि रायतानी, विभाग कार्यवाहिका सुनीता सिंह,विभाग सम्पर्क प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़, नगर कार्यवाह शिवम, नगर प्रचारक अभिषेक जिला प्रचार प्रमुख विपिन, जिला सम्पर्क प्रमुख अमर सिंह, डॉ देवेंद्र उपाध्याय, जिला सेवा प्रमुख रमेश, उत्तम, नगर प्रचार प्रमुख अभिषेक सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक एवं विचार परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## साइबर क्राइम टीम ने जागरूकता कार्य चलाया



**बहराइच** । आज राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल तथा श्री नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के मार्गदर्शन में बड़ी बेरिया माता मन्दिर जनपद बहराइच में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## त्योहार को शांति और सुरक्षा बनाये रखने के लिए चला फ्लैग मार्च



**बहराइच** । थाना कोतवाली देहात में क्षेत्राधिकारी नगर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर और सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में आगामी त्योहारों के मद्देनजर फ्लैग मार्च किया गया। इसका उद्देश्य शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

## आबकारी विभाग की तीसरी आंख बना ड्रोन कैमरा



**बाराबंकी।** कच्ची शराब का गोरखधंधा करने वालो पर आबकारी विभाग अब तीसरी आंख के माध्यम से कार्यवाही करने मे जुटा हुआ है। यह यू कहे कि टीम को देखकर स्थान बदलने वाले शराब तस्कर अब पूरी तरह ड्रोन की निगरानी मे कैद हो जायेगे। जिसका

**● शराब तस्करो पर कार्यवाही हुई आसान, 90 लीटर कच्ची शराब बरामद**

सीधा नजारा सर्किल फतेहपुर मे देखने को मिला है। यहा उच्च अधिकारियो के निर्देश पर ड्रोन कैमरे की मदद से कई सौ किलोमीटर की रेंज तक पैनी नजर बनाकर शराब माफियाओ मे कार्यवाही का भय साफ देखने को मिल रहा है।

जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन मे आज आबकारी निरीक्षक फतेहपुर गजेन्द्र कुमार की टीम ने चर्चित ग्राम बेहड़पुरवा की मानिटरिंग ड्रोन कैमरे से की। साथ ही थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत बसारा, व कोतवाली फतेहपुर अन्तर्गत साढ़ेमऊ सहित 18 संदिग्ध ठिकानो पर दबिश दी गई। यहा पर भी ड्रोन कैमरे की निगरानी से शराब तस्करो पर कार्यवाही अमल मे लाई गई। दबिश के दौरान 3 अभियोग पंजीकृत करते हुये भारी मात्रा मे लगभग 90 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। तत्पश्चात उपजिलाधिकारी फतेहपुर के नेतृत्व मे सर्किल अन्तर्गत संचालित देशी शराब फतेहपुर, साढ़ेमऊ व कम्पोजिट मदिरा दुकानों का भी निरीक्षण किया गया।



# बेटी की शादी के लिए छुट्टी नही मिली तो बीएलओ ने की खुदकुशी

कानपुर। फतेहपुर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के तौर पर काम कर रहे एक शिक्षा मित्र ने अपनी बेटी की शादी के लिए छुट्टी नहीं मिलने से क्षुब्ध होकर कथित रूप से खुदकुशी कर ली।

बीएलओ अखिलेश सविता (50) का शव शनिवार शाम को बिंदकी के आलियाबाद गांव के एक प्राइमरी स्कूल में लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह बाद उनकी बेटी की शादी थी। पुलिस के मुताबिक मौके से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें कहा गया है कि अखिलेश एआईआर से जुड़ी ड्यूटी के कारण बहुत ज्यादा दबाव और तनाव में थे और एक सप्ताह बाद उनकी बेटी की शादी थी लेकिन बार-बार गुजारिश करने के बाद भी उन्हें छुट्टी नहीं दी जा रही थी।

सुसाइड नोट में, अखिलेश ने कथित तौर पर लिखा था कि वह काम के दबाव से थक गए थे और यह कदम इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि आठ मार्च को होने वाली उनकी बेटी की शादी की तैयारियां छुट्टी नहीं दिये जाने की वजह से अधूरी रह गईं हैं।पुलिस सूत्रों ने बताया कि अखिलेश की खुदकुशी की खबर मिलने पर उनके परिवार के लोग स्कूल पहुंचे और उन्हें नीचे उतारकर बिंदकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद अस्पताल में विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया, रिश्तेदारों और गांव के लोगों ने प्रशासन पर छुट्टी के लिए बार-बार की गई गुजारिश को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने जब शव को अपने कब्जे में लेने की कोशिश की तो तनाव बढ़ गया, जिसके बाद गुस्साए परिवार वाले शव को अस्पताल से निकालकर गांव ले गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने उप जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि एसडीएम ने बेटी की शादी होने के बावजूद अखिलेश को छुट्टी नहीं दी। पुलिस अधिकारियों ने बाद में घंटों की बातचीत के बाद परिवार को शांत किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। अखिलेश के परिवार में उनकी पत्नी मंजू देवी, बेटी दिव्यांशी (20) और बेटा दिव्यांश है।परिजन ने आरोप लगाया है कि कई हफ्तों से छुट्टी मांगने के बावजूद अखिलेश को चुनाव से जुड़े काम जारी रखने के लिए मजबूर किया गया।

## कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट, 12 घायल

**देवरिया।** देवरिया जिले में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में कम से कम 12 लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि जिले के खामपार क्षेत्र के पिपरा दक्षिण पट्टी गांव में शनिवार की शाम जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते बात बढ़ गई। दोनों पक्ष लाठी-डंडे लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े और इस दौरान पथराव भी हुआ।

उन्होंने बताया कि इस घटना में दोनों पक्षों के करीब 12 लोग घायल हो गए जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल की और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दूध विक्रेता की मौत

मिर्जापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के मिर्जापुर-सोनभद्र मार्ग पर बसंतपुर मौजा गांव के सामने किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दूध विक्रेता सतीश यादव (45) की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

संक्षेप

## कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** आगामी होली, होलिका दहन व रमजान पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को चांदा कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, ग्राम प्रधान, धार्मिक नेता व व्यापार मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कोतवाल अमित मिश्रा ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे के प्रतीक हैं और सभी की जिम्मेदारी है कि इन्हें शांति व सौहार्द से मनाया जाए। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। होलिका दहन निर्धारित स्थानों पर ही करने तथा डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में शासन की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए गए। रमजान के दौरान नमाज के समय विशेष सतर्कता व यातायात व्यवस्था बनाए रखने की बात कही गई। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्रधान अमरदेव सिंह, मुकेश तिवारी, पंकज तिवारी, राजीव तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## यज्ञ व भंडारा आयोजित

**अमेठी।** स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी में रविवार को यज्ञ एवं भंडारें का आयोजन था। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न होने के पश्चात भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले का भी आयोजन था। फाल्गुन शुक्ल की त्रयोदशी को टीकरमाफी स्थित स्वामी परमहंस आश्रम में यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन होता है। दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु भी आयोजन में शामिल होते हैं। रविवार सुबह से ही स्वामी परमहंस महाराज जी की समाधि के पास स्थित यज्ञशाला में यज्ञाचार्य श्रीमत परमहंस संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ जयदेव त्रिपाठी के नेतृत्व में संस्कृत विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुति दी गई। दोपहर तक चले यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा देर शाम तक चलता रहा। यज्ञ एवं भंडारे के साथ ही मेले में भी बड़ी भीड़ रही। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। आश्रम के प्रबंधक श्री हरिचैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज ने बताया कि फाल्गुन शुक्ल की त्रयोदशी को स्वामी परमहंस महाराज का निर्वाण हुआ था। इसी उपलक्ष्य में यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर राज बहादुर सिंह, बिजेंद्र सिंह, अनिल व्यास, धर्मेंद्र मिश्र, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## केमिकल युक्त रंगों से न खेलें होली

**भेटुआ (अमेठी)।** रंगों का पर्व होली बहुत ही नजदीक आ गयी है। इस पर्व पर लोग एक दूसरे को विभिन्न प्रकार के रंगो से सराबोर करने के लिए आपसी भाई चारे व खुशहाली के प्रतीक होली का पर्व हम बहुत पुराने समय से मना रहे है। किन्तु आधुनिक समय मे केमिकल युक्त रंगो ने होली का स्वरूप बिगाड़ कर रख दिया है। आज के पांच दशक पूर्व प्राकृतिक व हाथ से निर्मित रंगो का प्रयोग होली खेलने मे किया जाता था जो स्वस्थ शरीर के लिए लाभदायक सिद्ध होता था। 90 वर्षीय रामदास यादव पूरे गौरी मिश्र सरूवावा गाँव निवासी बताते है कि हमारे बचपन के जमाने मे होली खेलने के लिए पलाश के फूलो से, चुकन्दर से लाल रंग, हल्दी से पिला रंग ,पालक से हरा रंग बनाया जाता था।

# जनता दर्शन में विधायक अदिति सिंह ने सुनीं जन समस्याएं




**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने अपने लालुपुर चैहान स्थित आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पहुंचे सम्मानित नागरिकों और आम जनता से उन्होंने आत्मीय संवाद किया तथा उनकी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं को बड़े धैर्य और गंभीरता से सुना।

जनता दर्शन के दौरान लोग अपनी रोजमर्रा की परेशानियों, विकास कार्यों में देरी, बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी मांगों को विधायक के समक्ष रखे। अदिति सिंह ने हर शिकायत को ध्यान से सुना और जनता की अपेक्षाओं एवं उनके प्रति विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक समस्या का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए। इस अवसर पर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि का कर्तव्य जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का निस्तारण है। उन्होंने जोर दिया कि जनता का विश्वास बनाए रखना ही सुशासन की सबसे बड़ी ताकत है। इस कार्यक्रम में उन्होंने न केवल समस्याओं को सुनकर उनका समाधान का आश्वासन दिया, बल्कि कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए, जिससे उपस्थित लोगों में काफी संतुष्टि देखी गई।

यह जनता दर्शन कार्यक्रम अदिति सिंह की निरंतर जनसंपर्क और जनसेवा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो रायबरेली सदर क्षेत्र में उनके लोकप्रियता का प्रमुख आधार बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने विधायक के इस सक्रिय रवैये की सराहना की और आशा जताई कि निर्देशित समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा होगा।

## उज्ज्वला लाभार्थी परिवारों को प्रदान की गैस रिफिल सब्सिडी

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र के रायबरेली क्लब में होली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को समर्पित उज्ज्वला लाभार्थी परिवारों को गैस रिफिल सब्सिडी प्रदान की। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला से बना उज्ज्वल जीवन के संदेश के साथ प्रदेश में 1.86 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थी परिवारों को ?1,500 करोड़ की गैस रिफिल सब्सिडी प्रदान की गई। स्वच्छ ईंधन, महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने उज्ज्वला लाभार्थी परिवारों को सब्सिडी प्रदान करते हुए कहा कि यह जनकल्याणकारी योजना डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है, जो माताओं-बहनों के जीवन को धुएँ से मुक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बना रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त जीवन के लिए उनकी रसोई सुदृढ़ होगी तो मेरे परिवार का जीवन सुरक्षित एवं संरक्षित होगा। इस मौके पर सदर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों महिलाएँ उपस्थित रहे।

## प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड को किया सम्मानित

महराजगंज रायबरेली। विगत माह की भांति इस माह भी लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर वरिष्ठ उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह भदौरिया व पी.सी. इंद्रमणि सिंह ने होमगार्ड अशोक कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह चौहान ने बताया कि प्रत्येक माह की एक तारीख को बीते महीने में बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में एक मार्च को कोतवाली परिसर महराजगंज में एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया के द्वारा होमगार्ड अशोक कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पी.सी. रमेश मौर्या, होमगार्ड रामदास यादव,रामयश मौर्या, रामकुमार यादव, रामसुफल यादव, दिनेश सिंह, सुरेश यादव, रामराज यादव, रामकुमार सिंह, रामप्रताप यादव, लाल मोहम्मद, शिवकरन यादव, कमलाकांत शास्त्री, शिवशंकर मिश्रा, रमेश मिश्रा अनुज सिंह, राजेश कुमार सिंह, मेवालाल, रमापति बाजपेई, रामप्रकाश सहित आदि उपस्थित रहे।

# गोमती मित्र ने की गोमती तट की साफ-सफाई



**सुलतानपुर (वीओएल)।** गोमती नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के संकल्प के साथ गोमती मित्र मंडल का साप्ताहिक श्रमदान अभियान मार्च माह के पहले रविवार को भी पूरे उत्साह और जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ। सुबह 06:00 बजे से ही गोमती मित्रों का सीताकुंड धाम पर पहुंचना प्रारंभ हो गया था। निर्धारित समय 06:30 बजे तक पचासों की संख्या में जुटे स्वयंसेवकों ने सीता उपवन, श्राद्ध स्थल सहित गोमती तट के व्यापक क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा एवं गंदगी हटाकर पूरे तट को स्वच्छ बनाया, साथ ही सायंकाल होने वाली मां गोमती की आरती के लिए स्थल को सुंदर और सुव्यवस्थित किया। श्रमदान के दौरान देता नदी बचाओ-स्वच्छता अपनाओ का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया, जिससे वहां उपस्थित श्रद्धालु और स्थानीय लोग भी जागरूक होते नजर आए। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने बताया कि यह साप्ताहिक श्रमदान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि आम जनमानस को नदी संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का एक सतत अभियान है। उन्होंने कहा कि जब समाज स्वयं आगे आकर जिम्मेदारी निभाएगा, तभी नदियां सुरक्षित रह सकेंगी। युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा ने नगर के युवाओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की और कहा कि युवाओं की भागीदारी से यह आंदोलन और अधिक प्रभावी बनेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, मुन्ना सोनी, सौरभ कसौधन, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, राकेश सिंह दद्दू, आलोक तिवारी, जय नाथ प्रजापति, अजीत शर्मा, मुन्ना पाठक, आयुष सोनी, तुषार अग्रहरि, अर्पित सिंह, लड्डू सहित अनेक गोमती मित्र उपस्थित रहे। गोमती मित्र मंडल का यह प्रयास निश्चय ही नदी संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।

## सेब के पेड़ पर आये फल, हरमन-99 किस्म से बढ़ सकती है किसानों की उम्मीद

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** जहाँ उत्तरी भारत में सेब की खेती को लेकर अक्सर किसानो में शिकायत रहती हैं कि पेड़ तो तैयार हो जाते हैं, लेकिन उनमें फल नहीं आते। वहीं कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इसका मुख्य कारण उपयुक्त किस्म का चयन न होना बताया है। यदि जलवायु के अनुरूप किस्म लगाई जाए तो मैदानी क्षेत्रों में भी सेब की सफल पैदावार संभव है। इसी क्रम में विकसित की गई हरमन-99 किस्म इन दिनों चर्चा में है। बताया जाता है कि इस किस्म को हरियाणा के एक प्रगतिशील किसान ने विकसित कर पेटेंट ( आविष्कार ) कराया था। कम ठंडे क्षेत्रों में भी फल देने की क्षमता के कारण यह किस्म उत्तरी भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। वही जनपद के चांदा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 731पर स्थित नंदगांव ढाबा परिसर में लगाए गए हरमन-99 किस्म के सेब के पेड़ में इन दिनों फल लगने शुरू हो गए हैं। पेड़ पर लटकते सेब स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि यदि सही किस्म और देखभाल की तकनीक अपनाई जाए तो मैदानी इलाकों में भी सेब की खेती लाभकारी साबित हो सकती है। जिससे किसानों की आय में वृद्धि का बड़ा माध्यम बन सकता हैं।

## पिकौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** ब्लॉक दूबेपुर के ग्राम पिकौरा में आस्था हॉस्पिटल एंड हार्ट सेंटर की ओर से रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान करीब 60 लोगों की ब्लड प्रेशर, शुगर व ईसीजी जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया और जरूरतमंदों को दवाएं भी वितरित कीं। कैंप में डॉ. दीपक समेत राममणि पांडेय, सना बानो, विपिन मिश्रा, धनंजय तिवारी, प्रवीण शर्मा , पवन पाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। चिकित्सकों ने कहा कि हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव के लिए नियमित जांच, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम जरूरी है। आयोजकों ने बताया कि आगे भी ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## सौर ऊर्जा अपनाने से बिजली के बिलों में आयेगी कमी : अशोक कुमार



**परशदेपुर, रायबरेली।** स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रविवार को सलोन विधायक अशोक कुमार ने नगर पंचायत परशदेपुर के मटियरवा चौराहे पर स्थित उदय मार्केट में ए एंड डी सोलर सोल्यूशन की एक नई शाखा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने भारत की आत्मनिर्भरता और सौर ऊर्जा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत हर क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है और पीएममोदी की नीतियां राष्ट्र को समृद्ध कर रही हैं। उन्होंने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश की प्रगति पर प्रकाश डाला और इसे आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण दोनों के लिए महत्वपूर्ण बताया ।विधायक ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाह्व जैसी सरकारी पहलों का उल्लेख किया, जिनके माध्यम से लोग घरों और व्यवसायों में सोलर पैनल लगाकर ग्रिड पर निर्भरता कम कर रहे हैं। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर अभिषेक मिश्रा,नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल,पीयूष मिश्रा, शुभम विक्रम सिंह, अतुल मिश्रा, आशू जायसवाल, सभासद संदीप मोदनवाल, महेश विश्वकर्मा, लवलेश शुक्ला, राम सेवक मिश्रा, नंदलाल,पूर्व प्रधान विनय सिंह, संदीप सिंह, लाल जी पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सालों से चल रहा धर्म परिवर्तन पुलिस को नहीं लगी भनक

**हरचंदपुर, रायबरेली ।** थाना क्षेत्र के मुबारकपुर में सालों से चल रहे धर्म परिवर्तन के मामले में बजरंग दल के कार्यकताओं ने हंगामा कर दिया। बजरंग दल के कार्यकताओं ने बताया कि यह धर्म परिवर्तन सालों से चल रहा था जिसकी जानकारी स्थानी प्रशासन को नहीं लगी। इससे पहले भी इस मामले को लेकर तहरीर दी गई थी लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बजरंग दल के सहसंयोजक ओमप्रकाश रावत ने बताया कि आज जानकारी मिली तो मौके पर जाकर देखा वहां पर लगभग सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष व छोटे-छोटे बच्चियां भी मौजूद रही। मौके से पुलिस को फोन पर सूचना दी गई पहुंची स्थानीय पुलिस ने लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है बजरंग दल के ओमप्रकाश रावत ने बताया कि मौके से बाइबल व अन्य संदिग्ध समान बरामद किया गया है। बजरंग दल के जिला सहसंयोजक ओमप्रकाश रावत ने बताया कि इससे पहले भी मुबारकपुर में चल रहे धर्म परिवर्तन को लेकर स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया था लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जिससे साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं पुलिस भी इस मामले को लेकर मूकदर्शक बनी हुई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि कोई हिरासत में नहीं लिया गया है पूछताछ चल रही है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। थाना अध्यक्ष हरिकेश सिंह ने बताया कि सूचना मिली है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# होली से पहले पुलिस का बड़ा एक्शनः ड्रोन से सर्च ऑपरेशन

**जगदीशपुर,अमेठी।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जगदीशपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए ड्रोन कैमरे की मदद से व्यापक सर्च ऑपरेशन किया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 100 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के मऊ अतवारा, मड़वा तथा पिछुती कोट गांवों में गोमती नदी किनारे स्थित इलाकों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान पहली बार ड्रोन कैमरे का उपयोग कर पूरे क्षेत्र की निगरानी की गई, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने में पुलिस को काफी मदद मिली। छापेमारी के दौरान पुलिस को अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त लगभग डेढ़ कुंटल लहन ( कच्चा माल ) बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा 100 लीटर तैयार अवैध शराब भी जब्त की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कई घरों की तलाशी भी ली। जांच में दो अन्य घरों में लहन मिलने पर उसे भी तत्काल नष्ट कर दिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। पुलिस अधिकारियों के अनुसार होली जैसे बड़े त्योहारों पर अवैध शराब की बिक्री और निर्माण बढ़ने की आशंका रहती है, जिससे कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया ।प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी लगातार अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ड्रोन कैमरे के माध्यम से पूरे इलाके की निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके और त्योहार के दौरान आमजन सुरक्षित माहौल में होली मना सकें।

# मदनपुर देवरार में आठ परिवारों के सिर से छिनी छत, सेवार्थम फाउंडेशन बना सहारा



- बुधवार देर रात भीषण आग से 8 परिवारों के आशियाने राख

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के मदनपुर देवरार में बुधवार देर रात भीषण आगजनी की घटना से आठ परिवारों के आशियाने जलकर राख हो गए। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे वर्षों की जमा-पूंजी और घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। इस अग्निकांड में अरविंद निषाद, राकेश निषाद, जगदीश निषाद, विक्रमजीत निषाद, मुकेश निषाद, विजय प्रकाश निषाद, जय प्रकाश निषाद, हरबिलास निषाद और धर्मेंद्र निषाद के घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। आग बुझने के बाद परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए और दाने-दाने के लिए मोहताज हो उठे। घटना की सूचना मिलते ही सामाजिक संस्था सेवार्थम फाउंडेशन के मुखिया डॉ. आशीष तिवारी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने हालात का जायजा लेते हुए तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई। डॉ. तिवारी द्वारा प्रत्येक परिवार को सहायता किट प्रदान की गई, जिसमें चारपाई एवं बिस्तर, आटा, चावल, तेल, रसोई के बर्तन सहित अन्य आवश्यक घरेलू सामग्री शामिल रही। इसके अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई, जिससे परिवार दोबारा अपने जीवन की शुरुआत कर सकें। पीड़ितों ने भावुक होकर फाउंडेशन के इस सेवा कार्य की सराहना की। डॉ. तिवारी ने कहा कि संकट की इस घड़ी में वे और उनकी संस्था प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है तथा भविष्य में भी हरसंभव सहयोग जारी रहेगा। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी आगे आने की अपील करते हुए कहा कि आपदा की स्थिति में सामूहिक प्रयास ही पीड़ितों को संबल दे सकता है। क्षेत्र में उनकी सक्रियता को लेकर स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# दिवंगत मजदूरों के नाम बनेगा पक्का आवास



**सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ विकास खण्ड के राजस्व गांव धरियामऊ में कुछ माह पूर्व हुए दर्दनाक लेंटर हादसे की स्मृतियां आज भी क्षेत्रवासियों को झकझोर देती हैं। नए मकान का लेंटर डालते समय बल्ली छटकने से पूरा लेंटर भरभराकर गिर गया था, जिसमें तीन मजदूरों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी।

हादसे की सूचना मिलते ही डॉ. आशीष तिवारी, संस्थापक सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक एवं वरिष्ठ नेता निषाद पार्टी ने तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों के उपचार की व्यवस्था कराई तथा मृतक परिवारों को सांत्वना देते हुए प्रत्येक परिवार को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। उसी समय उन्होंने ने घोषणा की थी कि तीनों दिवंगत मजदूरों के नाम से अलग-अलग आवास अपने निजी व्यय से बनवाएंगे, ताकि उनके परिवारों का सपना अधूरा न रहे। ज्ञात हो कि इस हादसे में अर्जुनपुर निवासी दो सगे भाई स्व. आनंद सरोज एवं स्वर्गीय विक्रम सरोज (पुत्र गिरिजा प्रसाद) तथा स्वर्गीय हिमांशु सरोज (पुत्र हरिचरन सरोज) की मृत्यु हो गई थी। अपने वादे के अनुरूप रविवार को डॉ. आशीष तिवारी अर्जुनपुर स्थित पीड़ित परिवारों के यहाँ पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ तीनों कमरों का भूमिपूजन कराया। भूमिपूजन के साथ ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा, ताकि परिवारों को जल्द ही पक्की छत मिल सके और वे सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। डॉ. आशीष तिवारी ने कहा कि सेवार्थम फाउंडेशन हमेशा जरूरतमंद और पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा रहा है और आगे भी समाज सेवा का यह संकल्प निरंतर जारी रहेगा। पीड़ित परिवारों ने भावुक होकर डॉ. आशीष तिवारी का आभार व्यक्त किया और कहा कि कठिन समय में मिला यह सहयोग उनके लिए संबल साबित हुआ है। धरियामऊ लेंटर कांड के पीड़ित परिवारों से किया गया। वादा पूरा होने से क्षेत्र में संतोष और विश्वास का माहौल देखा गया।

## त्योहार से पहले कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए उतरे एसपी

**रायबरेली।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से मनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। त्योहारों से पहले कानून-व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार सहित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा खुद फील्ड पर उतरे और संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लिया।

एसपी रवि कुमार ने शहर के विभिन्न हिस्सों में पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) का नेतृत्व किया। उन्होंने शहर कोतवाली क्षेत्र के कहारों के अड्डे, भीड़-भाड़ वाले मोहल्लों और बाजारों में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि पर सख्त नजर रखी जाए। संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, भीड़ प्रबंधन और शांति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार और सीओ सिटी अरुण नौहार ने भी शहर में फुट पेट्रोलिंग की। उन्होंने प्रमुख बाजारों, गलियों और भीड़ वाले इलाकों का दौरा किया। पैदल गश्त के दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत की गई और उनकी सुरक्षा संबंधी शिकायतों को सुना गया। प्रशासन का उद्देश्य है कि त्योहारों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो और जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे। जिला प्रशासन के अनुसार, त्योहारों को लेकर पहले से ही बैठकें हो चुकी हैं। डीएम और एसपी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स तैनात की जाए, वाहनों की चेकिंग बढ़ाई जाए और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाए। पुलिस की यह सक्रियता स्थानीय निवासियों में राहत की भावना पैदा कर रही है।

## कटका क्लब ने बच्चों और ग्रामीणों को गौरैया संरक्षण के लिए किया जागरूक

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा गौरैया आओ मेरे देश अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान जयसिंहपुर क्षेत्र स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को केंद्र में रखकर चलाया गया, जिसमें सभी को गौरैया संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र विनम्र ने किया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता शिक्षक एवं साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने कहा कि गौरैया को फिर से हमारे आंगन तक लाने के लिए प्रत्येक परिवार को छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। उन्होंने घरों में कृत्रिम घोंसले लगाने, छत या बालकनी में दाना-पानी रखने और अनावश्यक रेडिएशन को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि शहरीकरण, मोबाइल टॉवरों का बढ़ता प्रभाव और आधुनिक घरों की बनावट के कारण गौरैया तेजी से विलुप्त हो रही है। संस्था अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र ने बताया कि 20 मार्च तक गांव-गांव और क्षेत्र के आम जनमानस को गौरैया संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके बाद संस्था द्वारा पक्षी जलपात्र एवं घोंसले लगाने का अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने वन विभाग से अपील की कि गौरैया संरक्षण के लिए जनपद और प्रदेश स्तर पर व्यापक कार्यक्रम चलाए जाएं। इस मौके पर पवन तिवारी, विनय सिंह, विजय लक्ष्मी, श्रेया, दीक्षा यादव, अमिता सिंह, रमेश यादव सहित आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को बच्चों और ग्रामीणों ने अत्यंत प्रेरणादायी बताया और संरक्षण का संकल्प लिया।

# होली के रंग में रंगा एनएसजीआई परिवार




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में इंद्रधनुष थीम पर आधारित भव्य होली समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की समस्त शाखाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने एनएसजीआई की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों के साथ शिक्षा की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। प्रारंभ में एनएसपीएस त्रिपुला के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत किया तथा बरसाने की होली का भावपूर्ण चित्रण कर कार्यक्रम का आगाज किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बरसाने की लट्ठमार होली, मथुरा और वृंदावन की होली की जीवंत झलक प्रस्तुत की गई। होली के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व पर आधारित नृत्य-नाटिकाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। होली खेले मसाने में, होली खेल रहे बांके बिहारी, आज रंग बरस रहा और होली खेले रघुवीरा, अवध में होली खेले रघुवीरा जैसे पारंपरिक गीतों पर सभी ने खूब लुत्फ उठाया। एनएसजीआई की प्रत्येक शाखा द्वारा प्रस्तुत ऊजार्वान नृत्य, मधुर गीत एवं मनमोहक कार्यक्रमों ने समूचे वातावरण को रंगमय बना दिया। अंत में एनएसजीआई की संयुक्त टीम द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक फाग ने कार्यक्रम को चरम पर पहुँचा दिया और सभी उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि इंद्रधनुष केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यालय परिवार की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। जैसे इंद्रधनुष के सात रंग मिलकर अद्भुत छटा बिखेरते हैं, वैसे ही विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य का योगदान एनएसजीआई के शिक्षा के मंदिरों को गौरव प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि होली हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, विश्वास और सौहार्द के रंग में रंगने का संदेश देती है। उन्होंने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों की भी प्रेरणा देते हैं। हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण करना है, जहाँ प्रत्येक विद्यार्थी एवं कर्मचारी स्वयं को सम्मानित और समर्थ महसूस करे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव सिंह, तारकेश्वर सिंह, कामाक्षा सिंह, शिवांग अवस्थी, आई.वी. सिंह, प्रो. डॉ. अनिल कुमार, प्रभारी प्रधानाचार्या रुचि मिश्रा उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, रजनी श्रीवास्तव, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, संजय श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## बांके बिहारी मंदिर में खूब उड़ रहे हैं रंग

**मथुरा।** मंदिरों की नगरी में होली का पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जन-जन के आराध्य प्रभु बांके बिहारी के दरबार में रंगों की बौछार हो रही है गुलाल उड़ रहा है और बिहारीजी के भक्त नांचते गाते प्रभु के समक्ष होली की उमंग में मस्त हो रहे हैं। पिछले कई दिनों से यह पर्व मनाया जा रहा है पहले फूलों की होली हो चुकी है अब रंग और गुलाल उड़ रहा है। मंदिर प्रांगण भक्तों से भरा पड़ा है। चारों ओर बांके बिहारी के जय के उदघोष गूंज रहे हैं। सप्त देवालयों में होली का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। रंग वर्षों के साथ होली चैपाइयां चल रही हैं। राधाबल्लभलाल के भक्त भी मंदिर में होली का आनन्द ले रहे हैं। सभी प्रमुख मंदिरों में होली की धूम मची हुई है। दूर-दूर से आए भक्त वृन्दावन की परिक्रमा कर रहे हैं। वहां भी रंग गुलाल चल रहा है। पूरे वृन्दावन के सभी प्रमुख मंदिरों में होली मनायी जा रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा नाबालिक को बहला फुसलाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी के निर्देशन मे जनपद में चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में रविवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा नाबालिक को बहला फुसलाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त जीतू पुत्र महिपाल निवासी ग्राम थरौरा पीपलिया मण्डी के पास थाना सहपऊ जिला हाथरस को चैकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर टूटी पुलिया लालपुर रोड थाना रसूलपुर के पास से गिरफ्तार किया, जिसके विरुद्ध थाना पुलिस ने अन्य विधिक कार्यवाही है।

## गलत इंजेक्शन देने से मरीज की मौत

**मथुरा।** छाता के कोतवाली के गांव सेवलगढ़ निवासी एक व्यक्ति की गलत इंजेक्शन लगने से मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्रवाई की मांग की। सेवलगढ़ निवासी विजय सिंह (50) पुत्र विधू राम के पैर में चोट थी और वे पेट दर्द से भी परेशान थे। शनिवार देर शाम वे उपचार के लिए छाता के पैगांव रोड स्थित एक निजी क्लिनिक पर गए। मृतक के भतीजे रतन सिंह का आरोप है कि डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद विजय सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टर ने उन्हें गुमराह किया और मरीज को आनन-फानन में अपनी बाइक पर बैठाकर केडी अस्पताल ले गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान मृतक के पैर सड़क पर रगड़ते हुए गए। केडी अस्पताल में मरीज को भर्ती कराने के बाद डॉक्टर ने परिजनों को सूचना दी, लेकिन वहां पहुंचने पर परिजनों को विजय सिंह मृत मिले। घटना से आक्रोशित परिजन शव को लेकर पहले छाता कोतवाली पहुंचे और उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्रित होकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ हंगामा किया। परिजनों ने निजी डॉक्टर पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का सीधा आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विदेशी भक्त बोले यही है मथुरा में होली का असली आनंद

## बांकेबिहारी की नगरी रंग व भक्ति के उत्साह से हो रही है सराबोर



**मथुरा।** मंदिरों से लेकर गलियों और परिक्रमा मार्ग तक गुलाल उड़ता रहा और देश-विदेश से आए श्रद्धालु ब्रज की परंपरागत होली का आनंद लेते दिखाई दिए। विदेशी भक्तों ने इसे केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक आनंद व आध्यात्मिक अनुभूति बताया। रंगभरनी एकादशी पर उमड़ी श्रद्धा की लहर शनिवार को भी कम नहीं हुई। सुबह से ही बांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र, इस्कान मंदिर, परिक्रमा मार्ग और प्रमुख मंदिरों के आसपास श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। ढोल-मंजीरों की थाप, भजन-कीर्तन और राधे-राधे के जयघोष के बीच श्रद्धालु एक-दूसरे पर गुलाल उड़ाते नजर आए। विदेशी श्रद्धालु समूहों में ब्रज की होली को करीब से अनुभव करते दिखे। कई भक्त मंदिर-मंदिर दर्शन करते हुए आगे बढ़ते रहे तो कुछ स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ नृत्य करते हुए उत्सव में शामिल हुए। टेसू के फूलों से बने प्राकृतिक रंग व पारंपरिक गुलाल से खेली जा रही होली विदेशी मेहमानों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। रूस के मास्को से आई पदमी और लीला ने बताया कि वृंदावन उन्हें हर बार अपनी ओर खींच लाता है। यहां का आध्यात्मिक वातावरण मन को शांति देता है। लीला ने कहा कि वह इस्कान से जुड़ी भक्त हैं और कृष्ण भक्ति ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। पदमी ने कहा कि आधुनिक जीवन में सब कुछ होने के बावजूद सच्ची खुशी भीतर की भक्ति से मिलती है। दीपावली पर कार्तिक सेवा में शामिल होने के बाद इस बार विशेष रूप से होली मनाने आई हैं। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट से आई मिलिंदा, इरेका, एनी और एमेलिया ने बताया कि उनके देश में इस्कान भक्तों द्वारा कृष्ण भक्ति का प्रचार तेजी से बढ़ रहा है। इसी प्रेरणा से वे पहली बार वृंदावन पहुंची हैं। उनका कहना था कि यहां होली खेलते समय ऐसा महसूस होता है मानो भगवान कृष्ण भक्तों के बीच उपस्थित हों। विदेशी श्रद्धालुओं ने कहा वृंदावन को समझने के लिए केवल घूमना पर्याप्त नहीं, बल्कि भाव से जुड़ना जरूरी है। यहां के रंग जीवन में सकारात्मकता और आनंद भर देते हैं। यदि श्रद्धा से आएं तो हर क्षण आध्यात्मिक अनुभव बन जाता है। दिनभर मंदिरों, आश्रमों और गलियों में रंगों की छटा बिखरी रही। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि ब्रज की होली दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करने वाला सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्व बन चुकी है।

## सैकड़ों गांवों के लिए आफत बना राजमार्ग स्थित छटीकरा चौराहा का जाम

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित छटीकरा चौराहा पर भीषण जाम, अव्यवस्था और प्रशासनिक अनदेखी के कारण सैंकड़ों गांव के लोग इस कदर परेशान हो गए हैं कि ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर प्रशासन के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। छटीकरा चैराहा पर हालात ऐसे हो गए हैं कि यह समस्या अब केवल एक गांव तक सीमित न होकर आस-पास के सैकड़ों गांवों के ग्रामीणों के जनजीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर दिया है। वृंदावन समेत आस-पास के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए छटीकरा चैराहा सबसे प्रमुख चैराहा है। इसी के साथ तीर्थनगरी वृंदावन में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं का भी यह मुख्य रास्ता है। यहां प्रतिदिन सुबह-शाम श्रद्धालुओं की बसें, ई-रिक्शा, टैम्पू, निजी वाहन, भारी वाहन और स्थानीय लोगों के वाहन एक साथ मार्ग पर आ जाने से जाम की स्थिति विकराल हो जाती है। आस्था के केंद्र वृंदावन तक पहुंचने से पहले ही श्रद्धालुओं को अव्यवस्था, ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के चलते आस-पास के क्षेत्रवासी अस्तमा जैसी अन्य गंभीर बीमारियों का शिकार भी हो रहे हैं। इस कारण ग्रामीणों को ट्रैफिक अराजकता का सामना करना पड़ता है, जिससे ब्रज क्षेत्र की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण, अवैध कट, बेतरतीब पार्किंग, सड़क किनारे ठेले-खोखे, सर्विस लेन का अवरोध, ट्रैफिक कर्मियों की कमी और भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही ने स्थिति को बद से बदतर बना दिया है। जाम के कारण एंबुलेंस समेत अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहनों का भी समय पर निकल पाना मुश्किल हो जाता है, जिससे मरीजों की जान पर खतरा मंडराता रहता है। इसी के साथ स्कूली बच्चे घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और समयबद्ध शिक्षा दोनों प्रभावित हो रही हैं। वहीं व्यापारियों का कहना है कि लगातार जाम से कारोबार पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। रविवार को आयोजित प्रशासन के नाम एक संदेश कार्यक्रम के तहत छटीकरा व आसपास गांवों के ग्रामीणों ने पत्रकार ठाकुर प्रकाश सिंह के नेतृत्व में अपनी समस्याएं रखीं। मौके पर निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी के नाम 7 सूत्रीय ज्ञापन तैयार किया गया। ज्ञापन लेने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा ग्रामीणों के बीच पहुंचे और ग्रामीणों से ज्ञापन लिया। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, सीओ सदर पीपी सिंह और थाना प्रभारी जैंत उमेशचन्द्र त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## बाल विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित बच्चों ने मनाया होलिकोत्सव



**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ए.जी. पब्लिक स्कूल सुहाग नगर में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने परिसंचरण तंत्र राज्य एवं राजधानी पहचान मानव श्वसन तंत्र नेट फार्मिंग मानव नेत्र सौरमंडल का कार्यशील मॉडल, बायोगैस माइक्रोस्कोप जैसे विभिन्न प्रकार के एक से बढ़कर एक शानदार प्रोजेक्ट तैयार किए। जिसका समस्त अतिथियों एवं निदेशक सुनील राणा सहित ए.जी.पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रेखा राणा ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट की सराहना व उत्साह वर्धन करते हुए उनसे संबंधित विषयों पर प्रश्न पूछे। जिसका छात्र-छात्राओं ने बड़ी ही बारीकी एवं उत्सुकता के साथ जबाव दिया। इस दौरान होली के उपलक्ष्य में कक्षा 5 से 8 तक के छात्रों के लिए विद्यालय में आंतरिक स्मार्ट किड्स मेगा जी.के. क्विज 2026 का भी आयोजन किया गया और नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विद्यालय में होलिका दहन करते हुए एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ होलिकोत्सव मनाया और होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। बाल विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य रूप से विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं और स्टॉफ ने प्रतिभाग किया। बाल विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए एस.एम.के स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य पी.के.शर्मा ने कहा कि, इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र छात्राओं को नई-नई जानकारियां मिलती हैं और उनमें कुछ नया सीखने व करने की उत्सुकता भी बढ़ती है। विद्यालय द्वारा उठाया गया यह कदम अत्यंत ही सराहनीय है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी प्रवीन कुमार शर्मा ने समस्त प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए 14 मार्च शनिवार को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में जागरूक किया।

## कृष्णचंद्र गांधी सरस्वती में नये सत्र के प्रवेश शुरू, बालिकाओं को 50प्रतिशत शुल्क छूट

**मथुरा।** कृष्णचन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, माधवकुंज में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इस संबंध में रविवार 1 मार्च को पत्रकार वार्ता में विद्यालय प्रबंधन ने विस्तृत जानकारी दी। वित्तीय सलाहकार एवं विद्यालय प्रबंधक समीर बंसल एडवोकेट तथा प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य खंडेलवाल ने बताया कि वर्ष 2004 में स्थापित यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 15 मार्च रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में होगी। विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक बालिकाओं का प्रवेश भी किया जा रहा है। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बालिकाओं को प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। निर्धन लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को भी शुल्क में विशेष रियायत दी जाएगी। विद्यालय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित एनसीईआरटी पाठ्यक्रम तथा नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। संस्थान का उद्देश्य छात्रों को संस्कारयुक्त, अनुशासित एवं आधुनिक तकनीक से युक्त शिक्षा देना है। विद्यालय में स्मार्ट कक्षाएँ, विज्ञान, गणित एवं कंप्यूटर की आधुनिक प्रयोगशालाएँ उपलब्ध हैं। इस अवसर पर श्रद्धेय कृष्णचन्द्र गांधी की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 30 विद्यालयों के 205 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का परिणाम 6 मार्च को घोषित किया जाएगा। प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों में स्काउटिंग व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सक्रिय है तथा डिजिटल पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से सुधांशु खंडेलवाल उपप्रधानाचार्य राजीव पाठक मीडिया प्रभारी उमेश शर्मा विनय कुमार, लोकेश अग्रवाल नरेंद्र कुमार दिव्या गुप्ता, विजयपाल सिंह और योगेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# होली से पहले प्रियाकांतजु मंदिर से बेटियों को पढ़ायी के लिए मिला 'कन्या विद्याधन'



**वृन्दावन।** शिक्षित बेटियाँ दो घरों में शिक्षा का दीप जलाती हैं। कल के समाज का भविष्य आज की बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा पर निर्भर करेगा। इसलिये आवश्यक हैं कि हम आज अपनी बेटियों को सुशिक्षित, सुरक्षित और संस्कारित जीवन प्रदान करें। उक्त विचार देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने जरूरमंद परिवार की बेटियों को शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुये व्यक्त की।

रविवार को छटीकरा मार्ग स्थित प्रियाकान्तजु मंदिर पर ब्रज की 125 बेटियों को शिक्षा के लिये आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। मंदिर कोष से प्रियाकान्जु कन्या विद्याधन के रूप में प्रत्येक बेटी के एकाउन्ट में इक्यावन सौ रुपए की धनराशि वितरित की गयी। देवकीनंदन महाराज ने बेटियों को साकेंतिक रूप से छः लाख सैतींस हजार पाँच सौ रुपए का सामूहिक चैक सौंपकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। होली महोत्सव में आयोजित कथा से पूर्व बेटियों के साथ देवकीनंदन महाराज ने संवाद करते हुये उनके भविष्य की योजनाओं पर विचार जाने। उन्होने कहा कि बेटियाँ माता-पिता का सम्मान लेकर जीती हैं। ऐसा कोई भी काम न करें जिससे माता-पिता का नाम खराब हो। कहा कि मोबायल का जितना आवश्यक है, उतना ही प्रयोग करें, किताबें पढ़ें। ब्रज के विभिन्न स्थानों से चयनित बेटियों ने शिक्षा से लाभ, मोबायल के दुरूपयोग, परिवार में बिखराव, समाज में भेदभाव, जनसंख्या नियंत्रण जैसे मुद्दों पर अपने विचार रखे। मंदिर सचिव विजय शर्मा ने बताया कि प्रियाकान्तजु मंदिर स्थापना वर्ष 2016 से लगातार बेटियों को यह सहयोग प्रदान किया जाता है। मंदिर पर सोमवार को सतरंगी होली महोत्सव मनाया जायेगा। हाईड्रोलिक पिचकारी से भक्तों पर टेसू का रंग बरसेगा। इस अवसर पर प्रमोद गुप्ता, सतीश गर्ग, वीर सिंह, मुकेश पाण्डेय, योगेश शर्मा, अजय दुबे, रोहित मीणा, मीडिया प्रभारी जगदीश वर्मा, गजेन्द्र सिंह, विष्णु शर्मा और संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव




**फिरोजाबाद।** महात्मा गांधी सेवा एवं शिक्षण संस्थान द्वारा गली तिलक भवन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महात्मा गांधी शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें, नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय के मैनेजर राकेश अग्रवाल एवं महात्मा गांधी सेवा एवं शिक्षण संस्थान के सेक्रेटरी अनूप चंद जैन एडवोकेट कोषाध्यक्ष अनुपम गुप्ता, महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी ढोलपुरा स्कूल के प्रबंधक शिवकांत शर्मा, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधन राजेन्द्र जैन, महात्मा गांधी पीजी कॉलेज के सचिव सतीश चंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और नन्हें मुन्ने बच्चों ने सर्वप्रथम गणेश वंदना की। इसके बाद जल संरक्षण, बाल श्रम, महाभारत आदि नाट्य प्रस्तुतियों के साथ हरियाणवी सोंग, देश भक्ति सोंग आदि रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों ने अबीर गुलाल उड़ाते हुए जमकर होली खेली और सभी ने एक दूसरे दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधक राकेश अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती स्वाति भारद्वाज ने बताया कि बौहरान गली क्षेत्र के गली तिलक भवन स्थित इस विद्यालय प्रांगण का भी सन-1952 से अपना एक बहुत ही समृद्ध इतिहास है। वार्षिकोत्सव के अवसर पर मुख्य रूप से महात्मा गांधी पीजी कॉलेज की उप सचिव मंजनी गुप्ता महात्मा गांधी इंटर कॉलेज की उप प्रबंधक पुष्पा गुप्ता एवं महात्मा गांधी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सरिता यादव सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्राओं व अभिभावकों सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# रोजगार देने वाली दीदी के नाम से मशहूर हुई गायत्री

**फिरोजाबाद।** योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर लगातार आधी आबादी के सपनों को पंख लगा रहीं हैं। इसका सबसे ताजा और प्रेरक उदाहरण सुहाग नगरी फिरोजाबाद के बरकतपुर की 22 वर्षीय गायत्री हैं। कभी पूंजी के अभाव में अपने हुनर को दबाकर रखने वाली गायत्री आज मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के जरिए न केवल खुद आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि 20 अन्य परिवारों के आर्थिक सशक्तीकरण का जरिया भी बन गई है।

### बीएससी की छात्रा से 'युवा महिला उद्यमी' तक का सफर

फिरोजाबाद के ग्राम बरकतपुर की रहने वाली गायत्री की कहानी संघर्ष और दृढ़ इच्छाशक्ति की मिसाल है। अपनी शुरूआती पढ़ाई गांव के प्राथमिक विद्यालय से करने वाली गायत्री फिलहाल बीएससी फाइनल की छात्रा हैं। पढ़ाई के साथ- साथ उनके मन में



हमेशा से अपना व्यवसाय शुरू करने की इच्छा थी, लेकिन रास्ते में सबसे बड़ी दीवार 'पूंजी' की कमी थी। इसी बीच उन्हें जिला उद्योग केंद्र से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना की जानकारी मिली। सरकारी तंत्र की बदली कार्यशैली और पारदर्शी प्रक्रिया का लाभ उठाते हुए गायत्री ने आवेदन किया और उन्हें बिना किसी बाधा के बैंक से 3 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त हो गया। इस शुरूआती पूंजी ने उनके सपनों को हकीकत में बदलने का आधार तैयार किया।

### बैंगल्स डेकोरेशन ने बदली 20 परिवारों की तकदीर

बैंक से ऋण मिलते ही गायत्री ने अपने हुनर को व्यवसाय में बदलते हुए 'गायत्री बैंगल्स डेकोरेशन' नाम से चूड़ियों की सजावट का काम शुरू किया। आज उनकी इस छोटी सी इकाई में 15 महिलाएं और 5 पुरुष काम कर रहे हैं। गायत्री अब केवल एक उद्यमी नहीं, बल्कि इलाके में ह्वरोजगार देने वाली दीदीह्व के नाम से मशहूर हो चुकी हैं। उनके इस काम में पिता संजय शर्मा और परिवार के अन्य सदस्य भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे हैं।

### 40 हजार की मासिक कमाई और सम्मानजनक जीवन

कभी पूंजी के लिए संघर्ष करने वाली गायत्री आज अपनी इस इकाई से प्रतिमाह लगभग 40 हजार रुपये कमा रहीं हैं। इतना ही नहीं, उनके कारखाने में काम करने वाले कारीगर भी अपने हुनर के दम पर 15 से 20 हजार रुपये प्रति माह कमा रहे हैं। इससे न केवल गायत्री का जीवन बदला है, बल्कि उनसे जुड़े 20 अन्य कारीगरों के परिवारों का जीवन स्तर भी सुधरा है।

### योगी सरकार की योजना मेरे लिए वरदान : गायत्री

अपनी इस शानदार उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए युवा उद्यमी गायत्री बताती हैं कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि 22 साल की उम्र में, पढ़ाई के साथ-साथ मेरा अपना कोई व्यवसाय होगा और मैं दूसरों को नौकरी दे पाऊंगी। योगी सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। बिना किसी सिफारिश या भागदौड़ के मुझे पारदर्शी तरीके से ब्याज मुक्त ऋण मिल गया। इसी सरकारी मदद ने मेरे सपनों को हकीकत में बदल दिया है। आज मुझे इस बात की सबसे ज्यादा खुशी है कि मेरे साथ 20 और लोगों के घर भी चल रहे हैं।

## डीएम ने किया बाबा नीब करौरी की जन्मस्थली का स्थलीय निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ बाबा नीब करौरी जी की जन्मस्थली का स्थलीय निरीक्षण किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर के सर्वांगीण विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करना रहा। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए विस्तृत योजना का अवलोकन किया। संपर्क मार्ग को और अधिक बेहतर और चौड़ा बनाने के कड़े निर्देश दिए, स्थल की धार्मिक महत्ता को देखते हुए इसे पर्यटन हब के रूप में विकसित करने पर जोर दिया, जिससे स्थानीय विकास के साथ-साथ पर्यटन को भी नई दिशा मिले। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवश्यक कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।

## जन्मभूमि पर हुआ होली गायन व बंब वादन



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर आज पंचदिवसीय होली महोत्सव के अन्तर्गत होली रसिया गायन एवं बंब वादन का कार्यक्रम हुआ। इस संबंध में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा जारी की गयी विज्ञप्ति के अनुसार फाल्गुन शुक्ल रंगभरी एकादशी तदनुसार 27 फरवरी से प्रारम्भ हुये होली के पंचदिवसीय कार्यक्रमों के कम में आज तृतीय दिवस रविवार (01 मार्च 2026) की सायं 4 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान (जन्मभूमि) प्रांगण में स्थित पवित्र लीलामंच पर खुर्जा के श्री नीटू सिंह एवं उनके सहयोगी कलाकारों द्वारा होली की विभिन्न विधाओं में से एक बंब वादन एवं रसिया गायन / नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुजन ने बंब वादन, रसिया गायन को देख भावविभोर होकर उद्दाम नृत्य कर उठे। पंचदिवसीय होली महोत्सव के चतुर्थ दिवस कल 02 मार्च 2026 को लीलामांच पर सांय 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक होली रसिया गायन, ब्रज के लोक नृत्य, मयूर नृत्य, पुष्पों की होली आदि होली की विभिन्न प्रस्तुति राजेश प्रसाद शर्मा, गोवर्धन, मथुरा के कलाकारों द्वारा होंगी। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण व्यवस्थाओं में जुटे हुऐ थे।

## मैत्री घर में बरसे आस्था के फूल, बुजुर्ग महिलाओं के साथ खेली होली

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** भक्ति, भाव और आत्मीयता के रंगों से सराबोर वृंदावन पानीघाट स्थित मैत्री घर विधवा आश्रम में रविवार को ह्वफूलों की होलीह्व का अभूतपूर्व आयोजन संपन्न हुआ। समाज की मुख्यधारा से दूर संघर्षमय जीवन व्यतीत कर रही सैकड़ों विधवा माताओं के चेहरे उस वक्त खिल उठे, जब उन पर टनों फूलों की वर्षा की गई। बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और ब्रज के पारंपरिक रसिया गायन के बीच पूरा आश्रम परिसर एक दिव्य उत्सव में तब्दील हो गया। ?उत्सव का शुभारंभ संस्था के संस्थापक लेफ्टिनेंट जनरल भूपेंद्र सिंह और संस्थापिका बिन्नी सिंह ने माताओं के चरण स्पर्श कर और उनके साथ फूलों की होली खेलकर किया। इस भावुक क्षण में जनरल सिंह ने कहा कि इन माताओं के जीवन में मुस्कान लाना ही मैत्री घर का परम लक्ष्य है। ढोल-नगाड़ों की थाप और ब्रज की चैपाइयोंह्व ने वातावरण को पूरी तरह आनंदमय बना दिया। ?इस कार्यक्रम का सबसे विशेष और भावनात्मक आकर्षण 105 वर्षीया रेनु माँ और 95 वर्षीया शांति कपूर की उपस्थिति रही। अवस्था की बाधाओं को पार कर इन बुजुर्ग माताओं ने न केवल होली का आनंद लिया, बल्कि इस भव्य आयोजन की जीवंत गवाह भी बनीं। फूलों की सुगंध के बीच कई माताएं भावविभोर होकर थिरकती नजर आईं। ?मैत्री घर प्रबंधन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ब्रज की पारंपरिक होली का स्वरूप देखने को मिला। फूलों की होली के साथ-साथ भजनों और रसिया गायन ने उपस्थित श्रद्धालुओं और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ?इस पुनीत अवसर पर प्रबंधक महेश मुनि, सन्तोष चतुवेर्दी, शेर सिंह, गुड़िया, गौरी, सोनिया, मोनिका और एडवोकेट हाकिम सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय होली मिलन संपन्न

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** कछवाहा (कुशवाहा) क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय होली मिलन समारोह श्रीदेवी असहाय सेवा संस्थान, गोविंदपुर रोड सरस्वती कुंड स्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर सुरेश चंद्र कुशवाहा के कार्यालय के प्रांगण में मनाया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में लव कुश भगवान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण मुख्य अतिथि भीष्म पाल सिंह, चंदन सिंह प्रेमी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डालचंद कुशवाहा ने कहा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना होगा और इस पैसे को समाज की शिक्षा में लगाना होगा। प्रदेश अध्यक्ष रामहेत कुशवाहा ने कहा कि राजस्थान की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में लव कुश बोर्ड का गठन किया जाए। कार्यक्रम की प्रारंभ में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



सुरेश चंद कुशवाहा द्वारा सभी अतिथियों को केसरिया दुपट्टा पहनाकर एवं लव कुश भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन ने कहा कि विवाह समारोह में चढ़ावा, दिखावा बंद किया जाए और इस पैसों असहाय लोगों में देकर एवं शिक्षा पर खर्च करें। डालचंद कुशवाहा ने कहा की बच्चों के साथ-साथ बच्चियों को भी शिक्षा पर आगे लाऐ। भीष्म पाल कुशवाहा में कहा कि शिक्षित बनो संगठित और संघर्ष करो तब समाज आगे बढ़ सकता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष हेमसिंह कुशवाहा, लक्ष्मण सिंह कुशवाहा, मनवीर सिंह कुशवाहा, नवजीवन पत्रिका के संपादक प्रकाश चंद्र कुशवाहा, ठाकुर सीताराम कुशवाहा, रामेश्वर एडवोकेट, राम प्रकाश कुशवाहा, मिजाजी लाल कुशवाहा, महाराज सिंह कुशवाहा, राजस्थान के अध्यक्ष राम एक कुशवाहा, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार कुशवाहा, चेतराम कुशवाहा, राजस्थान प्रदेश की महिला अध्यक्ष हेमलता कुशवाहा, मध्य प्रदेश के गौरीशंकर एवं मुरारी लाल ठेकेदार, भरतपुर संभाग के अध्यक्ष रामस्वरूप कुशवाहा, वीर बहादुर सिंह, हुकम सिंह रामप्रसाद, संगठन मंत्री घनश्याम सिंह कुशवाहा, जयपुर के अध्यक्ष अमित कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र कुशवाहा एवं श्रीमती उषा कुशवाहा ने सभी का होली के अवसर पर ब्रज में पधारने पर हृदय से आभार व्यक्त किया।

## जनता दर्शन में जिपं अध्यक्ष ने सुनीं लोगों की समस्याएं, कुछ का किया मौके पर निस्तारण

**मथुरा।** रविवार अवकाश के दिन जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने अपने आवास पर जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। जनता दर्शन में मुख्य रूप से आवास, पेंशन, शौचालय, बिजली, सड़क और नलकूप जैसी समस्याएं प्रमुखता से उठीं। कुछ ग्रामीणों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी परेशानियों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें भी रखीं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीचैधरी ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जनता दर्शन का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को नजदीक से समझना और समयबद्ध समाधान कराना है। ब्रजवासियों की परेशानी दूर करना मेरी पहली प्राथमिकता सदा रही है, किसी भी पीड़ित को इधर-उधर भटकना न पड़े, यह मेरी जिम्मेदारी है। मेरे कान्हा की नगरी का हर नागरिक बिना भेदभाव अपनी समस्या लेकर मेरे पास आ सकता है। भाजपा सरकार और प्रशासन व जनप्रतिनिधि मिलकर जनता को राहत पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने जनता दर्शन में आए ब्रजवासियों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या पर गंभीरता से कार्यवाही होगी।

# ईरान संकट : भारत पर पड़ेगा व्यापक असर

## भारत को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और आर्थिक संकट का करना पड़ सकता है सामना

एजेंसी

नयी दिल्ली। ईरान में गहराते संकट के कारण भारत को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक आर्थिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई। हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला को अभी तक किसी संरचनात्मक असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ा है।

होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल के सात महीने के उच्चस्तर तक पहुंचा दिया है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ गया है, जिससे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, निकट भविष्य में तेल आपूर्ति बाधित होने की संभावना कम है। केपलर के शीर्ष शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा मौजूदा स्थिति में शुरुआती प्रभाव मात्रा के बजाय कीमतों पर आधारित होने की संभावना है। भू-राजनीतिक जोखिम के कारण ब्रेंट की कीमतों के साथ ही माल ढुलाई दरों और युद्ध-जोखिम बीमा लागत में भी वृद्धि होगी। रितोलिया के अनुसार, अगर पश्चिम एशिया से आपूर्ति कम होती है, तो भारतीय रिफाइनरियां फिर से रूसी तेल की ओर रुख कर सकती हैं। समुद्र में मौजूद रूसी तेल का भंडार भारत के लिए एक बफर के रूप में काम करेगा। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति का असर भारत की अर्थव्यवस्था, ईंधन की कीमतों, महंगाई और प्रवासियों द्वारा भेजे जाने वाले धन पर पड़ेगा।



### सरकार, निर्यातक व शिपिंग कंपनियों की बैठक आज

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध के हालातों के बीच भारतीय व्यापार पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में निर्यातकों, शिपिंग कंपनियों और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तेजी से बदलते हालात के बीच भारतीय व्यापार पर इसके असर को समझने के लिए आयोजित इस बैठक में कुछ लोग सीधे और कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शामिल होंगे। निर्यातकों ने गहरी चिंता व्यक्त की है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग प्रभावित होंगे। ये मार्ग भारत को खाड़ी क्षेत्र, उत्तरी अमेरिका और यूरोप से जोड़ने के लिए जीवन रेखा माने जाते हैं। भारतीय निर्यातक संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि इस संघर्ष ने वैश्विक लॉजिस्टिक चैनलों को बाधित करना शुरू कर दिया है।

# युद्ध के चलते चांदी में आ सकती है भारी तेजी

एजेंसी



नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक अनिश्चितता के बीच निवेशकों द्वारा सुरक्षित निवेश के रूप में कीमती धातुओं का रुख करने से सोमवार को बाजार खुलने पर सोना और चांदी की कीमतों में भारी तेजी आने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तेहरान पर इजराइली हमलों के बाद ईरान मैं बड़े सैन्य अभियानै की घोषणा और ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन की पुष्टि के बाद क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसके जवाब में ईरान द्वारा अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इजराइली लक्ष्यों पर जवाबी कार्वाई से वैश्विक बाजार सहमे हुए हैं। विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू बाजार में सोना और चांदी की कीमतों पर इसका कितना असर पड़ेगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि यह संघर्ष कितने समय तक चलता है। इसके अलावा, इस सप्ताह आने वाले विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी खुदरा बिक्री और रोजगार के आंकड़े भी बाजार की दिशा तय करेंगे। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा सोमवार को बाजार खुलते ही सोना और चांदी की कीमतों में बढ़त के साथ शुरुआत और भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। पश्चिम एशिया का संघर्ष वैश्विक जोखिम धारणा पर हावी है। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक समाधान की कम होती उम्मीदों के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश के रूप में सोने-चांदी की ओर भाग रहे हैं। होली के उपलक्ष्य में मंगलवार को घरेलू जिंस बाजार बंद रहेगा। पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च अनुबंध के लिए चांदी की वायदा कीमत में 22,054 रुपये (8.72 प्रतिशत) और अप्रैल अनुबंध के लिए सोने की कीमत में 5,228 रुपये (3.33 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रणव मेर के अनुसार केंद्रीय बैंकों और ईटीएफ द्वारा निरंतर खरीदारी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के कारण सर्राफा बाजार को मजबूत समर्थन मिल रहा है।

## संक्षेप

### ओला इनसाइडर्स पहल की शुरुआत

नयी दिल्ली। ई-स्कूटर विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने रविवार को अपने देश भर के 10 लाख से अधिक ग्राहकों के लिए एक विशेष सामुदायिक कार्यक्रम ओला इनसाइडर्स शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस पहल के तहत समुदाय के सदस्यों को वाहन के नए मॉडल लेने (अपग्रेड), अतिरिक्त वाहन की खरीद और रेफरल (अन्य लोगों को जोड़ने) पर विभिन्न लाभ प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मौजूदा ग्राहक अपने पुराने स्कूटर को अपग्रेड कर सकते हैं, जिसके तहत उन्हें नवीनतम जेन 3 एस। पोर्टफोलियो और रोडस्टर मोटरसाइकिल (4680 भारत सेल संस्करणों सहित) की खरीद पर 50,000 रुपये तक के लाभ दिए जाएंगे। इसके अलावा ओला के मौजूदा ग्राहक उसी पंजीकृत नाम से दूसरा ओला वाहन खरीदने पर 20,000 रुपये तक के अतिरिक्त लाभ उठा सकते हैं।

### शेयर बाजारों में गिरावट की आशंका : विश्लेषक

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण सोमवार को शेयर बाजारों में नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी। हालांकि, बाजार में गिरावट इस बार पर निर्भर करेगी कि यह संघर्ष कितने समय तक चलता है। विश्लेषकों ने यह बात कही। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर हमला किया था। ईरानी सरकारी मीडिया ने रविवार सुबह पुष्टि की कि इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए हैं। भू-राजनीतिक स्थिति के अलावा, व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। होली के अवसर पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, पश्चिम एशिया में बढ़े भू-राजनीतिक तनाव के बाद निवेशकों का उत्साह और भी कम हो गया है।

### धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक से इनकार

नयी दिल्ली। अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने कर्ज में डूबी वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा कर्ज अदायगी में की गई चूक के मामले में धूत भाइयों - राजकुमार नंदलाल धूत और प्रदीप नंदलाल धूत की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसमें उनके खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी गई थी। धूत भाइयों के खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही तब शुरू की गई थी, जब भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा ज ण चूक पर 5,353.78 करोड़ रुपये का मांग का नोटिस जारी किया था। वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज मुख्य कर्जदार थी, जिसके लिए ये दोनों भाई व्यक्तिगत गारंटर थे। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की दो सदस्यीय पीठ ने पिछले साल जून में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ द्वारा पारित उन दो आदेशों को बरकरार रखा है, जिनमें वीडियोकॉन के संस्थापक वेणुगोपाल धूत के भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया था।

# एयर इंडिया बोइंग 787 विमानों में कर रही बदलाव

एजेंसी



नयी दिल्ली, एक मार्च (भाषा) एयर इंडिया अपने अधिकांश ड्रीमलाइनर विमानों के फॉसेट कंट्रोल मॉड्यूल (जल नियंत्रण मॉड्यूल) में बदलाव कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह कदम अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के उस संशोधित निर्देश के बाद उठाया गया, जिसमें पानी के रिसाव की आशंका वाले मॉड्यूल को बदलने के लिए कहा गया था। इस रिसाव से विमान के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर बुरा असर पड़ सकता था। एफएए ने दो फरवरी को एक उड़ान सुरक्षा निर्देश (एडी) जारी किया था, जो कुछ बोइंग 787-8, 787-9 और 787-10 विमानों पर लागू होता है। इन विमानों को ड्रीमलाइनर के नाम से भी जाना जाता है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के बेड़े में 33 बोइंग 787 विमान हैं, जिनमें 26 पुराने 787-8 विमान शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि एफएए के निर्देश के बाद एयर इंडिया ने अपने अधिकांश बोइंग 787 विमानों में एफसीएम में आवश्यक बदलाव करने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिन 787 विमानों की पहचान इस काम के लिए की गई थी, उनमें से आधे से अधिक में एफसीएम को बदला जा चुका है। हालांकि, उन विमानों की सटीक संख्या का पता नहीं चल सका है।

# जीएसटी संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस बढ़ोतरी में मुख्य योगदान रहा।

इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे। इसके अलावा कुछ चुनिंदा अति-विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए अधिकतम 40 प्रतिशत का स्लैब रखा गया था। कर कटौती लागू होने के पहले महीने में जीएसटी संग्रह में शुरुआती गिरावट देखी गई और नवंबर में राजस्व घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था। इसके बाद दिसंबर में संग्रह बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये और जनवरी में 1.93 लाख करोड़ रुपये हो गया। डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि जीएसटी संग्रह के आंकड़े दर्शाते हैं कि उपभोग में हुई बढ़ोतरी ने कर दरों में की गई कटौती की भरपाई कर दी है। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे प्रमुख राज्यों द्वारा दर्ज की गई नकारात्मक वृद्धि, और पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में राष्ट्रीय औसत से कम एकल अंक की वृद्धि चिंता का विषय है।

# हाइफा बंदरगाह पूरी तरह सुरक्षित और परिचालन में : अदाणी समूह

एजेंसी

नयी दिल्ली। ईरान के साथ बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच अदाणी समूह ने रविवार को कहा कि इजराइल स्थित उसका हाइफा बंदरगाह पूरी तरह सुरक्षित है और परिचालन की स्थिति में है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) ने एक बयान में कहा कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां तथा बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है।

अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के खिलाफ एक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें हाइफा को भी निशाना बनाया गया है। बयान में कहा गया हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित एवं परिचालन की स्थिति में है। हालांकि, बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ईरान के किसी ड्रोन या मिसाइल ने बंदरगाह को नुकसान पहुंचाया है या नहीं। बंदरगाह प्राधिकरण लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और इजराइल के परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्रालय के साथ निकट समन्वय बनाए हुए है।

# फ्रेंच फ्राई का हब बनेगा उत्तर प्रदेश

एजेंसी



साबरकांठा (गुजरात)। उत्तर प्रदेश अपनी बदलती जलवायु और बढ़ते तापमान के कारण आगामी वर्षों में देश के प्रमुख फ्रेंच फ्राई प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभर सकता है। गुजरात स्थित कृषि कारोबार कंपनी हाइफार्म ने राज्य की कृषि क्षमता में आ रहे इस सकारात्मक बदलाव पर भरोसा जताया है। हाइफार्म के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदरराजन एस ने दिए साक्षात्कार में कहा पिछले छह-सात साल में उत्तर प्रदेश के आलू में ठोस तत्व की मात्रा बढ़ी है। इसका मुख्य कारण क्षेत्र के तापमान में क्रमिक वृद्धि है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी तीन से पांच साल में उत्तर प्रदेश आलू प्रसंस्करण के क्षेत्र में एक नयी शक्ति बनकर उभरेगा।

तकनीकी दृष्टि से, गुणवत्तापूर्ण फ्रेंच फ्राई के लिए आलू में शुष्क पदार्थ का अंश 20 से 24 प्रतिशत के बीच होना अनिवार्य है, जिससे वे कुरकुरे बने रहते हैं। उत्तर प्रदेश के आलू में यह स्तर पहले 17 प्रतिशत के आसपास था, जो अब बढ़कर 19-20 प्रतिशत तक पहुंच गया है। कंपनी की विस्तार योजनाओं पर चर्चा करते हुए सुंदरराजन ने कहा कि हाइफार्म का लक्ष्य वर्ष 2028 तक आलू की वार्षिक खरीद को चार लाख टन से बढ़ाकर 10 लाख टन करना है। इसके लिए कंपनी वर्ष 2028 में मध्य प्रदेश और 2030 में उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करेगी। वर्तमान में यह कंपनी गुजरात के साबरकांठा और गांधीनगर में 7,000 किसानों के साथ संबद्ध है। कंपनी बीज से बाजार तक मॉडल पर कार्य करती है और अपनी आवश्यकता का लगभग 90-95 प्रतिशत बीज स्वयं तैयार करती है। उन्होंने उद्योग की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में भारतीय फ्रेंच फ्राई उद्योग मुख्य रूप से संताना किस्म पर निर्भर है। विकल्प के तौर पर अब केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) की नयी किस्मों कुफरी फ्राईसोना और कुफरी फ्राईओएम को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# ईंधन उत्सर्जन के नये नियमों पर आम सहमति के बाद आगे बढ़ेगी सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को कहा कि सरकार वाहन विनिर्माताओं के लिए कैफे-3 नियमों को लागू करने से पहले सभी पक्षों के साथ आम सहमति बनाएगी। ये नियम किसी वाहन निर्माता के सभी मॉडल में औसत ईंधन खपत और कार्बन उत्सर्जन को सीमित करने के लिए तैयार किए गए हैं।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा प्रस्तावित कॉरपोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी-3 (कैफे-3) नियमों को एक अप्रैल, 2027 से 31 मार्च, 2032 तक प्रभावी बनाने का प्रस्ताव है। सरकार ने इस मसौदे पर संबंधित पक्षों से राय मांगी है। इन नियमों को लागू करने के ढांचे पर वाहन विनिर्माताओं के विचार बंटे हुए हैं। कुछ कंपनियां वजन और कम कीमत के आधार पर छोटी कारों के लिए उत्सर्जन मानकों में ढील की मांग कर रही हैं। वहीं, इस ढील का विरोध करने वालों का तर्क है कि इससे सुरक्षा मानकों से समझौता होगा और देश के स्वच्छ ऊर्जा अभियान में बाधा आएगी। सितंबर, 2025 में चर्चा के लिए लाए गए नियमों के मसौदे में उन छोटी कारों के लिए मानकों में ढील देने का सुझाव दिया गया था, जिनका कुल वजन 909 किलोग्राम तक, इंजन क्षमता 1200 सीसी से कम और लंबाई 4000 मिलीमीटर (चार मीटर) से अधिक नहीं है।

## पेज एक का शेष

### अमेरिका-इजराइल

गंवा चुके हैं, जबकि 740 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मिसाइल, गोलाबारी और बमबारी की चपेट में आने वाले अन्य लोग ईराक, कुवैत, कतर, बहरीन, ओमान और यूएई के हैं। हताहतों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने कहा कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने का कोई इरादा नहीं रखता। बकौल अराघची, 'अभी होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने का कोई इरादा नहीं है। फिलहाल यहां से गुजरने वाले जहाजों को बाधित करने (नेविगेशन में रुकावट) जैसी योजनाएं भी नहीं हैं। ईरान केवल अमेरिकी मिलिट्री के लोगों और उनकी मदद करने वाली जगहों को टारगेट कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना हमले कर रही है। हमारे पास खुद को बचाने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा, 'बेशक हम अमेरिकी इलाके में किसी भी टारगेट को हिट नहीं कर सकते, इसलिए हमें इस इलाके में अमेरिकी बेस और पश्चिम एशिया में अमेरिका द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली जगहों पर हमले करने होंगे। शुरूआत उनके मिलिट्री बेस पर हमले से की गई है। अमेरिकी सेना मिलिट्री बेस खाली कर चुकी है। वे होटलों में छिप कर अपने लिए ह्यूमन शील्ड बना रहे हैं। हम असल में केवल मिलिट्री के लोगों और उन जगहों को ही टारगेट करने की कोशिश कर रहे हैं जो ईरान के खिलाफ उनके ऑपरेशन में अमेरिका की मदद कर रही हैं।

अराघची ने युद्ध के उन्माद के बीच पश्चिम एशिया और अन्य खाड़ी देशों की भूमिका को लेकर कहा, 'मैं इस इलाके में अपने सभी साथियों के संपर्क में रहा हूं। उन्हें ईरान का पक्ष अच्छे तरीके से समझाया गया है। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि इस इलाके में बसे अन्य देशों की पोजीशन क्या है। वे खुश नहीं हैं, उनमें से कुछ तो गुस्से में भी हैं, कुछ इसे समझने की कोशिश कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि इस इलाके में जो हो रहा है, वह हमारी गलती या मर्जी से नहीं हो रहा है, इस बात को अन्य देश अच्छे से समझें। उन्होंने कहा कि यह युद्ध अमेरिका और इस्राइल ने थोपा है। इसलिए अगर इस क्षेत्र के देश अगर गुस्से में हैं, तो उन्हें इस्राइल और अमेरिका के खिलाफ क्रोधित होना चाहिए। इस युद्ध को रोकने के लिए दबाव ईरान पर नहीं, दूसरी तरफ डालना चाहिए। ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद की मौत का दावा किया गया है। यह दावा ईरान की लेबर न्यूज एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। उनकी मृत्यु कथित तौर पर रविवार को हुए एक हवाई हमले के कारण हुई है।

### संविदाकर्मी मौत

हुआ और परसुराम बुरी तरह झुलस कर नीचे गिरे जिससे उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा काटा पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। इसके बाद मामले की जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ दुर्घटना पूरी तरह से विद्युत सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण हुई जिसके बाद अधिशासी अभियंता 33 केवी प्रीतम सिंह सहायक अभियंता 33 केवी इंदिरा नगर अमितेश कुमार जूनियर इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार एवं तकनीकी कर्मचारी रामधीरज को निलंबित कर दिया गया। अवर अभियंता को अधीक्षण अभियंता वाणिज्य गोमती नगर से संबंध रहेंगे निलंबन के साथ इन अधिकारियों का क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है अधिशासी अभियंता प्रीतम सिंह और सहायक अभियंता अमितेश कुमार को बरेली जोन मुख्य अभियंता वितरण बरेली क्षेत्र प्रथम से संबंधित किया गया है। एमडी रिया केजरीवाल ने स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया है की सुरक्षा मनको से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा हर एक कार्मिक का जीवन अमूल्य है।

### धार्मिक परिसर

पर जोर दिया। उन्होंने शहर में उपयुक्त स्थलों का चयन कर व्यवस्थित तरीके से वेंडिंग जोन के साथ ही कान्हा उपवन एवं स्ट्रीट डॉग सेंटर बनाए जाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने उचित मुआवजा वितरित कर दालमंडी सड़क चौड़ीकरण का कार्य शीघ्रता से करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने विद्युत तारों के अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य मानक के अनुरूप कराए जाने का निर्देश दिया, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो। सीएम ने साफ तौर पर कहा कि गर्मी में पेयजल की समस्या कहीं भी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि कोई भी धार्मिक क्रियाकलाप धार्मिक स्थल परिसर में ही किया जाए। कोई भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। तीव्र आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न हो, सड़कों पर अतिक्रमण कर वाहन पार्क न हों। उन्होंने स्कूली बच्चों में जागरूकता लाए जाने के उद्देश्य से उन्हें ट्रैफिक नियमों की जानकारी दिए जाने को कहा। कोडिन कफ सिरप के मामलों में अवैध कारोबार में शामिल वास्तविक जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई को भी कहा। सीएम ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि सुनिश्चित करें कि कहीं भी अवैध एवं जहरीली शराब की बिक्री न होने पाए। शराब के अवैध टांसपोर्टेशन पर कड़ी नजर रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबित राजस्व वादों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण एवं समय सीमा के अन्तर्गत सुनिश्चित हो। अविवादित लंबित वादों का अविलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी नियमित जनसुनवाई करें और मेरिट के आधार पर समाधान सुनिश्चित कराएं। जिले एवं कमिश्नरी स्तर पर व्यापार, उद्योग बंधु तथा बैंकों की नियमित बैठकें कराई जाएं व शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित हो।

### इजराइल में

में है और दूतावास सभी भारतीय श्रमिकों के संपर्क में है। प्रथम सचिव डॉ. गारिका तेजेश्वर ने भी आश्वस्त किया कि अधिकांश भवनों में सुरक्षा शेल्टर उपलब्ध हैं और श्रमिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। श्रम, सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने श्रमिकों और उनके परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सभी श्रमिकों की सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। विभाग राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और भारतीय दूतावास के साथ निरंतर संपर्क में है, ताकि किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। निदेशक, सेवायोजन नेहा प्रकाश और अपर निदेशक पी.के. पुंडीर ने भी एनएसडीसी अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था की निरंतर समीक्षा के निर्देश दिए हैं। भारतीय दूतावास, तेल अवीव की ओर से 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं जिनमें +972-54-7520711, +972-54-2428378। इसके साथ ही पीआईबीए ने भी हेल्पलाइन नंबर 1-700-707-889 जारी किया है, जिसका संचालन सेंटर फॉर इंटरनेशनल माइग्रेशन एंड इंटीग्रेशन की ओर से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रम एवं सेवायोजन विभाग लगातार हालात की समीक्षा कर रहा है। राज्य सरकार का मानना है कि विदेश में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक प्रदेश की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इजराइल में वर्तमान में लगभग 42,000 भारतीय नागरिक निवास कर रहे हैं, जिनमें 6,004 उत्तर प्रदेश के निर्माण श्रमिक शामिल हैं। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जाएगी और श्रमिकों तथा उनके परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### नागपुर में

लिए जा रहे हैं। पीड़ितों के शोक संतप्त परिवार के सदस्य अपने प्रियजनों के बारे में जानने की उम्मीद में जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित कारखाने परिसर में उमड़ पड़े। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विस्फोट के कारणों की गहन जांच के आदेश दिए हैं। फडणवीस ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम, पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) और सुरक्षा के लिए रक्षा सूचना प्रणाली (डीआईएसएस) के अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर मौजूद थीं और युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया।

मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र के नागपुर स्थित एक कारखाने में हुए विस्फोट में हुई जानमाल की हानि की खबर से मैं अत्यंत दुखी हूं। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

### पीएम मोदी

नए अवसर भी पैदा करेगी। उन्होंने कहा पवित्र और ऐतिहासिक नगर मदुरै में आकर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं मीनाक्षी अम्मन और भगवान सुंदरेश्वर को नमन करता हूं। आज का यह आयोजन तमिलनाडु की विकास यात्रा में एक गौरवपूर्ण अध्याय का प्रतीक है। हमने 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी है, उनका उद्घाटन किया है और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी में बदलाव लाएंगी, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी, रोजगार सृजित करेंगी और लाखों लोगों के जीवन को बदल देंगी। उन्होंने याद दिलाया कि भारत सरकार ने तमिलनाडु के राजमार्ग नेटवर्क में भारी निवेश किया है और 2014 से राज्य में 4,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। आज समर्पित रेलवे परियोजनाओं पर मोदी ने कहा कि भारतीय रेलवे ने पिछले दशक में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का अनुभव किया है और यह एक आधुनिक, कुशल और जन-केंद्रित परिवहन प्रणाली के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, यह परिवर्तन विशेष रूप से तमिलनाडु में दिखाई देता है। हमारी सरकार के सत्ता में आने (2014) के बाद से तमिलनाडु के लिए रेलवे बजट आवंटन में लगभग नौ गुना वृद्धि हुई है।

### काशी ने ढाई

की। इस 'शहरी वन' की सबसे अनूठी विशेषता इसकी बनावट और वैचारिक पृष्ठभूमि है। पूरे वन क्षेत्र को 60 अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर का नाम काशी के प्रसिद्ध गंगा घाटों जैसे - दशाश्वमेध, ललिता घाट, नया घाट, मणिकर्णिका घाट, केदार घाट, चौसट्टी घाट, मान मंदिर घाट और शीतला घाट के नाम पर रखा गया है। यह बनावट ऐसी है कि भविष्य में जब ये पौधे वृक्ष बनेंगे, तो गंगा किनारे एक हरा-भरा 'मिनी काशी' का स्वरूप नजर आएगा। प्रत्येक सेक्टर में लगभग 4,000 से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें शीशम, अर्जुन, सागौन और बांस जैसी 27 देशी प्रजातियों के साथ-साथ आम, अमरूद और पपीता जैसे फलदार वृक्षों और अश्वगंधा, शतावरी व गिलोय जैसी औषधियों को प्राथमिकता दी गई है। यह परियोजना न केवल पर्यावरण को सुधारेगी, बल्कि आने वाले समय में नगर निगम के लिए आय का एक बड़ा स्रोत भी बनेगी। इस विश्व रिकॉर्ड को बनाने के पीछे महीनों की तैयारी और हजारों हाथों का सामूहिक श्रम शामिल है। रविवार की सुबह से ही डोमरी में भारी उत्साह का माहौल रहा। इस महाभियान में बड़ी संख्या में स्कूल-कालेजों के अलावा कई संस्थाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। भारतीय सेना के 39 जीटीसी, 34 जीटीसी, 39 जीआर, और 137 सीएफटीएफ (टीए) के जवानों ने अनुशासन की मिसाल पेश की। वहीं एनडीआरएफ, सीआरपीएफ, नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) और उत्तर प्रदेश पुलिस की 36वीं व 39वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने पूरी ऊर्जा के साथ पौधरोपण किया। नमामि गंगे, उत्तर प्रदेश वन विभाग, कृषि विभाग, डूडा और नगर निगम की टीमों ने तकनीकी प्रबंधन और सिंचाई की व्यवस्था संभाली। काशी विद्यापीठ, यूपी कालेज, देहरादून पब्लिक स्कूल, मुकुलारेंडम स्कूल के हजारों छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम को एक जन-आंदोलन में बदल दिया।




# संजू ने भारत को दिया होली का उपहार

## वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में टीम इंडिया, 5 को इंग्लैंड से फाइनल के लिए मुकाबला

एजेंसी



कोलकाता। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब टीम 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। संजू सैमसन ने 97 रन की नाबाद पारी खेलते हुए भारत को होली का शानदार उपहार दिया। भारत ने सुपर-8 के आखिरी मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर अंतिम-4 का टिकट पक्का किया। संजू सैमसन ने सबसे ज्यादा नाबाद 97 रन बनाए। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। रोस्टन चेज (40) और जेसन होल्डर (नाबाद 37) ने अहम योगदान दिया, जबकि जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट झटके। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत डगमगाई। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन 10-10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तिलक वर्मा ने 15 गेंदों पर 27 रन बनाए, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंदों में 18 रन जोड़े।

भारत को टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ 196 रन का टारगेट चेज करना होगा। टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही कैरेबियाई टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। जवाबी पारी में भारतीय टीम ने 4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 37 रन बना लिए हैं। संजू सैमसन और ईशान किशन क्रीज पर हैं। अभिषेक शर्मा 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तीसरे ओवर की आखिरी बॉल पर अकील हुसैन ने शिमरोन हेटमायर के हाथों कैच कराया। विंडीज ने आखिरी 5 ओवर में 70 रन बनाए एक समय 15 ओवर में कैरेबियाई टीम का स्कोर 125/4 था। टीम ने आखिरी के 5 ओवर में 70 रन बनाए। रोवमन पॉवेल और जेसन होल्डर ने 5वें विकेट के लिए 35 बॉल पर नाबाद 76 रन की अहम साझेदारी की। कप्तान शाई होप और रोस्टन चेज ने 53 बॉल पर 68 रन जोड़े। रोस्टन चेज ने 40 और जेसन होल्डर ने नाबाद 37 रन बनाए। क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे टी20 वर्ल्ड कप टूनार्मेंट के दौरान दैनिक भास्कर के खास गेम 'सुपर ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूनार्मेंट का टॉप स्कोरर बनिए। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर अकील हुसैन ने अभिषेक शर्मा कैच आउट कराया। अकील ने बैक ऑफ लेंथ डिलिवरी डाली। अभिषेक ने छक्का लगाने की कोशिश की, लेकिन गेंद हवा में उठ गई और हेटमायर ने कैच पकड़ लिया। इससे पहले इस ओवर में संजू सैमसन ने दो छक्के लगाए थे। इस ओवर में 17 रन बने। भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ने पहले ओवर में 5 रन बनाए। अकील हुसैन के इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। दूसरे ओवर में मैथ्यू फोर्ड की बाउंसर अभिषेक के हेलमेट पर लगी। कन्कशन नियम के चलते मैच कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। इस दौरान फिजियों ने अभिषेक का परीक्षण किया। जसप्रीत बुमराह ने कैरेबियाई पारी के आखिरी ओवर में 14 रन दिए। उनकी पहली बॉल पर जेसन होल्डर ने छक्का लगा। फिर पॉवेल ने चौथी बॉल पर चौका लगाया। इन 14 रन के सहारे वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 195 रन तक पहुंचने में कामयाब रही। 19वें ओवर में अभिषेक शर्मा से दूसरा कैच ड्रॉप किया। इस बार रोवमन पॉवेल को जीवनदान मिला। अभिषेक ने पहला कैच रोस्टन कैच का पावरप्ले के अंदर छोड़ा था। 18वां ओवर डाल रहे जसप्रीत बुमराह ने 12 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में दो चौके पड़े। बाकी के रन सिंगल-डबल के जरिए आए। इसी ओवर में रोवमन पॉवेल ने जेसन होल्डर के साथ 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की। 17वें ओवर में वेस्टइंडीज ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। वरुण चक्रवर्ती की पहली सिंगल लेकर टीम का 150 रन बनाया। इस ओवर की तीसरी बॉल पर जेसन होल्डर ने छक्का मारा। इस ओवर से 14 रन आए। 16वें ओवर में रोवमन पॉवेल ने अर्शदीप सिंह की बॉल पर 98 मीटर का छक्का लगाया।

उन्होंने क्रॉस सीम पर मिडविकेट के ऊपर छक्का लगाया। उन्होंने 5वीं बॉल पर फ्लिक करके एक और छक्का लगाया। आखिरी बॉल पर चौका भी लगा। इस ओवर से 24 रन आए। 15वें ओवर की पहली बॉल पर हार्दिक पंड्या ने शेरफन रदरफोर्ड (14 रन) को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। ओवर की आखिरी बॉल पर जेसन होल्डर ने बॉलर के सिर के ऊपर से 85 मीटर छक्का लगाया। पंड्या ने इस ओवर में 6 रन ही खर्च किए। 14वें ओवर की पहली बॉल पर रोवमन पॉवेल अंपायर्स कॉल पर छइह होने से बच गए। वरुण चक्रवर्ती की बॉल उनके पैड पर लगी। लेकिन, फील्ड अंपायर ने इसे नकार दिया। भारतीय कप्तान ने रिव्यू मांगा। वीडियो से पता चला कि बॉल का कुछ ही हिस्सा स्टंप पर लग रहा था। 13वें ओवर की शुरूआत रदरफोर्ड ने छक्के के साथ की। अक्षर ने फ्लैट डिलीवरी डाली, जिसे रदरफोर्ड ने मिड विकेट पर सिक्स लगाया। तिलक ने कैच पकड़ने के लिए छलांग लगाई, लेकिन गेंद पर उनकी उंगली छूकर बाउंड्री के बाहर चली गई। अक्षर के ओवर में 10 रन बने। 12वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने शिमरोन हेटमायर और रोस्टन चेज को पवेलियन भेजा। बुमराह ने ओवर की तीसरी गेंद पर हेटमायर को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। इसके बाद 5वीं गेंद पर भी रोस्टन चेज को सूर्या के हाथों कैच आउट कराया। 12 ओवर में वेस्टइंडीज ने 103 रन पर 3 विकेट गंवा दिया है।

# गुकेश को प्राग शतरंज महोत्सव में नवारा ने बराबरी पर रोका



प्राग (चेक गणराज्य)। विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं। प्रतियोगिता में अब जब पांच दौर का खेल बाकी है तब वान फोरेस्ट तीन अंक के साथ शीर्ष पर हैं। अब्दुसत्तोरोव और नवारा के ढाई अंक हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे याकुबोएव, केमर और गुइजारो हैं। चिदंबरम, गुकेश, नीमैन और माघसूदलू के डेढ़ अंक हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने शीर्ष पर चल रही चेक गणराज्य की वेनक्लाव फिनेक को बराबरी पर रोका जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने मेजबान देश के स्टीफन हर्बेक से ड्रॉ खेला। दिव्या के डेढ़ जबकि गांगुली का एक अंक है। फिनेक के तीन अंक हैं। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं। प्रतियोगिता में अब जब पांच दौर का खेल बाकी है।

## चंडीगढ मैराथन में 3500 धावकों ने भाग लिया

चंडीगढ। इथियोपिया के ओल्बाना एन येडेट और मेस्केरेम तेस्फाये फिकाडू ने चंडीगढ इंटरनेशनल मैराथन में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में फुल मैराथन जीती जबकि 3500 धावकों ने इसमें भाग लिया। हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) में भारत के हरमनजोत सिंह और इथियोपिया की टीसेहे डेसालेन ने क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में खिताब जीते। दस किलोमीटर में साहिल कपूर ने पुरूष वर्ग में और सोनिया ने महिला वर्ग में जीत दर्ज की।

## संक्षेप

### लुकाकू के गोल से नेपोली ने जीत का इंतजार किया खत्म

मिलान। रोमेलु लुकाकू ने शनिवार को यहां हेलास वेरोना के खिलाफ मैच की आखिरी किक पर सत्र का अपना पहला गोल किया जिससे नेपोली का जीत का इंतजार खत्म हुआ। सत्र से पूर्व लगी जांघ की गंभीर चोट के कारण अब तक सत्र में सिर्फ 41 मिनट खेलने वाले लुकाकू ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके नेपोली को अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रहे हेलास वेरोना पर 2-1 से जीत दिलाई। लुकाकू ने अपना पिछला गोल पिछले साल 23 मई को किया था जिसके बाद कुछ महीने उनके लिए बहुत बुरे बीते। जांघ में चोट लगने के कुछ समय बाद सितंबर 2025 में 58 साल की उम्र में उनके पिता का अचानक निधन हो गया। यह नेपोली की सभी प्रतियोगिताओं में चार मैच में पहली जीत थी। गत सीरी ए चैंपियन टीम अभी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर है और शीर्ष पर चल रहे इंटर मिलान से 14 अंक पीछे है जिसने जिनोआ को 2-0 से हराया।

### शाइना मनीमुथु ने जीता कांस्य पदक

नयी दिल्ली। भारत की उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी शाइना मनीमुथु ने डच जूनियर इंटरनेशनल में कांस्य पदक जीता। बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में अंडर 15 लड़कियों के वर्ग में चैम्पियन रही शाइना सेमीफाइनल में चीन की यि किंग यिन से 17.21, 8.21 से हार गई। शाइना ने सेमीफाइनल तक के सफर में अपने से उंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को हराया था।

### क्रिकेट के भगवान का शुक्रिया विदाई का यह अच्छा तरीका : हीली

होबार्ट। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी मैच में 158 रन की शानदार पारी खेलकर विश्व चैंपियन भारत पर 185 रन की जीत से वनडे से शानदार विदाई लेने के बाद क्रिकेट के भगवान का शुक्रिया अदा किया। पैंतीस साल की हीली के लिए यह किसी परीकथा जैसा आखिरी पल था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गई हीली ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम कितना अजीब खेल खेलते हैं कि यह आपको इतनी बार नीचे गिरा सकता है।

# दुबई हवाई अड्डे के पास धमाके से सिंधू व कोच डरे



दुबई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को तनावपूर्ण और डरावना बताया क्योंकि जहां वह और उनके कोच रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सिंधू ने कहा कि यह स्थिति हर घंटे और डरावनी होती जा रही थी।

सिंधू को तीन मार्च से शुरू होने वाली ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है और वह शनिवार से अपने इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ दुबई हवाई अड्डे पर फंसी हुई हैं। सिंधू ने एक्स पर लिखा, कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ। मेरे कोच को जल्दी से उस जगह से भागना पड़ा क्योंकि वह धुएं और मलबे के सबसे करीब थे। यह हम सभी के लिए बहुत तनावपूर्ण और डरावना पल था। हालांकि पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पुष्टि की कि वह और उनका सहयोगी स्टाफ सुरक्षित है और उन्हें एक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है।

उन्होंने कहा, हम सभी अब सुरक्षित हैं और दुबई हवाई अड्डे के कर्मचारियों और दुबई के अधिकारियों की लगातार कोशिशों की वजह से हमें अधिक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। सिंधू ने इस मुश्किल समय में मदद के लिए दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत का भी शुक्रिया अदा किया।

## जयसूर्या टीम के कोच का पद से देंगे इस्तीफा

कोलंबो। सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की हार के बाद जयसूर्या ने संवाददाताओं से कहा, मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा। पद छोड़ने के अपने फैसले को लेकर मैं श्रीलंका क्रिकेट से बात करूंगा। एकदिवसीय विश्व कप 1996 में श्रीलंका की खिताबी जीत के दौरान टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे जयसूर्या ने कहा हमें बेहतर करना चाहिए था, मुझे दुख है और मैं प्रशंसकों से माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि वानिंदु हसरंगा, मथीशा पथिराना और कुसाल मेंडिस की चोटों से श्रीलंका को काफी नुकसान हुआ।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को किया क्लीन स्वीप

एजेंसी

होबार्ट। कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की। पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी।

**हीली ने शतक से वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा**



हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे। वोल ने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि मूनी की पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। अनाबेल सदरलैंड (23) और निकोला कैरी (15 गेंद में से 34 रन) ने आखिर में तेजी से रन बनाए। भारत के लिए स्नेह राणा (66 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट लिए। श्री चरणी (106 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 100 से अधिक रन लुटाने वाली सिर्फ तीसरी गेंदबाज बनीं। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। उप कप्तान और फॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना खाता भी नहीं खेल सकीं और दूसरे ओवर में आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं।

जिसके बाद प्रतिका रावल (27) और जेमिमा रोड्रिग्स (42) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। लेकिन आठवें ओवर में प्रतिका के आउट होने के बाद मुश्किलें बढ़ गईं। रोड्रिग्स नौ बाउंड्री लगाकर अच्छा खेल रही थी लेकिन वह आउट होने वाली अगली खिलाड़ी रहीं। हरलीन देओल (14) भी कोई खास योगदान नहीं दे पाईं।

## दबाव में सही फैसले नहीं लिए : सलमान

पाल्लेकल (श्रीलंका)। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। लेकिन यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने शनिवार रात को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। लेकिन आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया। उन्होंने कहा, हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा, हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे। उन्होंने कहा कि दबाव की स्थितियों में फैसले लेना पाकिस्तान के लिए एक बड़ी समस्या थी जिसे आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर नतीजों के लिए सुलझाना होगा।

# द. अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया



एजेंसी

नयी दिल्ली। कप्तान सिकंदर रजा (73 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला खेल के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के औपचारिकता वाले मुकाबले में रविवार को यहां पांच विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अब तब सभी मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी दक्षिण अफ्रीका की टीम इस जीत से सुपर आठ के ग्रुप एक में शीर्ष पर रही जबकि शुरुआती ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाला जिम्बाब्वे सुपर आठ में जीत का खाता खेलने में नाकाम रहा। रजा की 43 गेंद में आठ चौके और चार छक्के समेत 73 रन की पारी के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 153 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका टीम अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए कोलकाता जायेगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (16 गेंद में 22 रन) के साथ 25 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। रेयान रिकल्टन ने 22 गेंद में चार छक्के की मदद से 31 का योगदान दिया। जॉर्ज लिंडे (21 गेंद में नाबाद 30) और ट्रस्टिन स्टब्स(24 गेंद में नाबाद 21) ने छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। जिम्बाब्वे के लिए रजा ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिये। रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाये। जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली।

## एएफसी ने चैंपियन्स लीग के मैच किये स्थगित

कुआलालंपुर। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस हफ्ते पश्चिम एशिया में होने वाले महाद्वीपीय क्लब चैंपियनशिप प्ले ऑफ मुकाबलों को स्थगित कर दिया है। एशियाई फुटबॉल की संचालन संस्था ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि पश्चिम क्षेत्र में सोमवार और मंगलवार को होने वाले एएफसी चैंपियन्स लीग एलीट राउंड आफ 16 मुकाबलों के कार्यक्रम को फिर से तय किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार को होने वाले एफससी चैंपियंस लीग दो और एएफसी चैलेंज लीग क्वार्टर फाइनल मुकाबले भी स्थगित किए जाएंगे। कोई नई तारीखें तय नहीं की गई हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सऊदी क्लब अल नासर एशियाई चैंपियन्स लीग दो प्रतियोगिता में शामिल है। आयोजकों ने कहा कि पूर्व क्षेत्र में एएफसी की सभी महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के मैच तय समय पर होंगे। एएफसी ने बयान में कहा, एएफसी इस तेजी से बदलती स्थिति पर करीब से नजर रखेगा और सभी खिलाड़ियों, टीम, अधिकारियों और प्रशंसकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पक्का इरादा रखता है।

# हॉकी इंडिया विश्व कप क्वालीफायर टीम घोषित

एजेंसी



हैदराबाद। अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि **हॉकी** इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है। मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं।

टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था। अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी।

सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी रक्षा पंक्ति में शामिल हैं जबकि कैप्टन सलीमा, नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल और दीपिका सोरेंग मिडफील्ड की जिम्मेदारी संभालेंगी। अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू को जगह मिली है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, हम एक साथ अपने पहले टूर्नामेंट को लेकर उत्सुक हैं। हम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रहे हैं जिससे कि टीम में हर कोई अपने काम और भूमिका को समझ सके। हम आगे के मुकाबलों के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेंगे।

भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद नौ मार्च और 11 मार्च को क्रमशः स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगी।

# नागरिक अधिकारों का हनन कर रहे घुसपैठिये

## प. बंगाल की मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों के नाम हटाये गये : नितिन नवीन

एजेंसी

कूच बिहार। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों के नाम हटाये गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है। नवीन का यह बयान पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद आया है, जिसमें 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

कूच बिहार में पार्टी की परिवर्तन यात्रा को रवाना करने से पहले आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने दावा किया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे घुसपैठिए थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। उन्होंने कहा, मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों के नाम हटाए गए हैं। ये घुसपैठिए न केवल वैध नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे थे। नवीन ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर अवैध प्रवासियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने साथ ही बनर्जी पर यह आरोप भी लगाया कि उन्होंने फर्जी दस्तावेज प्राप्त करने में मदद करके घुसपैठियों को



संरक्षण प्रदान किया है। नवीन ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया, क्योंकि वे उनकी पार्टी का वोट बैंक हैं। इन घुसपैठियों के लिए आप आधी रात को भी अदालतों का रुख करते हैं। फिर, जब महिलाओं को अपमान का सामना करना पड़ता है, तो आप नजरें चुरा लेते हैं। उन्होंने कहा, घुसपैठियों को हमारा संदेश है कि अब उन्हें बंगाल की धरती से बाहर निकाले जाने का समय आ गया है। हमें न केवल घुसपैठियों को बाहर निकालना है, बल्कि एक ऐसी निर्णायक सरकार भी बनानी होगी जो यहां के लोगों को विकास से जोड़ सके।

भाजपा अध्यक्ष नवीन ने आरोप लगाया कि राज्य में कई केंद्रीय योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा जिन योजनाओं को ममता दीदी यहां सौतेले व्यवहार से लागू करती हैं, उन्हें हम यहां हर हाल में लागू करेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। सत्ता में आने से पहले तृणमूल कांग्रेस द्वारा इस्तेमाल किए गए नारे मां, माटी, मानुष का हवाला देते हुए, नवीन ने आरोप लगाया कि सोनार बांग्ला का वादा पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, ममता दीदी, क्या यही वह सोनार बांग्ला का सपना है जो आपने दिखाया था, जहां केवल भ्रष्टाचार, अराजकता और जनता का शोषण है? जिन युवाओं को आईटी हब देखना था, वे अब असामाजिक गतिविधि देख रहे हैं। जहां विकास होना चाहिए था, वह घोटालों का अड्डा बन गया हैै। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य सरकार को जवाबदेह ठहराना है। नवीन ने सांस्कृतिक और धार्मिक मुद्दों को लेकर भी राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर हमला किया। उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा, काली पूजा करने के लिए हमें अदालत से अनुमति लेनी पड़ती है, लेकिन नमाज अदा करने पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है।

# राष्ट्रपति मुर्मू बसों में महिलाओं के मुफ्त सफर के लिए पिंक कार्ड परियोजना की करेंगी शुरुआत

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार सोमवार को पिंक नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) योजना की शुरुआत करेगी। इस पहल का उद्देश्य राजधानी में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा प्रदान करना और एक ही स्मार्ट कार्ड के माध्यम से कई सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करना है। एक बयान के अनुसार, इस योजना की औपचारिक शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली नाम के कार्यक्रम में की जाएगी। इसी कार्यक्रम में राष्ट्रपति होली व दिवाली के अवसर पर दिल्ली के सभी राशन कार्ड धारक परिवारों को प्रतिवर्ष दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर प्रदान करने की योजना की भी औपचारिक शुरुआत करेंगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार, यह सुविधा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रदान की जाएगी। बयान के मुताबिक, एक एलपीजी सिलेंडर की मौजूदा कीमत के बराबर राशि उस परिवार के मुखिया के आधार से जुड़े बैंक खाते में जमा की जाएगी, जिसके नाम पर राशन कार्ड जारी किया गया है। बयान में बताया गया कि इस योजना से लगभग 15 लाख राशन कार्ड धारक परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिससे खाना पकाने के ईंधन के खर्च का बोझ कम होगा और परिवार सम्मान व आराम से त्यौहार मना



सकेंगे। रेखा गुप्ता ने कहा कि पिंक कार्ड से दिल्ली की महिला निवासियों को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा मिलेगी, साथ ही इसका उपयोग मेट्रो, क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सशुल्क यात्रा के लिए भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ और डिजिटल बनाना है।

## संक्षेप

### खामेनेई की मौत पर दुनियाभर के नेताओं ने दी सधी हुई प्रतिक्रिया

ब्रसेल्स। यह कब तक चलेगा? क्या यह और बढ़ेगा? ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर और ईरान के साथ जारी टकराव का हम पर और दुनिया की सुरक्षा पर क्या असर पड़ेगा? शनिवार को ये सवाल पश्चिम एशिया और दुनियाभर के लोगों की जेहन में छाए रहे।

हालांकि, अमेरिका-इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों को लेकर अंतरराष्ट्रीय नेताओं ने संयमित प्रतिक्रिया दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ घंटे पहले खोमेनेई की मौत की घोषणा करते हुए कहा कि इससे ईरानियों को अपने देश की बागडोर अपने हाथों में वापस लेने का सबसे बड़ा मौका मिला है। ईरान के सरकारी मीडिया ने रविवार तड़के 86 वर्षीय नेता की मौत की पुष्टि की लेकिन मौत की वजह नहीं बताई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने आपात बैठक बुलाई है। वहीं, एक बयान में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका-ईरान से फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है।

# खामेनेई के मारे जाने के विरोध में प्रदर्शन कश्मीर में स्कूल व कॉलेज दो दिन तक बंद

एजेंसी




श्रीनगर। अमेरिकी और इजराइल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के विरोध में घाटी में हुए प्रदर्शनों के मद्देनजर एहतियात के तौर पर कश्मीर में सोमवार से दो दिन तक स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खामेनेई के मारे जाने के विरोध में रविवार को श्रीनगर शहर समेत कश्मीर के कई हिस्सों में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। उन्होंने बताया कि ये प्रदर्शन उन इलाकों में भड़क उठे, जहां शिया आबादी अधिक है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां बताया, कश्मीर मंडल में सरकारी और निजी दोनों प्रकार के स्कूल और कॉलेज सोमवार और मंगलवार को बंद रहेंगे।

# तृणमूल कांग्रेस के घुसपैठियों की मदद करने से पश्चिम बंगाल के मूल निवासी अल्पसंख्यक बन जायेंगे : नड्डा

एजेंसी

कृष्णानगर। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर घुसपैठियों की मदद करने का आरोप लगाते हुए रविवार को दावा किया कि इसके कारण पश्चिम बंगाल के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। नड्डा ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य को घुसपैठियों का केंद्र



बनाने की कोशिश कर रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में परिवर्तन यात्राएं निकालीं जिनमें से एक को कृष्णानगर से रवाना किया गया। उन्होंने बनर्जी सरकार के कार्यकाल में राज्य में कानून-व्यवस्था नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी का मतलब टेरर, मुस्लिम अपीजमेंट एवं करप्शन (आतंक, मुस्लिम तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार) है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि तृणमूल सरकार ने राज्य में आयुष्मान भारत योजना को लागू नहीं होने दिया जिससे करीब 40 लाख परिवार पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज से वंचित रह गए। उन्होंने कहा, यहां सत्ता में आने के तुरंत बाद हम बंगाल में आयुष्मान भारत लागू करेंगे।

# प्रियंका गांधी ने मलप्पुरम में कुम्हारों के गांव का किया दौरा और कारीगरों से बातचीत की

मलप्पुरम (केरल)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने नीलांबुर के पास कुम्हारों के गांव के नाम से मशहूर कुम्बारा का दौरा किया और कारीगरों और उनके परिवारों से बातचीत की।

प्रियंका गांधी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस दौरे का एक वीडियो रविवार को साझा किया। वाद्रा वायनाड लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसमें मलप्पुरम जिले का नीलांबुर क्षेत्र भी शामिल है। वह तीन दिवसीय दौरे पर इस निर्वाचन क्षेत्र में थीं। वीडियो में, वाद्रा कुम्बारा को एक विरासत गांव के रूप में बढ़ावा देने और कारीगरों को उनके मिट्टी के बर्तनों के विपणन और बिक्री में सहायता करने के बारे में बात करती हुई सुनाई दे रही हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वायनाड में नीलांबुर के सदियों पुराने कुम्हारों के गांव जैसे कई अनमोल रत्न छिपे हुए हैं। उन्होंने कहा, उनकी कारीगरी की गुणवत्ता पीढ़ियों से चली आ रही शिक्षा और कौशल के हस्तांतरण का प्रमाण है, जो हमारी विरासत के लिए अत्यंत मूल्यवान है।

# भाजपा की उलटी गिनती शुरू : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत द्वारा आबकारी नीति मामले में आरोपमुक्त किए जाने के 48 घंटे बाद, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता से बाहर जाने की उलटी गिनती शुरू हो गई है। यहां जंतर-मंतर पर पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने प्रधानमंत्री और शाह पर आबकारी नीति मामले में उन्हें फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अदालत ने अपने हालिया ऐतिहासिक फैसले में साबित कर दिया है कि वहै कट्टर ईमानदारै व्यक्ति हैं। दिल्ली की एक अदालत ने दो दिन पहले ही



कथित आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को बड़ी राहत प्रदान की। कई राज्यों से आए पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री को हर किसी से डर लगता है। उन्होंने कहा कि जब एक तानाशाह डरता है, तो यह उसके शासन के अंत का संकेत होता है। केजरीवाल ने कहा, उन्होंने सोनम वांगचुक को जेल भेज दिया, जो एक बड़े वैज्ञानिक हैं और बच्चों की शिक्षा के लिए काम कर रहे थे।

मोदी जी एक दिन संसद नहीं गए, उन्हें डर था कि महिला सांसद उनपर हमला कर सकती हैं। वह ट्रम्प से भी डरते हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के 12 वर्षों के शासन में सभी क्षेत्रों का बुरा हाल हो गया है और सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति खराब हो गई है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत दृष्टिकोण पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि लोग रहने योग्य भारत चाहते हैं और उन्होंने मोदी द्वारा संबोधित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम पर भी तंज कसते हुए कहा कि उन्हें नाटक बंद करना चाहिए और परीक्षाओं में पेपर लीक को रोकने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# विधायक समेत 700 से अधिक यात्री यूएई में फंसे

एजेंसी

इंदौर। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उड़ानें रद्द होने के बाद मध्यप्रदेश के दो पूर्व विधायक समेत राज्य के 700 से ज्यादा यात्री संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में फंस गए हैं। ट्रेवल एजेंटों के एक संगठन के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह दावा किया। ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की मध्यप्रदेश इकाई के चेयरमैन अमोल कटारिया ने पीटीआई-भाषा को बताया, फिलहाल प्रदेश के 700 से ज्यादा यात्री यूएई में फंसे हुए हैं। ये लोग पर्यटन और कारोबार के लिए वहां गए थे। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के हालात के मद्देनजर प्रदेश के कई लोगों ने दुबई और शारजाह के अपने हवाई टिकट रद्द कराते हुए आगामी दिनों में यात्रा का कार्यक्रम निरस्त कर दिया है।

दुबई में फंसे यात्रियों में इंदौर-। क्षेत्र के पूर्व विधायक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता संजय शुक्ला शामिल हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण दुबई का हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद होने से हमारी आज (रविवार) भारत वापसी संभव नहीं हो सकी है। इस दौरान दुबई के प्रशासन और भारत सरकार द्वारा हमें पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। परिस्थितियां सामान्य होते ही हम शीघ्र इंदौर लौटेंगे।

बाद में शुक्ला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी जारी किया जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनकी आंखों के सामने एक धमाका हुआ है। इस वीडियो में शुक्ला से काफी दूरी पर स्थित एक इमारत से गहरा काला धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है। पूर्व विधायक ने वीडियो में कहा, यहां (दुबई) हालात बहुत खराब हो चुके हैं। आप देखिए कि अभी मेरे सामने बम गिरा है। पूरा यातायात बंद है। यहां लोगों को सचेत करते हुए कहा जा रहा है कि वे अपने कमरे में रहें। शुक्ला ने दुबई में फंसे हुए भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद की अपील भी की और बताया।

# संगीत लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है : उपराष्ट्रपति

त्रिशूर (केरल)। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत में संगीत एक ऐसा शक्तिशाली सूत्र है, जो लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने यहां नादतारा में कुरियाकोस इलियास सर्विस सोसाइटी की पहल गणाश्रम (संगीत-आध्यात्मिक केंद्र) के शिलान्यास समारोह में यह बात कही। राधाकृष्णन ने कहा, भारत की अपनी समृद्ध संगीत परंपरा है, जो हजारों साल पुरानी है। भारत का संगीत एक आध्यात्मिक सफर, ध्यान, प्रार्थना और जीवन का उत्सव है। संगीत लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने कहा कि भारत की बात करते समय हम एक प्राचीन सभ्यता की बात करते हैं, जिसकी आत्मा संगीत में अपनी शुद्धतम अभिव्यक्ति पाती है। उन्होंने कहा, वेदों के स्तोत्रों से लेकर संतों की भावपूर्ण अभिव्यक्तियों तक, संगीत हमारी सभ्यता में पवित्र गंगा की तरह बहता रहा है। उन्होंने कहा कि सामवेद के मंत्र दुनिया में व्यवस्थित संगीत के शुरुआती आधारों में से हैं। उन्होंने कहा, चोल राजाओं द्वारा निर्मित मंदिरों में प्राचीन दक्षिण भारत की संगीत संस्कृति के जीवंत प्रमाण मिलते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भारत की संगीत विरासत अत्यंत प्राचीन है। उन्होंने कहा कि भारत में संगीत परंपराओं की बड़ी विविधता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर की हिंदुस्तानी और दक्षिण की कर्नाटक शास्त्रीय परंपराएं ध्वनि की गहन प्रणालियां हैं, जिन्हें सदियों से महान गुरुओं ने समृद्ध किया है। उन्होंने कहा, त्यागराज की अमर रचनाएं आज भी मन में नयी उमंग भर देती हैं। तानसेन की प्रतिभा इतिहास में गूंजती है। एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी के अलौकिक स्वर भारतीय संगीत को वैश्विक मंच तक ले गए, जबकि रवि शंकर के सितार ने दुनिया भर के लोगों को मंत्रमुग्ध किया।




# सेमीकॉन 2.0 डीप-टेक स्टार्टअप को बढ़ावा देगा डिजाइन पारिस्थितिकी का निर्माण करेगा : वैष्णव

एजेंसी

गांधीनगर। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार का सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 डीप-टेक स्टार्टअप को मजबूत करने, डिजाइन पारिस्थितिकी के निर्माण को प्राथमिकता देने और देश में उपकरण निर्माण एवं डिजाइन सुविधाएं स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यहां गुजरात सेमीकनेक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 20 लाख प्रतिभाओं की कमी छात्रों के लिए अपार अवसर पैदा करेगी।



उन्होंने कहा, सेमीकॉन 2.0, सेमीकॉन 1.0 के बिल्कुल विपरीत होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करना था। हमने वह हासिल कर लिया है। हमारे पास 10 संयंत्र हैं, जिनमें से पहले संयंत्र में कल से व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो गया है। बहुत जल्द दूसरा संयंत्र भी व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर देगा। वैष्णव ने कहा कि भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण सेमीकॉन 2.0 की सर्वोच्च प्राथमिकता एक डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा, ताकि डीप-टेक स्टार्टअप को अगला क्वालकॉम, ब्रॉडकॉम या एनवीडिया विकसित करने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा, और यह आसान सफर नहीं होने वाला हैअ यह एक बहुत बड़ा काम होने वाला है और हम इसकी जटिलता को समझते हैं। इसीलिए हम इसके बारे में बहुत यथार्थवादी और व्यावहारिक हैं। वैष्णव ने बताया कि 20 साल की इस यात्रा की नींव को मजबूत बनाने के लिए देश में सामग्री, मशीन, उपकरण, परीक्षण और सत्यापन की एक सुस्थापित प्रणाली का होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रतिभा, जो कि सेमीकॉन 1.0 में एक बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है, सेमीकॉन 2.0 में भी एक प्राथमिकता बनी रहेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पहले संस्करण में हमने वादा किया था कि 10 वर्षों में 85,000 इंजीनियरों को सेमीकंडक्टर डिजाइन में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह लक्ष्य हमने मात्र चार वर्षों में ही हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर क्षेत्र 800-900 अरब डॉलर से बढ़कर एक हजार अरब डॉलर का उद्योग बनने जा रहा है, ऐसे में दूसरे चरण में पैदा होने वाली 20 लाख प्रतिभाओं की कमी छात्रों के लिए अवसर पैदा करेगी। वैष्णव ने कहा हम इसके लिए तैयार हैं। सेमीकंडक्टर 1.0 में 350 विश्वविद्यालयों से शुरू करके हम इसे 500 विश्वविद्यालयों तक ले जाएंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K